You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-32 ❑ शुक्रवार, 28 फरवरी 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




देश के आजाद होने पर स्वर्गीय नेहरू और कांग्रेस ने पश्चिम के सिद्धांतों के हिंदीकरण से देश की नीतियां बनाईं, लेकिन नानाजी देशमुख और पंडित दीदयाल उपाध्याय ने उस समय भी एकात्म मानववाद जैसे सिद्धांत प्रस्तुत कर सर्वश्रेष्ठ भारत की कल्पना को प्रतिपादित किया। अमित शाह


चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ है : ज्ञानेश 11

महाकुंभ में विश्व ने भारतीय संस्कृति की दिव्यता को देखाः केशव प्रसाद मौर्य 12


# महाकुम्भ में आस्था और आर्थिकी का विजन साकार हुआ : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर गुरुवार को डिजिटल मीडिया सेंटर में मीडियाकर्मियों के साथ संवाद किया और महाकुम्भ को वैश्विक इवेंट बनाने में मीडिया की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि वास्तव में महाकुम्भ प्रयागराज एक वैश्विक इवेंट बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप यह कार्य करने में हमें जो सफलता प्राप्त हुई है उसे देश और दुनिया तक आपने पहुंचाया है, इसके लिए आपको हृदय से धन्यवाद करता हूं। सीएम योगी बोले कि मैं देख रहा था कि दिन हो या रात्रि, सुबह हो या शाम, शीत लहरी हो या भीषण धूप, लेकिन अनवरत रूप से कोई चल रहा था तो वह मीडिया था। या तो मां गंगा की धारा चल रही थी या फिर मीडिया चलता था और सकारात्मक रूप से आपकी जो भूमिका थी उसके चलते महाकुम्भ प्रयागराज नए रिकॉर्ड बनाने के लिए अग्रसर हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष एक लघु फिल्म भी दिखाई गई, जिसके बोल थे महाकुम्भ एक याद बन गया। इस फिल्म में महाकुम्भ की स्मृतियों को संजोया गया।

संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्था और आर्थिकी का जो विजन प्रधानमंत्री ने दिया है वह यहां साकार होता दिखाई दिया। उत्तर प्रदेश में स्पिरिचुअल टूरिज्म का भी पोटेंशियल है और यह प्रदेश ने साबित किया। गत वर्ष ही उत्तर प्रदेश में 65 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक विभिन्न तीर्थस्थलों पर आए थे। वे अयोध्या धाम आए थे, काशी आए थे, मथुरा-वृंदावन आए थे, प्रयागराज आए थे, चित्रकूट आए थे, मां विंध्यवासिनी के धाम आए थे, गोरखपुर आए, शुकतीर्थ आए, नैमिषारण्य आए। अकेले प्रयागराज में 45 दिन में 66 करोड़ 30 लाख पर्यटक और श्रद्धालु आ चुके हैं, यानी नए-नए रिकॉर्ड बनते दिखाई दे रहे हैं। प्रयागराज महाकुम्भ ने उत्तर प्रदेश के अंदर पांच स्पिरिचुअल टूरिज्म के डेस्टिनेशन उपलब्ध करवा दिए हैं। प्रयागराज से मिर्ज़ापुर और काशी का एक, प्रयागराज से अयोध्या और गोरखपुर का दो, प्रयागराज से लालपुर, राजापुर, चित्रकूट का तीन, प्रयागराज से लखनऊ और नैमिषारण्य का चार और प्रयागराज से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे व आगरा होते हुए मथुरा-वृंदावन का पांच। इन पांचों तीर्थ में पिछले डेढ़ महीने से अधिक समय से लाखों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद हैं। इन 45 दिनों में 100 देशों का प्रतिनिधित्व प्रयागराज में हुआ है, जिसमें 74 देशों के एंबेसडर और हाई कमिश्नर यहां आए थे, 12 देश के मंत्री या राष्ट्राध्यक्ष की उपस्थिति भी रही थी और अन्य देशों से श्रद्धालुजन भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने थे। यह सभी आपको कवर करने का अवसर प्राप्त हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के पूरे आयोजन में सभी निर्माण कार्यों के लिए डबल इंजन की सरकार ने मिलकर लगभग 7.30 हजार करोड़ रुपया खर्च किया, जिसमें 200 से अधिक सड़कों का निर्माण, 14 फ्लाईओवर, 9 अंडरपास, 12 कॉरिडोर बनाए गए। पहली बार प्रयागराज में कुछ ऐसा देखने को मिला जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता था। अक्षय वट कॉरिडोर, मां सरस्वती कूप कॉरिडोर, पातालपुरी कॉरिडोर, बड़े हनुमान जी कॉरिडोर, महर्षि भारद्वाज कॉरिडोर, नागवासुकि कॉरिडोर, श्रंग्वेरपुर कॉरिडोर, द्वादश माधव कॉरिडोर समेत यह अलग-अलग प्रकार के 12 कॉरिडोर प्रयागराज में विकसित हुए हैं जो टूरिज्म के दृष्टि से हर एक श्रद्धालु को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इस दौरान श्रद्धालुजनों की सुविधा के लिए प्रयागराज सिटी के अंदर हम लोगों ने लगभग एक लाख कार्मिकों को पूरी व्यवस्था से जोड़ा, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाया। सीएम योगी ने कहा कि 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक चले इस महायज्ञ के दौरान प्रयागराज एक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हुआ है। आज जो भी प्रयागराज आएगा वह प्रयागराज को देखकर अभिभूत हो रहा है। यहां की सुविधाओं, यहां के मॉडल को देखकर लोग सेल्फी ले रहे हैं। उन्होंने महाकुम्भ में तकनीक के उपयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरे मेला को फ़ेस रिकॉग्निशन से जोड़ते हुए लगभग 3000 सीसीटीवी कैमरे के साथ एआई टूल से जोड़ा गया। इसके माध्यम से एक-एक व्यक्ति के आने की सूचना और उसके चेहरे की पहचान के साथ-साथ कितने लोगों ने डुबकी लगाई, उन सबकी काउंटिंग की व्यवस्था भी हो सकी। इसके माध्यम से लखनऊ में रहते हुए भी मैं यहां की गतिविधियों को 360 डिग्री तक देख पा रहा था। यहां 15000 से ऊपर स्वच्छताकर्मी तैनाथ थे। इसके अलावा 7000 से अधिक परिवहन निगम की बसें थी 750 से अधिक शटल बसें थीं। उन्होंने बताया कि रेलवे ने लगभग 13000 मेला स्पेशल चला करके यात्रियों को सकुशल गंतव्य तक पहुंचाया। साढ़े तीन करोड़ यात्री केवल उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से प्रयागराज आए। पीडब्ल्यूडी, ● शेष पेज 11 पर




## उपलब्धि

❑ महाकुम्भ में अनवरत या तो, 'मां गंगा की धारा चलती थीं, या मीडिया चलती थी', हर विभाग ने मिलकर महाकुंभ के आयोजन को सफल बनाया

## 'महाकुम्भ सेवा मेडल' से पुरस्कृत हुए पुलिसकर्मी

❑ प्रयागराज महाकुम्भ में ड्यूटी देने वाले पुलिसकर्मियों को मिलेगा 'महाकुम्भ सेवा मेडल' और 10 हजार का स्पेशल बोनस : मुख्यमंत्री

❑ बोले- फ़ेज वाइज मिलेगी एक-एक हफ्ते की छुट्टी

❑ पुलिस, अर्धसैनिक बल, होमगार्ड, पीआरडी, जल पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी के व्यवहार की हो रही देश-विदेश में तारीफ : योगी



महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ 2025 की पूर्णाहुति के अवसर पर गुरुवार को गंगा मंडपम में आयोजित एक विशेष संवाद कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ को दुनिया का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक आयोजन करार देते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व और पुलिस बल के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। सीएम योगी ने कहा कि इस आयोजन ने आस्था और अर्थव्यवस्था के समन्वय का एक नया प्रतिमान स्थापित किया है, जिसे दुनिया ने देखा और सराहा। सीएम ने पुलिसकर्मियों के धैर्य और शालीनता की प्रशंसा की। उन्होंने घोषणा की कि महाकुम्भ में ड्यूटी देने वाले 75 हजार जवानों को 'महाकुम्भ सेवा मेडल' और प्रशस्तिपत्र दिया जाएगा। साथ ही, अराजपत्रित पुलिसकर्मियों को 10 हजार रुपये का स्पेशल बोनस और सभी को फ़ेज वाइज एक सप्ताह का अवकाश प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों से अपने संबोधन में कहा कि महाकुम्भ जैसा विशाल आयोजन एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन हमने इसे एक ऊंची चोटी तक ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### तीन हजार रुपए के लिए युवक का कत्ल

**बागपत।** उत्तर प्रदेश में बागपत के कस्बा छपरौली में महज तीन हजार रुपए के विवाद को लेकर युवक की हत्या कर दी गई और शव को तीन टुकड़ों में काटकर हिंडन नदी में बहा दिया गया। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मुख्य आरोपी ने महिला मित्र की मदद से पहले फैजल को मिलने के लिए बुलाया। महिला मित्र के घर पर फैजल को नशीली चाय पिला दी और इसके बाद दो अन्य दोस्तों की मदद से बेहोशी की हालत में हिंडन नदी के किनारे ले जाकर उसकी बुरी तरह पिटाई की। इसके बाद आरोपी ने फैजल का धारदार हथियार से गला रेत दिया। पुलिस से बचने के लिए आरोपियों ने फैजल के शरीर के तीन टुकड़े किए, जिन्हें तीन बोरियों में भरकर हिंडन नदी में बहा दिया। घटना के 12 दिन बाद गुरुवार को आखिरकार फैजल हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी परवेज और उसकी महिला दोस्त शमा,दो दोस्तों दानिश व सावेज को साजिशन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि कस्बा छपरौली के मोहल्ला कुरैशियान निवासी फैजल पानीपत में कपड़े की दुकान में काम करता था और छुट्टियों पर घर आया हुआ था। 15 फरवरी को फैजल अचानक लापता हो गया था। परिवार ने पहले खुद तलाश की लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो 21 फरवरी को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों ने पड़ोसी परवेज और उसके साथियों पर शक भी जताया था।

### 74 राजकीय महाविद्यालयों में फ्यूचर स्किल सेंटर स्थापित किए जाएंगे

**लखनऊ।** प्रदेश के 74 राजकीय महाविद्यालयों में जल्द ही फ्यूचर स्किल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इन केन्द्रों में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सहयोग से कालेजों के युवाओं को घरेलु और वैश्विक रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षित युवाओं को एनएसडीसी अपने 'जॉबएक्स नामक उन्नत रोजगार पोर्टल के माध्यम से नौकरी चाहने वाले और नियोक्ताओं को जोड़ने का काम करेगा। एनएसडीसी अन्तराष्ट्रीय स्तर भी रोजगार के अवसर तलाशेगा। कालेजों के युवाओं को बेहतर भविष्य देने के लिए उन्हें उच्च शिक्षा के दौरान ही कौशल विकास कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षित करने के लिए एनएसडीसी ने पूरे देश में वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत कालेजों में फ्यूचर स्किल सेंटर एवं अंतरराष्ट्रीय अकादमियां स्थापित की जा रही है। यूपी में भी एनएसडीसी ने प्रदेश भर के अलग-अलग जिलों के राजकीय महाविद्यालयों को इसके लिए चिन्हित किया है। प्रदेश के 46 जिलों के इन 74 महाविद्यालयों में प्रथम चरण में एनएसडीसी नए सत्र में फ्यूचर स्किल सेंटर स्थापित करने जा रहा है। इन सेंटरों में विद्यार्थियों को उनके मन के अनुरूप के अलावा उद्योगों के अनुकूल विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र की मंजूरी

एजेंसी

❑ रिपोर्ट्स में दावा-10 मार्च से होने वाले संसद सत्र में लाना संभव; विपक्ष विरोध जता चुका

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा।

जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में जेपीसी सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिंजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसी के पास भेजा गया था। इसके बाद जेपीसी ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी।



# कैग की रिपोर्ट विधान सभा की लोक लेखा समिति को प्रेषित

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी की आबकारी नीति से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को गुरुवार को लोक लेखा समिति (पीएसी) की पास भेज दिया।

विधानसभा में कैग की रिपोर्ट पर हुयी विस्तृत चर्चा के बाद श्री गुप्ता ने विपक्ष की अनुपस्थिति में इसे पीएसी के पास भेजने की घोषणा की और समिति को तीन महीने में जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा सचिवालय के सचिव को इस संबंध आवश्यक कार्यवाही को त्वरित गति से करने को कहा। उन्होंने सदन को बताया कि कैग की रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो गया है कि तत्कालीन आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने किस तरह से सरकारी राजस्व को हानि पहुंचायी है। उन्होंने कहा कि कैग रिपोर्ट में आप सरकार की गलत आबकारी नीति के कारण 2002.68 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि की बात कही गयी है, लेकिन यह घोटाला उससे भी बड़ा है। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# उच्चतम न्यायालय ने जीएसटी और सीमा शुल्क कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तारी की शक्तियों को किया स्पष्ट

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि कर अधिकारियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी और जबरदस्ती संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है, और निर्देश दिया कि अधिकारियों की प्रवर्तन कार्रवाई कानून की सीमा के भीतर रहनी चाहिए।वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम और सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तारी की शक्तियों को स्पष्ट करते हुए और एक ऐतिहासिक फैसले में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि इन कर कानूनों के अंतर्गत अधिकारी पुलिस अधिकारियों का दर्ज़ा नहीं रखते हैं और इस तर्क को खारिज कर दिया कि उन्हें ऐसा माना जाना चाहिए।पीठ ने कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) के अंतर्गत प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय इन कानूनों के अंतर्गत की गई गिरफ्तारियों पर समान रूप से लागू होंगे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें अग्रिम जमानत प्रावधान लागू होते हैं, जो लोगों को एफआईआर दर्ज होने से पहले ही न्यायपालिका से राहत मांगने की अनुमति प्रदान करते हैं।पीठ ने कहा कि जीएसटी और सीमा शुल्क कानूनों के अंतर्गत गिरफ्तारी सत्यापित सामग्री पर आधारित होनी चाहिए, न कि केवल संदेह के आधार पर। उसने कहा कि इन कानूनों के अंतर्गत अधिकारी पुलिस अधिकारी नहीं होते हैं और समान शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते हैं। गिरफ्तारी पर जीएसटी विभाग द्वारा जारी किए गए परिपत्रों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि कर भुगतान में दबाव के आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए; प्रभावित व्यक्ति न्याय के लिए अदालत जा सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी प्रावधानों में अस्पष्टता के कारण नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। और इस बात पर बल दिया कि जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत कोई निजी शिकायत नहीं हो सकती। शीर्ष अदालत ने अरविंद केजरीवाल मामले से इस सिद्धांत को लागू किया, जहां धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत गिरफ्तारी के लिए ''विश्वास करने का कारण'' होना आवश्यक है। उसने यह निर्णय दिया कि जीएसटी और सीमा शुल्क की गिरफ्तारी पर भी यही सिद्धांत लागू होता है क्योंकि संबंधित कानूनी प्रावधान लगभग समान हैं। मुख्य न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा, ''हमने माना है कि दीपल महाजन का ● शेष पेज 11 पर


महाकुंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा ब्लॉग, साझा किए अपने अनुभव

# एकता का महाकुंभ, युग परिवर्तन की आहट

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में महाशिवरात्रि के साथ संपन्न महाकुंभ पर्व की दिव्यता और भव्यता पर अपने मन के उद्गार व्यक्त करते हुए इसे युग परिवर्तन की आहट बताया है।

उन्होंने महाकुंभ पर अपने विचार को लेखबद्ध करते हुए गुरुवार को कहा है कि सहस्राब्दियों से चली आ रही महाकुंभ की यह सनातन परंपरा राष्ट्र चेतना जागृत करने वाला पर्व है। श्री मोदी ने लिखा, महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। उन्होंने कहा, ळ्यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थीं। श्री मोदी ने कहा, तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बीते 45 दिनों में प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था, संगम में स्नान! मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के 'मैनेजमेंट प्रोफ़ेशनल्स' के लिए, 'प्लानिंग' और 'पॉलिसी एक्सपर्ट्स' के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। श्री मोदी ने कहा, मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता, स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा।ळ्ळ उन्होंने कहा, ळ्मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई, लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है! उन्होंने कहा कि ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। श्री मोदी ने कहा, आध्यात्मिक क्षेत्र ● शेष पेज 11 पर



# संभल की शाही जामा मस्जिद का एएसआई करेगी सर्वेक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ रंगाई-पुताई मामले में हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में संभल की जामा मस्जिद को रमजान का महीना शुरू होने से पहले रंगाई-पुताई व मरम्मत के लिए दाखिल अर्जी पर गुरुवार को सुनवाई हुई। शुक्रवार की रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट तय करेगी कि कैसे ढांचे को नुकसान पहुंचाए बगैर रंगाई पुताई होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी की निगरानी में रंगाई पुताई हो सकती है। इसके लिए कोर्ट ने एएसआई और वैज्ञानिक के अलावा प्रशासन के एक अधिकारी की तीन सदस्यीय कमेटी बनाने को कहा है। तीन सदस्यीय कमेटी मस्जिद परिसर का निरीक्षण करेगी और यह तय करेगी कि किसी स्ट्रकचर को नुकसान पहुंचाएं रंगाई पुताई कैसे की जाए। एकोर्ट ने 3 सदस्यीय टीम को मस्जिद का दौरा कर निरीक्षण करने और कल सुबह 10 बजे तक कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को संभल की शाही जामा मस्जिद का निरीक्षण करने का निर्देश दिया ताकि रमजान महीने से पहले (स्थल पर) सफ़ेदी और सजावटी व्यवस्था की आवश्यकता का आकलन किया जा सके। कोर्ट ने एएसआई को इस संबंध में कल सुबह 10 बजे तक रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने यह आदेश शाही जामा मस्जिद, संभल की प्रबंधन समिति द्वारा दायर एक आवेदन पर पारित किया, जिसमें मस्जिद की तैयारी के काम के संबंध में उत्तरदाताओं की आपत्तियों को चुनौती दी गई थी। आपको बता दें कि 24 नवंबर की हिंसा के बाद से, कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में कड़ी निगरानी रखी है। जामा मस्जिद एएसआई के अधिकार क्षेत्र में है और इसकी संरचना ● शेष पेज 11 पर

# महाकुम्भ में लगे स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को 10 हजार रुपए अतिरिक्त बोनस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुम्भ में कार्यरत रहे स्वच्छताकर्मियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया और साथ ही मंच से ऐलान किया कि जो भी स्वच्छताकर्मी और स्वास्थ्यकर्मी महाकुम्भ के महाआयोजन में सहभागी बने, उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। यही नहीं, सीएम योगी ने यह भी ऐलान किया कि अप्रैल से प्रदेश सरकार एक कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, जिसके माध्यम से हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी और उन सभी कर्मियों को जिन्हें मिनिमम वेज नहीं मिल पाता था, उन्हें सरकार 16 हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान करेगी। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। इसके साथ ही सीएम ने यह भी कहा कि हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के माध्यम से ?500000 की स्वास्थ्य बीमा से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री के इस घोषणा का स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुए इस भव्य और दिव्य आयोजन के बाद आज आप सभी का अभिनंदन करने के लिए पूरी प्रदेश सरकार आपके बीच में है। इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान है। हमारी सरकार आपसे वादा करती है कि आपके वेलफ़ेयर के लिए हम आगे भी लगातार काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ जब कोई कार्य होता है तो उसके परिणाम ऐसे ही होते हैं जैसे प्रयागराज महाकुम्भ में आज हमको देखने को मिल रहे हैं। आज आप सबने साबित कर दिया कि अगर थोड़ी भी इच्छा शक्ति हो और सही सपोर्ट मिले तो परिणाम कुछ भी लाया जा सकता है। सीएम योगी ने सभी स्वच्छताकर्मियों से अपील की कि स्वच्छता कार्यक्रम को अब नए सिरे से



प्रस्तुत करना है। स्वच्छता का विशेष अभियान चलाना होगा। आज हमने इसकी शुरुआत की है। अब सभी अधिकारी, कर्मचारी भी इस अभियान में जुटें। मां गंगा के प्रति हमारी कृतज्ञता ज्ञापित होनी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि आपको सम्मानित करते हुए और आपके साथ सहभोज में हिस्सा बनते हुए हमारा मंत्रिमंडल अभिभूत है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 13 दिसंबर को प्रयागराज महाकुम्भ के शुभारंभ के लिए यहां आए थे। उससे पहले भी और उस दौरान भी उन्होंने बहुत सारा मार्गदर्शन दिया। भारत सरकार के सभी अधिकारी, सभी मंत्रालय इस आयोजन को उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए प्राण प्रण से जुटे थे। हर विभाग में अपने स्तर पर इस आयोजन में भरपूर सहयोग किया और इसमें आर्थिक रूप से भी सहयोग करते हुए प्रयागराज के कायाकल्प को सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि आज महाकुम्भ के बहाने प्रयागराज शहर एक स्मार्ट सिटी के रूप में चमक रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि जो भी प्रयागराज आया उसने दो बातों की सराहना जरूर की। एक स्वच्छता और स्वच्छता कर्मियों की तो दूसरी पुलिस के व्यवहार की। ऐसे लगता था जैसे यह सबका अपना आयोजन हो। पूरा परिवार मिलकर कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा हो। यही नहीं, प्रयागराज वासियों ने भी इसे अपने घर का आयोजन बना लिया। जगह-जगह पर लंगर लगाए, अतिथियों का अभिवादन किया, अपनी परेशानी को भूल करके वह इस आयोजन का हिस्सा बने। जिस सिटी में 25 से 30 लाख लोग रहते हैं वहां अचानक 7-8 करोड़ लोग आ जाएंगे तो क्या स्थिति होती होगी। जिस घर में पांच सदस्य रहते हैं और अचानक 10 लोग आ जाएं तो हालत खराब हो जाती है और यहां तो 20-20 गुना लोग आ रहे थे, लेकिन प्रयागराज वासियों ने पूरे धैर्य के साथ, खुशी के साथ इसे अपना आयोजन बना दिया और प्रयागराज से प्रेरित होकर पूरे प्रदेश ने इसमें अपना योगदान किया। जिस मार्ग से तीर्थयात्री और श्रद्धालु, पूज्य संत गए, उनके अभिनंदन और स्वागत के लिए प्रदेश वासी वहां नजर आए। प्रदेशवासियों ने आतिथ्य का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है उसके लिए उनका हृदय से अभिनंदन करता हूं। सीएम योगी ने प्रदेश में टूरिज्म की नई संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि महाकुम्भ ने उत्तर प्रदेश के अंदर आध्यात्मिक टूरिज्म के कई सर्किट प्रस्तुत किए हैं। एक प्रयागराज से मां विंध्यवासिनी का धाम होते हुए काशी का सर्किट बना। जिस प्रकार प्रयागराज में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे थे, उसी तरह मां विंध्यवासिनी धाम में इस दौरान प्रतिदिन 5 से लेकर 7 लाख तक लोग जुटे थे। इसी तरह, काशी में बाबा विश्वनाथ धाम में 10 से लेकर 15 लाख श्रद्धालु एक दिन में रहते थे। एक और सर्किट बना अयोध्या धाम और गोरखपुर का, अयोध्या धाम में प्रतिदिन इस दौरान 7 लाख से लेकर 12 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन आ रहे थे और गोरखपुर में पहली जनवरी से लेकर कल तक प्रतिदिन 2 लाख से ढाई लाख श्रद्धालु जुटते थे। तीसरा सर्किट बना प्रयागराज से ऋंगवेरपुर होते हुए लखनऊ और नैमिषारण्य का, जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा। वहीं प्रयागराज से राजापुर और चित्रकूट का भी एक सर्किट बना तो पांचवा सर्किट प्रयागराज से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे होते हुए मथुरा, वृंदावन और शुकतीर्थ का रहा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सीएम योगी ने कहा कि आस्था का इतना विशाल समागम दुनिया के अंदर कभी नहीं हुआ। 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालु किसी आयोजन का हिस्सा बने और कोई अपहरण की घटना नहीं, कोई लूट की घटना नहीं, कोई छेड़छाड़, कोई दुष्कर्म की घटना नहीं, कोई भी ऐसी घटना नहीं जिसके बारे में कोई सवाल उठा सके। दूरबीन लगाकर, माइक्रोस्कोप लगाकर भी ऐसी घटना को ढूंढा नहीं जा सकता। हालांकि, फिर भी विरोधियों ने दुष्प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ा। जिनको आस्था का यह समागम अच्छा नहीं लगा, उन्होंने कोई मौका नहीं छोड़ा। मौनी अमावस्या के दिन 8 करोड़ श्रद्धालु यहां पर थे, हमारी प्राथमिकता थी कि इन श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कर उनके गंतव्य की ओर प्रस्थान कराया जाए। लेकिन विरोधी लगातार दुष्प्रचार कर रहे थे, बदनाम कर रहे थे। उनकी भाषा अपमानित करने वाली थी।

# नीरज बोरा ने किया रॉयल पैलेस का उद्घाटन





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ, दुबग्गाः आउटर रिंग रोड किसान पथ के किनारे स्थित रॉयल पैलेस का भव्य उद्घाटन गुरुवार को भाजपा विधायक नीरज बोरा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पैलेस के मालिक मोहम्मद कलाम कुरैशी व उनके बेटे अब्दुल्ला कुरैशी ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई सम्मानित व्यक्ति एवं व्यापारी (आर के पैलेस एंड लॉन) के ओनर मोहम्मद अदनान और आर के बिल्डर्स एवं डेवलपर के मालिक मोहम्मद अरशद (अर्शी) उपस्थित रहे, जिनमें दानिश खान ,सऊद खान, शरिक खान, सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

रॉयल पैलेस क्षेत्र के लोगों के लिए शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक आयोजनों का एक प्रमुख स्थल तैयार किया गया है। पैलेस के शुभारंभ पर उपस्थित लोगों ने इसे एक महत्वपूर्ण पहल बताया, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी। जल्द ही यहां बुकिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# कल्याण गिरी मंदिर से धूम धाम से निकली शिव बारात







❒ शिव बारात को सम्पन्न कराने में ठाकुरगंज इंस्पेक्टर श्रीकांत राय की टीम की रही अहम भूमिका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। महाशिवरात्रि का वो पर्व जिसे सारा देश बड़े धूम धाम और भक्ति भाव के साथ मनाता है कहा जाता है कि इस दिन ही भगवान शिव और आदि शक्ति गौरी का विवाह हुआ था इस दिन का अपना ही महत्व है कहा ये भी जाता है कि शिव आराधना से मन वांछित फल की भी प्राप्ति होती है विवाह योग्य कन्याओं के लिए ये व्रत खास होता है क्योंकि उन्हे सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है इसी मंगल कामना के साथ भारी संख्या मे भक्तजन शिव बारत मे सम्मिलित होते हैं जो दृश्य काफी मनमोहक लगता है।ऐसी ही एक बारत ठाकुरगंज स्थित कल्याण गिरी मंदिर से पिछले कई वर्षों से निकाली जाती है जिसमे भगवान शिव की बारत का चित्रण भी किया जाता है भगवान शिव के साथ उनके बाराती का नृत्य काफी मनमोहक लगता है जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ भी होती है इस बारत मे महिलाएं कलश यात्रा निकालती है पीले वस्त्र से सजी महिलाएं कलश को लेकर क्रमबद्ध रूप से बारत के साथ चलती है और भोले बाबा की जय के नारे बुलंद करती दिखाई देती है।देवा दी देव महादेव की ये बारात कल्याणगीरी से उठकर चौक स्थित मनकामेश्वर मंदिर का रास्ता तय करती है और पुनः कल्याणगीरी आकर समाप्त होती है जहां शिव आराधना और भव्य भंडारे का भी आयोजन होता है इस बारत की भव्यता और सुंदरता दूर दूर तक प्रसिद्ध है यही कारण है कि लोग इस बारत मे शामिल होने दूर दूर से आते हैं और मन वांछित फल प्राप्त करते हैं कहते भी हैं कि जिसने शिव शक्ति को प्रसन्न कर लिया उसने जग जीत लिया ये भोला भंडारी सबका कल्याण करते हैं ऐसा उन सभी का मानना है जो शिव बारात मे शामिल होते हैं।

ठाकुरगंज क्षेत्र में हर साल निकलती भव्य शिव बारात को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए भी लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की भी अहम भूमिका रहती है। आपको बता दें कि कल्याणगिरी मंदिर से लेकर बालागंज चौराहे से होते हुए चौक चौराहे से घूमकर वापिस कल्याणगिरी मंदिर आती है। जिसको सम्पन्न कराने के लिए ठाकुरगंज इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की तैनाती भी रही। और चप्पे चप्पे पर अपनी पैनी नजर बनाकर शिव बारात को सकुशल संपन्न कराया। शिव भक्तों को किसी भी प्रकार से कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से चलता रहे उसपर भी डायवर्जन कर वखूबी से ध्यान भी रखा गया है। इस मौके पर डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव , एडीसीपी पश्चिम धनंजय सिंह कुशवाहा , एसीपी चौक राज कुमार सिंह , इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय , इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय के साथ भारी पुलिस बल रहा मौजूद।

## सैलरी न मिलने पर भड़के टोलकर्मी अनशन पर बैठे

**बारा,प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 प्रयागराज बारा, गन्ने,हरी टोल प्लाजा के प्रबंधक टोलकर्मियों ने 15 करोड़ से ज्यादा रेवेन्यू होने के वावजूद सैलरी न मिलने के कारण 2 घंटे टोल फ्री कर अनशन शुरू किया, कम्पनी के जनरल मैनेजर के आश्वासन पर टोलकर्मीयो ने अनशन समाप्त किया। वृहस्पतिवार को सुबह सात बजें गन्ने हरी टोल प्रबंधक पंकज दुबे टोल कर्मियों के साथ टोल फ्री करके कम्पनी तक बात पहुंचाने के लिएअनशन शुरू कर दिया। और आरोप लगाया कि 15 करोड़ से ज्यादा रेवेन्यू होने के वावजूद लड़कों ने 8 घंटे के स्थान पर 12 घंटे ड्यूटी किया जहां अतिरिक्त मिलने के स्थान पर सैलरी नही दिया जा रहा।मामला बढ़ता हुआ देख कम्पनी के प्रबंधकों ने गलती पर एहसास करते हुए बार्तालाप शुरू कर जनवरी माह की सैलरी 24 घंटे में देने के आश्वासन पर टोल 2 घंटे बाद पुनः चालू हुआ।वही कम्पनी के जनरल मैनेजर रवि गौतम ने बताया कि अंडरस्टैंडिंग के बजह से पिछले माह के आधार पर सैलरी दिया गया था। अब जो 4 घंटे एक्ट्रा डूयूटी किया गया उसे भी खाते में दे दिया जायेगा। साथ मे कम्पनी के सहयोगी नीलेश कुमार उपाध्याय आदि वार्तालाप में सम्मिलित रहें। टोल फ्री और विवाद की स्थिति देख कुछ स्थानीय लोग भी टोलकर्मियों के समर्थन में आए और कहा कि पहली बार महाकुंभ में 2 महीनें टोल शांति के साथ भारी ट्रैफिक के वावजूद चला जिसमें कर्मचारियों की हित की बात सोचना चाहिए।

## होली-रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर में गुरुवार को पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली और रमजान जैसे आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। एसीपी रजनीश वर्मा और थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बैठक में विशेष रूप से होली पर चर्चा की। एसीपी वर्मा ने कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है। उन्होंने सभी समुदायों से मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने ने समयानुसार होलिका दहन करने की अपील की है। पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव बनाए रखना है। सभी धर्मों के त्योहारों को मिलकर मनाने का संदेश दिया गया। पुलिस ने लोगों से सहयोग मांगा है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। क्षेत्र के सभी प्रमुख ग्राम प्रधान अशोक रावत , नीरज त्रिवेदी, दिलीप रावत समेत सम्भ्रांत लोगों ने बैठक में हिस्सा लिया। सभी ने रंग-गुलाल के साथ त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आश्वासन दिया।

## महाकुंभ के बहाने योगी ने तलाशा राजनीतिक अवसरवादः अखिलेश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने धर्म, आस्था, और सेवा के महापर्व महाकुंभ की पवित्र भावना को ठेस पहुंचाते हुए राजनीतिक अवसरवाद तलाशने का काम किया है। उन्होने कहा कि महाकुंभ में हर तरफ अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। कुंभ को असत्य प्रचार का माध्यम बनाकर करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं से खिलवाड़ किया और राजनीतिक हितपूर्ति में इस्तेमाल किया है। मुख्यमंत्री ने अपनी सुविधानुसार 26 फरवरी को कुंभ का औपचारिक समापन कर दिया। जिससे उन करोड़ों बुजुर्गों की इच्छा अधूरी रह गई जो अमृतस्नान करने से किन्हीं कारणों से वंचित रह गए हैं। ऐसे में एक माह का समय बढ़ाना चाहिए था लेकिन भाजपा की मनमानी रोड़ा बन गई। श्री यादव ने कहा कि प्रयागराज संगम पर महाकुंभ का सदियों का पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व और इतिहास है। कन्नौज के सम्राट हर्षवर्धन से लेकर सपा की सरकार तक के समय 2013 में कुंभ का सफल आयोजन किया गया था। सरकार में 2013 के कुंभ की व्यवस्थाओं को साधु संतों सहित पूरी दुनिया ने सराहा था। हावर्ड विश्वविद्यालय की टीम ने उस समय महाकुंभ में की गयी व्यवस्थाओं स्वच्छता, सफाई और भीड़ प्रबन्धन की व्यवस्था को आश्चर्यजनक बताते हुए सराहना की थी और उस पर एक पुस्तक भी प्रकाशित किया। 2013 में समाजवादी सरकार में आयोजित कुंभ पर न्यूयार्क में कल ही चर्चा और सेमिनार हुए। उन्होने कहा कि महाकुंभ को लेकर शुरू से भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री की नीयत में खोट था। वह धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन को राजनीतिक रंग देने में जुटे रहें। मुख्यमंत्री को महाकुंभ में आस्था कम व्यापार और व्यापारिक लाभ ज्यादा दिखाई दिया।

# किसानों के नाम पर फर्जी धान खरीद : प्रतीक सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बारा,प्रयागराज। भारतीय किसान यूनियन आजाद हिंद के युवा जिलाध्यक्ष प्रतीक सिंह के नेतृत्व में किसान पदाधिकारियों ने जनपद प्रयागराज में किसानों के नाम पर धान की फर्जी खरीद के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने गुरुवार को जिलाधिकारी प्रयागराज को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें आरोप लगाया कि फरवरी माह में किसी भी किसान के पास धान शेष नहीं है, लेकिन क्रय केंद्र और अधिकारी फर्जी खरीद कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिचौलियों और दलालों के माध्यम से कम भूमि वाले किसानों और भूमि हीन किसानों की खतौनी शामिल की जा रही है और उसका सत्यापन सेटिंग से हो रहा है आढ़ितयों से सस्ते दामों पर धान खरीदकर महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन आजाद हिंद के मंडल अध्यक्ष प्रयागराज राहुल सिंह, महिला जिलाध्यक्ष मधु आदिवासी, जिला सचिव सुषमा आदिवासी, तहसील अध्यक्ष बारा अनुराग सिंह, तहसील उपाध्यक्ष राज पांडेय, सनातन प्रचारक अंशुमान त्रिपाठी,ब्लॉक अध्यक्ष जसरा विजय लक्ष्मी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# महाकुंभ में अमृतमयी त्रिवेणी स्नान से भक्त श्रद्धालुओं के घरों में धर्म की ध्वजा लहराएगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




करछना। महाशिवरात्रि शिव और शक्ति के मिलन की रात्रि है । श्रृंगारऔर शांति के मिलन की रात्रि है। जहां शिव है ,वहां रस है और जहां रस नहीं है वहां जीवन निरस है । शिवरात्रि शिव और पार्वती के प्रेम मिलन की रात्रि है। और शिवरात्रि अपने आप में पूर्ण चैतन्य दिवस है। उक्त उद्गार नैनी क्षेत्र के खरकौनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सिद्धाश्रम परिवार की ओर से महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित दो दिवसीय साधना शिविर के दूसरे बुधवार की रात्रि में गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली जी ने कहा। उन्होंने साधकों को उपदेशित करते हुए बताया कि साधना में जब आप सधते हैं तब आप जीवन जीने की कला सीखते हैं । क्योंकि साधना में सिद्धि प्राप्त करने के लिए अति आवश्यक तत्व समर्पण है । साधना और तपस्या मन और विचारों को शुद्ध कर देती है । जब भक्ति जीवन में उतर आती है । तो वह जीवन को प्रेम मय बना देती है । उन्होंने दिव्य व भव्य महाकुंभ का वर्णन करते हुए कहा कि मकर संक्रांति से लेकर महाशिवरात्रि तक 65 करोड़ देश व विदेश के तीर्थयात्री श्रद्धालु लोग त्रिवेणी संगम में स्नान कर गए ।उन्होंने जीवन यात्रा को तीर्थ यात्रा बताते हुए कहा कि जीवन में जो तर गया ।उसकी तीर्थ यात्रा सफल हो गया । उन्होंने कहा कि सनातन धर्म शाश्वत है ।?सनातन धर्म सनातनियों का एक धर्म है। शरीर ,मन व भाव जब एक सूत्र में हो जाते हैं। तभी सनातन धर्म का प्राकट्य होता है। उन्होंने कहा कि जो धर्म की रक्षा करता है । तो धर्म भी उसकी रक्षा करता है ।जो लोग संगम स्नान करके वापस लौट गए हैं । उनके घरों में धर्म की ध्वजा लहराएगी । वही रात्रि कालीन में सामूहिक रूप से 11 आचार्यों की मौजूदगी में रुद्राभिषेक संपन्न हुआ । और साधकों में पांच प्रकार की दीक्षाएं भी प्रदान की गई। और शिव सहित गुरुदेव की आरती की गई। शिविर का संचालन मनोज भारद्वाज की ओर से किया गया। संयोजक मंडल सिद्धाश्रम साधक परिवार प्रयागराज की ओर से गुरुदेव का माल्यार्पण और अंगवस्त्रम भेंट कर के आशीर्वाद ग्रहण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में दूर-दराज समेत स्थानीय साधक लोग मौजूद रहे।

# सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण

❒ जिम्मेदार न तो कब्जा खाली करा रहे, न ही कार्रवाई

❒ अतिक्रमण सें मुख्य मार्ग हुआ सकरा, आये दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कोरांव (प्रयागराज)। विकास खंड कोरांव के बड़ोखर सें मानपुर गांव होकर मध्य प्रदेश ककरहा सोहागी गांव कों जोड़ने वाली प्रधानमंत्री योजना सें बनी काली सड़क पर आसपास बस्ती मोहल्ला के लोगो ने अपना कब्जा जमाया हुआ है जिससे मुख्य मार्ग काली सड़क रास्ता काफी सकरा हो गया है साथ ही कई जगह जहाँ मोड़ है वहाँ पर कुछ लोगो द्वारा सीमेंट की नाद, चन्नी, खुटा, ऊपरी का उपरौड़ लगाकर व टटिया लगाकर मवेसी बाधकर कब्जा किए है जिसके कारण पटरी का सिनाख्त खत्म होता जा रहा है दो सें तीन फिट तक पटरी के बगल की मिट्टी तक गायब है जगह जगह गड्ढा हो गया है अब तक कई लोग घायल हो चुके है इस संदर्भ मे मानपुर गांव के रहने वाले विकास सिंह पुत्र स्वर्गीय जगदम्बा सिंह द्वारा जनसुनवाई पोर्टल के जरिये लोक निर्माण विभाग सें अतिचारियों के विरुद्ध शिकायत भी दर्ज कराया गया था लेकीन परिणाम शून्य रहा बता दे की मानपुर पाल बस्ती मे मे दर्जनों लोगो द्वारा कब्जा किया गया है साथ मानपुर (पुरेकुर्मी ) जे.पी. सिंह विद्यालय के पास कई लोगो द्वारा कब्जा किया गया है इसी प्रकार जियापुर मे भी छनना समेत बड़ोखर कालीकन टोला तक काफी लोगो द्वारा कब्जा किया गया है जिससे आयेदिन दुर्घटना हो रही है साथ ही जब दोनों तरफ आमने सामने सें वाहन गुजरते है तो वाहन निकलने मे काफी मुश्किल हो जाता है साथ वाहन निकालने कों लेकर झगड़ा फ़साद मारपीट तक की नौबत आ जाती है मानपुर गांव पाल बस्ती मे ग्राम पंचायत द्वारा लाखो रूपये की पक्की नाली कक निर्माण कार्य कराया गया था उसको भी पाट कर कब्जा कर लिए है जिससे बारिश महीना मे पानी निकासी नही होगा स्थानीय लोगो ने लोक निर्माण प्रयागराज का ध्यान आकृस्ट कराते हुये कब्जा मुक्त कराने की माँग की है।

# शिव मंदिर में हुआ पूजन कीर्तन कलाकारों का हुआ सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चाकघाट प्रयागराज। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया गया। तमसा नदी के तट पर स्थित शंकर घाट में स्थापित शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं रात्रि जागरण कीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर संस्थापक पत्रकार परिवार की ओर से पत्रकार राम लखन गुप्त एवं उनके परिजनों ने विशेष पूजा अर्चना के साथ है भगवान भोलेनाथ का दर्शन किया। परंपरा अनुसार आचार्य लालता प्रसाद चतुर्वेदी द्वारा वैदिक रीति से पूजन कार्य कराया गया। इस अवसर पर पत्रकार परिवार के सदस्य गण, श्रद्धालु एवं महाकुंभ से वापस आए विभिन्न प्रांतो के श्रद्धालु उपस्थित रहे।कार्यक्रम स्थल पर रात्रि को विशेष संगीत कीर्तन आयोजित हुआ । जिसका समापन प्रातः हवन पूजन के साथ है हुआ। संगीत कीर्तन के कलाकार लोक गायक धर्मराज विश्वकर्मा,को पत्रकार राम लखन गुप्त द्वारा अपने आवास पर सम्मानित किया गया। अंग वस्त्र पुष्प के साथ ही जूनागढ़ पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी के द्वारा विमोचित पत्रकार राम लखन गुप्त की पुस्तक वरदान भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर गणेश विश्वकर्मा, अखिल सिंह,शुभ जाकर सिंह ,भारत आदिवासी, सरदार जी,राजेश कुमार जायसवाल, प्रतीक अग्रहरी आदि की उपस्थिति प्रमुख रही।

# 29 रो हाउस भवन व सात व्यावसायिक निर्माण सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गुरुवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने जोन एक, जोन तीन व जोन चार में कार्यवाही करते हुए सरोजिनी नगर में 2 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला कर उसे ध्वस्त कर दिया। साथ ही गोसाईगंज में अवैध रूप से बन रहे 29 रो हाउस भावनों को सील करते हुए गोमती नगर व गोमती नगर विस्तार में अवैध रूप से बनाए जा रहे हैं 7 व्यावसायिक निर्माणों को भी सील कर दिया। प्रवर्तन जोन 3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय के अनुसार सरोजनीनगर के ग्राम अमौसी में शीतला मंदिर के पास लगभग 3 एकड़ व 1 एकड़ में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा



रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग को विहित न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन टीम द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन 1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि गोमती नगर के विवेक खण्ड में 200 वर्गमीटर के भूखण्ड में व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था व विनीत खण्ड में 650 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड में निर्माण कार्य कराया जा रहा था तथा विनय खण्ड में 300 वर्गमीटर के भूखण्ड में व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में 155 वर्गमीटर के भूखण्ड पर कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा गोसाईंगंज के दुलारमऊ में किसान पथ के पास लगभग 4000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 29 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। अवैध रूप से किये जा रहे इन निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम द्वारा गुरूवार को पुनः सील कर दिया गया। वहीं मोहित वर्मा द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-6 में कराये जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण तथा प्रदीप कुमार व संदीप सिंह द्वारा गोसाईंगंज के ग्राम लक्ष्मणपुर में कराये जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण को भी सील किया गया। इसके अलावा प्रवर्तन जोन 4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार के अनुसार अलीगंज में सीतापुर रोड पर स्टेट बैंक आफिसर्स कालोनी के बगल में स्थित डीएस कालोनी में लगभग 450 वर्गमीटर के भूखण्ड पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस निर्माण कार्य को विहित न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स को सील कर दिया।

# नगर निगम की लापरवाही : बार-बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

## फरीदीपुर मुख्य मार्ग पर जलभराव और गड्ढों से राहगीर परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम जोन 6 कन्हैया माधवपुर द्वितीय वार्ड के फरीदीपुर मुख्य मार्ग पर सड़क की बदहाल स्थिति लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। सड़क पर गड्ढे और उनमें भरे पानी के कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल के फिसलने से कई लोग चोटिल हो चुके हैं।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है और इसकी शिकायत नगर निगम से कई बार की जा चुकी है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। हाल ही में भी नगर निगम को इस समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन सड़क की मरम्मत या गड्ढों को भरने का कोई कार्य नहीं हुआ। राहगीरों और स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सड़क की इस दुर्दशा के कारण न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# रेसिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन के लोग टैक्स वसूली में बने बाधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बीबीडी ग्रीन के सनब्रीज अपार्टमेंट 1 और 2 में नगर निगम द्वारा टैक्स वसूली को लेकर विवाद उठ खड़ा हुआ है। यहां के रेसिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी नगर निगम को अपार्टमेंट में कैम्प लगाकर टैक्स जमा करने की इजाज़त नहीं दे रहे हैं। इस वजह से न तो नगर निगम का कैम्प लग पा रहा है और न ही यहां के निवासी अपने टैक्स का भुगतान कर पा रहे हैं। इन अपार्टमेंट्स में नगर निगम लोगों को सभी सुविधा अपनी तरफ से मुहैया करा रहा है। नगर निगम इस मामले में दो बार कोशिश भी कर चुका है लेकिन हर बार नगर निगम के हाथ नाकामी ही लगी। यह मामला तब और गंभीर हो गया जब नगर निगम की जोन-4 टीम को टैक्स वसूली के लिए कैम्प लगाने से रोका गया। नगर निगम जोन 4 के जोनल अधिकारी संजय यादव ने बताया कि वे रेसिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं अगर ये लोग अब भी टैक्स वसूली के काम में रुकावट डालते हैं तो नगर निगम को मजबूरी में ब्याज सहित सभी निवासियों का बिल भेजना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे का समाधान जल्द निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन अगर पदाधिकारी नहीं मानते तो हर निवासी को उसका बिल ब्याज सहित भेजा जाएगा जिससे उन्हें टैक्स का भुगतान करना पड़ेगा। यह मुद्दा बीबीडी ग्रीन के सनब्रीज अपार्टमेंट 1 और 2 में रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है क्योंकि उन्हें टैक्स जमा करने के लिए नगर निगम के कैम्प का इंतजार था। रेसिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का यह रवैया नगर निगम के लिए चुनौती बन गया है क्योंकि इसके कारण अन्य अपार्टमेंट्स के मुकाबले यह क्षेत्र टैक्स वसूली में पीछे हो सकता है। हालांकि नगर निगम का कहना है कि उन्हें नियमों का पालन करना होगा और अगर वे इस प्रक्रिया को रुकवाते हैं तो सभी निवासियों को बिल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## आयुष पटेल बने अपना दल (एस) छात्र मंच के छात्र मंच के जिला अध्यक्ष

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत घोड़सारा निवासी आयुष पटेल को अपना दल (एस) के छात्र मंच का जिलाध्यक्ष का जिला अध्यक्ष बनाया गया है।पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिओम पटेल ने से मिली जानकारी के अनुसार आयुष पटेल की पार्टी कार्यों में रुचि को देखते हुए उन्हें यह पद सौंपा गया है। पद भार ग्रहण करने के बाद आयुष पटेल ने कहा कि वह पार्टी के लिए मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे।, उन्होंने लिस्ट में नाम आते ही पार्टी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



# अंकित लोधी हत्याकांड: मृतक की मां से मिले विधायक राजेश्वर, कहा-सभी आरोपियों को दिलाएंगे कड़ी सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह गुरुवार को ग्राम बेहटा, थाना काकोरी निवासी अंकित लोधी के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतक की माँ विजयलक्ष्मी को आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को हरसंभव न्याय दिलाने के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

ज्ञात हो कि 19 फरवरी 2025 को भू-माफियाओं ने अंकित लोधी की निर्मम हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में शामिल चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि शेष की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। विधायक ने स्पष्ट किया कि इस जघन्य अपराध में कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव (गृह) को पत्र लिखकर हत्या के मुख्य गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट निरुद्ध कर उनकी संपत्ति जब्त करने और गुंडा एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई कर उन्हें जिला बदर करने और की मांग भी की है। विधायक ने इस प्रकरण में आरोपियों को प्रश्रय देने वालों की भी गहन जांच कराने का आग्रह किया है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा कि भू-माफियाओं के आतंक को रोकना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान राजेश सिंह चौहान, शिव शंकर सिंह शंकरी, रामा शंकर त्रिपाठी, मनीष द्विवेदी, राजेंद्र सिंह राजू , रेखा राजपूत, श्याम मनोहर लोधी, ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत, लवकुश रावत, के एन सिंह, पवन सिंह, सोनू माली, राज कुमार लोधी, संजय लोधी, मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह, विवेक राजपूत, रामेन्द्र लोधी, शिव नंदन लोधी, सुशील रावत, अनिल लोधी, सुशील पाल, धमेंद्र पाल, राम शरण प्रजापति सहित अन्य भाजपा नेता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# एलडीए के आदेश दरकिनार, धड़ल्ले से जारी है निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सख़्त आदेश हैं की उत्तर प्रदेश में किसी भी हाल में अवैध निर्माण न होने पाए व अवैध रूप से कोई भी कॉलोनी विकसित न होने पाए जिससे की शहरीकरण की समस्याएं पैदा न हों किसी भी तरह से यातायात बाधित न हो क्योंकि अनियोजित विस्तार होने से सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं एवं संसाधनों पर बोझ बढ़ता है। इसी के मद्देनज़र राजधानी लखनऊ में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अवैध निर्माणों व अवैध रूप से विकसित की जाने वाली कॉलोनियों के खिलाफ लगातार सख़्त कार्यवाही भी की जा रहीं हैं। लेकिन इसके बावजूद कुछ इलाकों में अवैध निर्माण का यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी वजह सम्बंधित अवर अभियंताओं की कार्य के प्रति



लापरवाही हो सकती हैं या फिर निर्माणकर्ता से सांठ गांठ होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता हैं। ताजा मामले में ज़ोन 7 के अंतर्गत आने वाले थाना सआदतगंज क्षेत्र के करीमगंज इलाके में पारस लॉन के निकट ऐसा ही एक निर्माण चालू है जो कि लखनऊ विकास प्राधिकरण के मानकों के विपरीत किया जा रहा है। इस निर्माण की जानकारी होने पर दिनांक 13 फ़रवरी को ज़ोन 7 प्रवर्तन दल के संबंधित अवर अभियंता टीम सहित इस निर्माण पर पहुंचे थे और निर्माणकर्ता से प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र सहित जरूरी दस्तावेज दिखाने को कहा था और जब तक निर्माणकर्ता द्वारा दस्तावेज पेश नहीं किये जाते हैं तब तक मौखिक रूप से काम को बंद करवाने का आदेश भी देकर आए थे। यहाँ पहुंचे अवर अभियंताओं ने काम बंद करवाने का मौखिक आदेश तो दे दिया किंतु उसके बाद इन अवर अभियंताओं ने पलट कर इस निर्माण की ओर रुख नहीं किया जिसका नतीजा यह हुआ की निर्माणकर्ता के हौसले बुलंद हो गए और उनके द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के सख्त आदेशों को दरकिनार करते हुए लगातार इस निर्माण को युद्ध स्तर पर जारी रखा गया और वर्तमान समय में ही एक और स्लैब डाल दी गयी जो की यह दर्शाता है के निर्माणकर्ता को लखनऊ विकास प्राधिकरण का जरा भी खौफ नहीं है और वह अपने मनमानी ढंग से नियमों को तक पर रखकर निर्माण करवा सकता है। संबंधित अवर अभियंता व सहायक अभियंता की इसमें कहां पर लापरवाही रही है और अभियंताओं की जानकारी में आने के बावजूद अब तक यह यह निर्माण धड़ल्ले से से जारी क्यों है यह भी जांच का विषय है।

## सीखा डिजिटल फ्राड से बचने के तरीके और सरकारी योजनाओं को जाना

बख्शी का तालाब कैनविज टाइम्स संवाददाता। वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को महिंद्रा फाइनेंस एवं एनआईआईटी फाउडेशन द्वारा गिग कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। इनमें गिग कार्यकर्ता जिसमें महिला किसान,आशा,समूह सखी,स्वयं सहायता समूह की महिलाओं बचत योजनाओं के साथ साथ केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जाना।प्रोग्राम हेड रितेश शर्मा ने बताया कि,वित्तीय एवं डिजिटल फाइनेंस साक्षरता प्रशिक्षण फौजी लॉन में किया गया इसमें लगभग 130 कार्यकर्ताओं ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से किस प्रकार लाभांवित हों यह भी जाना। मोबाइल फोन उपयोग करने वाले किस प्रकार से डिजिटल फ्राड से बचें और डिजिटर लॉकर में अपने महत्वपूर्ण कागजात कैसे सुरछित रख सकते है इसको सीखा ।एनआईआईटी फाऊंडेशन की टीम नदीम हैदर,मनोज कुमार प्रथम,साहू कुमारी,रिचा एवं प्रिया के साथ शिखा रावत,ओमप्रकाश,अर्चना किरण उपस्थित रहे।

## घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल जली

बंथरा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर शिवपुरा निवासी धीरज कुमार पुत्र प्रेम शंकर ने गुरुवार को स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। धीरज कुमार के अनुसार उनकी मोटरसाइकिल टीवीएस राइडर संख्या यूपी 32 पीडी 0676, 25 तारीख की रात्रि को घर के बाहर खड़ी थी, जिसे रात्रि में किसी व्यक्ति द्वारा आग लगा दिया गया। सुबह उठने पर धीरज ने देखा कि उनकी मोटरसाइकिल जली पड़ी है इसके बाद गुरुवार को धीरज ने बंथरा थाने पर पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## बंथरा में लोहा चुराते धरे गए दो युवक

बंथरा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ कानपुर निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे पर बंथरा कस्बे में गुरुवार करीब 1:40 पर पेट्रोलिंग करते समय सुरक्षा अधिकारियों ने चार युवकों को लोहे की प्लेट चुराते हुए धर दबोचा, जिसमें से दो युवक मौके से भागने में सफल हो गए वहीं दो युवकों को पकड़ कर सुरक्षाकर्मियों ने पुलिस के हवाले करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

# नकारात्मकता को त्यागकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े : आलोक त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष व राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के कोषाध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यदि जीवन में आगे बढ़ना है तो नकारात्मक सोच को त्यागकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा तभी जीवन में सफलता मिलेगी। श्री त्रिपाठी ने कहा कि नकारात्मक सोच वाले लोगों से दूर रहना चाहिए क्योंकि संगत का बहुत असर आपके जीवन पर पड़ता है। इसलिए अच्छी सोच व अच्छे विचारों वाले लोगों का साथ करें। उन्होंने कहा कि जो आपके साथ है उसकी चिंता करें जो साथ नहीं है यदि उसकी चिंता करने बैठेंगे तो जीवन में कभी अपने लक्ष्य को नहीं प्राप्त कर पाएंगे। इसलिए अपना लक्ष्य बनाए और उसे पूरा करने में इमानदारी से जुट जाएं। श्री त्रिपाठी ने कहा कि संगठन की मजबूती से ही हम सब मजबूत है इस लिए संगठन को मजबूत करें। एलजेए अध्यक्ष ने कहा कि आजकल



सोशल मीडिया का जमाना है और जो दिखता है वही बिकता है इसलिए सही तरीके से सही दिशा में सोशल मीडिया का इस्तेमाल करें।

एलजेए अध्यक्ष आज होटल हेरिटेज इन ब्लू में आयोजित संगठन की बैठक में बोल रहे थे। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से 'एलजेए सहायता ग्रुप' का गठन किया गया जिसके संचालन की जिम्मेदारी प्रदेश संगठन मंत्री मो. फहीम को सौंपी गई, इसमें डाक्टर वंदना अवस्थी, विजय आनंद वर्मा और संजय पांडेय उनका सहयोग करेंगे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने स्वेच्छा से निर्णय लिया कि वे लोग सौ रुपए प्रत्येक माह इसमें सहयोग राशि जमा करेंगे और सहायता ग्रुप से जुड़े सदस्य को जरूरत पड़ने पर उसकी मदद की जाएगी।? सहायता ग्रुप में आज 3250 रुपए का सहयोग प्राप्त हुआ। इसमें प्रत्येक माह आने वाली धनराशि और उसमें से किसी की मदद किए जाने का पूरा ब्यौरा हर माह के अंत में एलजेए ग्रुप में मो. फहीम देते रहेंगे। इस ग्रुप के गठन का स्वागत करते हुए आलोक त्रिपाठी ने कहा जरूरत के समय किसी की मदद करना एक पुण्य कार्य है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अप्रैल माह में लखनऊ में एक बड़ी बैठक व समारोह होगा जिसमें प्रदेश व प्रदेश से बाहर के जनपदों की एलजेए की इकाइयों से जुड़े सदस्य भी शामिल होंगे। आज पांच नए सदस्यों डॉ. अर्चना छाबड़ा, अधिवक्ता आशीष दुबे, छायाकार संदीप डे एवं पत्रकार रवि उपाध्याय व सफीक अहमद ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की, जिनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। एलजेए की लखनऊ इकाई के निवर्तमान अध्यक्ष दीपक गुप्ता को नया अध्यक्ष नियुक्त होने तक लखनऊ जिले का प्रभार सौंपा गया, जिन्हे उपस्थित सभी सदस्यों ने बधाई दी व उनका स्वागत भी माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में महिला इकाई की अध्यक्ष डॉ वंदना अवस्थी, महामंत्री विजय आनंद वर्मा, डॉ अर्चना छाबड़ा, संगठन मंत्री मो. फहीम, कोषाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय, आशीष दुबे, रामबाबू, दीपक गुप्ता, अनिल चौधरी वशैफ खान शारिक आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में मीडिया प्रभारी त्रिनाथ शर्मा, जितेन्द्र निषाद, राम बाबू, अमित श्रीवास्तव, अनिल चौधरी, प्रवीण सिंह, रंजीत सिंह, निहाल अहमद, शैफ खान शारिक, संजीव डे, मतीन अहमद, आशीष दुबे, शफीक अहमद, रवि उपाध्याय, अजय गुप्ता, जय प्रकाश सिंह, रोहित, मोहम्मद सुएब एवं लक्ष्मी कान्त तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# रनियापुर में सड़क नवनिर्माण के लिए नगर आयुक्त ने मांगी 2.49 करोड़ धनराशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में सरोजनी नगर वार्ड प्रथम के रनियापुर में प्राथमिक विद्यालय से लेकर आरा मशीन के सामने पुलिया तक सड़क बनाने के लिए नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है। नगर आयुक्त ने सड़क नवनिर्माण के लिए दो करोड़ उन्चास लाख तैतीस हजार रुपये धनराशि का आगणन प्रस्ताव भी पत्र के साथ भेजा है।

सड़क के नवनिर्माण के लिए वित्त पोषण की व्यवस्था की मांग करने वाले नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि लखनऊ नगर निगम की सीमा का विस्तार होने के कारण कुछ नये हिस्से नगर निगम में जुड़े हैं। जहां पर कई अप्रोच मार्गों का निर्माण नहीं हुआ है। इसमें रनियापुर क्षेत्र में मनोज आरा मशीन से लेकर



प्राथमिक विद्यालय तक सड़क नवनिर्माण होना है।

उन्होंने कहा कि रनियापुर में सड़क निर्माण के लिए स्थानीय लोगों के साथ ही पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने प्रयास किया है। नगर निगम में इस सड़क को बनाने के लिए बजट नहीं होने के कारण कार्य शुरू नहीं हो सका है। नगर विकास विभाग से बजट मिलने पर टेंडर प्र?क्रिया करा के एक माह के भीतर कार्य आरम्भ कराया जायेगा।

# रमजान और होली त्यौहार के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**उपजिलाधिकारी महमूदाबाद की अध्यक्षता में वृहस्पतिवार को सदरपुर थाना परिसर में पीस कमेटी की एक बैठक का किया गया आयोजन**

बिसवां (सीतापुर)। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए उपजिलाधिकारी महमूदाबाद की अध्यक्षता में वृहस्पतिवार को सदरपुर थाना परिसर में पीस कमेटी की एक बैठक का आयोजन किया गया।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद व थानाध्यक्ष एवं कई उपनिरीक्षकों सहित थाना क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान,बीडीसी व संभ्रांत जन उपस्थित रहे।

वृहस्पतिवार को सदरपुर थाना परिसर में महमूदाबाद के नवागत उपजिलाधिकारी बालकृष्ण सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आहूत की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से होली व ईद के त्योहारों को आपसी हेलमेल व भाईचारा के साथ खुशी से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी दोनों त्योहार दोनों धर्मों के प्रमुख त्योहार हैं। हर त्योहार हमें आपसी सद्भाव की शिक्षा देते हैं। कभी ऐसा न करें कि किसी को आपसे हानि पहुंचे और उसे परेशानी हो। पुलिस क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना व ईद के साथ साथ इस बार इसी महीने में होली का त्योहार भी है। इसलिए दोनों त्योहारों को सभी लोग मिलकर प्रसन्नता के साथ मनायें तभी त्योहारों की सार्थकता है। दोनों धर्मों के लोगों को आपस में सद्भाव बनाकर त्योहार मनाना चाहिए।कोई भी ऐसा आपत्तिजनक शब्द न बोलें और जोर जबरदस्ती न करें जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो।खुशी के साथ गुझिया व सिवइयों का आनन्द लें। थानाध्यक्ष मुकुल प्रकाश वर्मा ने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं है। कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे माहौल बिगड़ने की आशंका हो। अगर किसी ने ऐसा किया तो कानून सख्ती से निपटेगा। इस मौके पर बैठक में उपस्थित मुन्ना खां कहारपुर ने भी सभी लोगों से त्योहारों को भाईचारा के साथ एक दूसरे की भावनाओं को ध्यान में रखकर मनाने को कहा। कारी जीशान जहांगीराबादी ने अपनी सुरीली आवाज में एक नात पेश कर सभी को हेलमेल बनाये रखने का पैगाम दिया। उन्होंने कहा- अब चरागे मुहिब जलाना है , नफरतों को अब मिटाना है।हिन्दू मुस्लिम भी सब रहें मिलकर, ऐसा हिंदोस्ता बनाना है।।'' इस दौरान उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह व कई उपनिरीक्षकों सहित क्षेत्र के तमाम संभ्रांत जन?, ग्राम प्रधान व बीडीसी मौजूद रहे।

# महाकाल भैरव मन्दिर में छह घण्टे तक चला महाशिवरात्रि पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर स्वर्ग धाम त्रिमुहानी घाट पर स्थित श्री श्री महाकाल भैरव मंदिर में विशेष भस्मारती पूजन किया गया। बाबा महाकाल के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। दर्शन के लिए महाकाल के पट लगातार 24 घंटे खुले रहे। शिवरात्रि पूजन के बाद बाबा का सेहरा सजाया गया।

शक्ति के साधन का महापर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर समेत क्षेत्र के सारे शिवालयों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। यह महापर्व फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। इस दिन देवाधिदेव महादेव एवं आदि शक्ति परिणय सूत्र में बंधे थे। प्रातःकाल से रात्रि पर्यन्त तक दर्शन-पूजन, अभिषेक का दौर चला व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर प्रसाद तथा दूध की ठंडाई वितरित की गई। संध्याकाल में स्वर्ग धाम त्रिमुहानी घाट पर स्थित महाकाल भैरव मंदिर से परंपरानुसार भोलेनाथ की बारात बैंडबाजे के साथ धूमधाम से निकली। पूरा मन्दिर परिसर रंगबिरंगी झालरों से सजाया गया था। शाक्त ईशान रजनीश द्वारा यहां महाभिषेक संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि पूरा आयोजन तीन पहरों में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महाराजाधिराज बाबा महाकाल भैरव जी को हल्दी, मेहंदी और तेल अर्पण कर कार्यक्रम आरम्भ हुआ। बताया कि प्रथम पहर में दो सौ इक्यावन कलश से बाबा का पतित पावनी सरयू जल,गंगाजल और बेल रस से अभिषेक किया गया।

द्वितीय पहर में उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर भस्म आरती की गई तथा तृतीय पहर में श्रृंगार आरती का कार्यक्रम पूरे विधिविधान से सम्पन्न हुआ। रजनीश ने बताया कि बाबा का पूजन कार्यक्रम छह घण्टों तक अनवरत चलता रहा। पूजन उपरान्त रात्रिकालीन साधना प्रारम्भ हुई जो भोर होने पर सम्पन्न हुई। महाकाल भैरव मन्दिर में भक्तों ने आकर्षक श्रृंगार किया जो हजारों भक्तों का मन मोह रहा था। लोग कतारबद्ध होकर देवाधिदेव एवं माता शक्ति की आराधना कर अपनी श्रद्धा निवेदित कर रहे थे।

# आरोप : हैदराबादी बिरयानी में निकले हड्डियों के टुकड़े

एजेंसी

## राष्ट्रभक्त संगठन ने बताई सोची समझी साजिश, कराया बंद

झांसी। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित हैदराबादी बिरयानी एक बार फिर बिरयानी में हड्डी निकलने पर सुर्खियों में आ गया। राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अड़जरिया की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। साथ ही इसकी शिकायत फूड विभाग को भी दी गई है। काफी देर तक हुए हंगामे के बाद पुलिस ने दोनों पक्ष को समझाबुझा मामला शांत कराया। गौरतलब है कि महाशिवरात्रि पर्व पर एक व्यक्ति ने आशिक चौराहा स्थित हैदराबादी बिरयानी आशिक से ऑनलाइन वेज बिरयानी मंगवाने का आर्डर दिया था। ऑन लाइन बिरयानी आने पर उसमें हड्डियों के टुकड़े निकले। महाशिवरात्रि पर्व पर वेज बिरयानी में हड्डी के टुकड़े निकलने पर राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अड़जरिया ने इसे एक सोची समझी साजिश के तहत हिन्दू धर्म और आस्था पर कुठाराघात करने का आरोप लगाते हुए आज पुलिस से शिकायत की। साथ ही प्रतिष्ठान को बंद कराने के लिए जा पहुंचे और जमकर हंगामा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष को शांत कराया। इस मामले की शिकायत फूड विभाग से भी की गई है। इससे पूर्व भी बिरयानी में बाल निकलने की खबर के बाद हैदराबादी बिरयानी स्टॉल चर्चाओं में रह चुका है। इस घटना के बाद आज शहर की अधिकांश दुकानें बंद नजर आईं।

# थाना प्रभारियों से ज्यादा एसपी सुनते हैं पीड़ितों की फरियाद!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मलाईदार थानों पर तैनात थाना प्रभारी जनता की समस्या सुनने में फिसड्डी**

गोण्डा । जनपद के मलाईदार थाने पर जुगाड़ से पोस्टिंग पाने वाले थाना प्रभारियों को जनता की समस्या से कोई वास्ता नहीं है।उनका सिर्फ एक उद्देश्य है। जिस के लिए वह अपना ऊर्जा खर्च करते है।उनके उद्देश्य को पूरा करने का जिस प्रार्थना पत्र में कूबत होती है। उस पर ही वह अपनी सक्रियता दिखाते है।अन्यथा थाना परिसर के आवास से बाहर निकलने की जहमत नही उठाते।थाना प्रभारियों के ढीले पन से जहां अपरा धियो के हौसले बुलंद है।वहीं पीड़ितों को न्याय की गु हार के लिए एसपी के यहां जाना उनकी विवसता है।

थानों पर फरियाद लेकर पहुंचने वालों को सबसे पहले तो पुलिसिया उत्पीड़न का इस कदर शिकार होना पड़ ता है।जैसे वह थाने पर आकर सबसे बड़ा गुनाह कर दिए।अधिकांश थाना प्रभारियों की स्थिति यह है वह अपने आवास कक्ष से ही थाना चला रहे है।इनसे मिल ने के लिए बाकायदा थाने पर कार खास लोग लगाए गए है।जो यह तय करते है कि बड़े साहब के यहां जाने लायक है कि नही।क्योंकि साहब के मानक का आक लन यह लोग प्राथना पत्र के आधार पर करते है।थानों पर पीड़ित की आवाज न सुनी जाने पर अधिकांश तो उस अन्याय को अपने भाग्य से जोड़कर वापस घर च ले जाते है।वहीं कुछ पुलिस थाने के इस कृत्य पर हि म्मत जुटाते हुए पुलिस अधीक्षक के जनता दरबार मे पहुंच जाते है।हालांकि सीधे एसपी के जनता दरबार मे पीड़ित सीधे अपने से नही पहुंच पाता।फिर वह किसी न किसी को अपना वैशाखी बनाता है।एसपी के जन ता दरबार मे पहुंचकर अपनी बात को रखते है।जहां से सम्बंधित थाने को वह शिकायती पत्र बकायदे आईजी आरएस के माध्यम से भेजा जाता है।जिसके बाद जि स थाने पर फरियादी से सीधे मुंह बात न करने वाले पु लिसकर्मी आईजीआरएस के प्रार्थना पत्र मिलने के बा द पीड़ित के समस्याओं को सुनते है।

# बैंक बेवजह किसी व्यक्ति का ऋण आवेदन निरस्त न करें : आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशी ल की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त सभागार में मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक हुई।बैठक में मुख्य रूप से उद्यम से जुड़ी समस्त योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लाभा र्थियों तक पहुंचाने को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। आयुक्त ने समस्त उपायुक्त उद्योग, एलडीएम व सभी बैंकों का निर्देशित किया कि सरकार द्वारा उद्यम से जुड़ी जो भी योजनाएं संचालित की जा रही है उनका अधि क से अधिक प्रचार प्रसार करते हुए उनका लाभ पात्र ला भार्थियों को अवश्य दिया जाए। उन्होंने सभी बैंकों का नि र्देश दिए कि बैंक में उद्यमियों के लिए हेल्प डेस्क बनाकर उन्हें योजनाओं पूरी जानकारी दी जाए।बैठक में मंडला युक्त ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति ऋण हेतु आवेदन कराता है तो आवेदन करने को दौरान ही उसे सभी जरूरी अभिले खों के संबंध में अवगत करा दिया जाए जिससे कि यह समय रहते ही सभी अभिलेख उपलब्ध करा सके।मंडला युक्त ने कहा कि सभी जिलों में समय से उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की जाये। बैठक में जो भी समस्याएं निकल कर आए उसका संबंधित अधिकारियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए।आयुक्त ने मुख्य मंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना सहित समस्त योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश सभी उपायुक्त उद्योग और एलडीएम को दिये।आयुक्त ने प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के अन्तर्गत बलरामपुर और श्रावस्ती जनपद में अभ्यर्थियों का सत्यापन प्रगति कम होने पर शत प्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। बलरामपुर उपायुक्त उद्योग को योजनाओं में प्रगति खराब होने पर स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये।मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत मण्डल स्तर पर 352 के लक्ष्य के सापेक्ष 294 आवेदनों को बैंको द्वारा स्वीकृत करते हुये 274 लाभा र्थियों को ऋण वितरित किया गया।जबकि एक जनपद एक योजना के अन्तर्गत 213 के लक्ष्य के सापेक्ष 113 आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृत करते हुये 102 लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया गया।बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग सविता भारती रंजन,सभी जिलों के उपायुक्त उद्यो ग,एलडीएम एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधि व उद्यमी उपस्थित रहे।

# प्रारंभ हो रहे चौरासी कोसीय होली परिक्रमा का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पुलिस कर्मियों को ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की दी गयी हिदायत**

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय चक्रेश मिश्र द्वारा दिनांक 01.03.25 से प्रारंभ हो रहे चौरासी कोसीय होली परिक्रमा मेला के दृष्टिगत सुरक्षा, शांति एवम् कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु ड्यूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग की गयी। इस दौरान महोदय द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गयी एवम् परिक्रमार्थियों की किसी भी प्रकार की शिकायत/समस्या पर उसकी तत्काल जांच एवम् निस्तारण के निर्देश दिये। महोदय द्वारा बताया गया कि परिक्रमा के दौरान भीड़ नियंत्रण/यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने हेतु आवश्यकतानुसार डायवर्जन करें एवम् महिलाओं/बच्चो/वृद्धों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, किसी के भी अपने परिजन से छूटने की स्थिति में उन्हें सुरक्षित स्थान पर लाकर परिजन से मिलाने हेतु यथासंभव प्रयास करें। इस दौरान सभी निरंतर एक दूसरे के संपर्क में भी रहें एवम् किसी भी प्रकार की परिस्थिति उत्पन्न होने की आशंका के दृष्टिगत यथाशीघ्र नियंत्रण सुनिश्चित करें। संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक स्थायी पुलिस बल तैनात रखें एवम् अराजक तत्वों पर समुचित माध्यमों से दृष्टि बनाये रखें। होली परिक्रमा मार्ग क्षेत्र में बिना अनुमति किसी प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित न होने दें। ग्राम प्रहरियों एवम् स्वेच्छा से बने वॉलंटियर्स का सहयोग लेते रहें। ब्रीफिंग के दौरान एडीएम सीतापुर नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन, एसडीएम मिश्रिख अनिल रस्तोगी, क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख दीपक कुमार सिंह मौजूद रहे।

## सकरन में बने अधिकतर आर आर सेंटर चिढ़ा रहे मुंह, जमकर हुआ घोटाला

सकरन(सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । एस एल डब्लू एम की लाखों रुपयों की धनराशि जिम्मेदारों की नजरों के सामने ही औने पौने मानक विहीन कामों के जरिए डकार ली गई,क्षेत्र में बनवाए गए आर आर सेंटरों, सोकपिटों,नालियों के निर्माण में लगाई गईं खास किस्म की ईंटे ही निर्माण गुणवत्ता को दर्शाने के लिए काफी इसी के साथ सीमेंट,बालू ,मौरंग का अमानक प्रयोग सकरन में विकास कार्यों की खोल रहा पोल। आर आर सेंटर सरैया कला,कौवाखेड़ा,शाहपुर की स्थिति इतनी बदहाल है कि वहां कभी भी हो सकता कोई हादसा पर जिम्मेदार हैं कि गुलाबी नोटों के आगे आंखों पर बांध चुके पट्टी।लाखों रुपयों की बरबादी का दृश्य देखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर को सकरन छोड़ कहीं भी जाने की जरूरत ही नहीं।ग्राम पंचायतों में बनवाए गए खास किस्म की ईंटों से सोकपिट व नालियों के निर्माण कार्य ने सकरन को जिले ही नहीं प्रदेश में अव्वल दर्जा प्रदान किया है।आखिर खंड विकास अधिकारी सकरन कब करवाएंगे टूट चुके आर आर सेंटरों की जांच व दोषियों के खिलाफ किस स्तर तक करते हैं कार्यवाई या यूं ही ठंडे बस्ते में पड़े रहेंगे ये भ्रष्ट पूरित कार्य?

## चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्वसंबंधित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार यादव के निकट पर्यवेक्षण में थाना तंबौर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त मेहताब पुत्र मुन्ना नि.मोहल्ला कायस्थन टोला कस्बा व थाना तंबौर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी की एक प्लेटिना मोटर साइकिल नम्बर UP41T 8705 बरामद हुई है। बरामद मोटरसाइकिल अभियुक्त ने सीएचसी तंबौर से चोरी की गयी थी जिसके संबंध में थाना तंबौर पर मु.अ.सं. 77/25 पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## शान्ति भंग मामले में 4 आरोपी चढ़े हैदराबाद पुलिस के हत्थे

गोला गोकर्णनाथ-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के संनिकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्ग दर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद शिवा जी दुबे के नेतृत्व में थाना हैदराबाद खीरी की पुलिस टीम द्वारा शान्ति भंग करने वाले 4 अभियुक्तो विनोद कुमार पुत्र बाबूराम उम्र 45 वर्ष, राहुल कुमार पुत्र विनोद कुमार उम्र करीब 22 वर्ष, ममता पत्नी स्व0 प्रमोद कुमार उम्र करीब 48 वर्ष, शिवम पुत्र स्व0 प्रमोद कुमार उम्र करीब 21 वर्ष सभी निवासी गण ग्राम रोशननगर थाना हैदराबाद खीरी को गिरफ्तार कर अतंर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0 नि0 अशोक कुमार सिंह थाना हैदराबाद, हे0 का0 अरुण रावत थाना हैदराबाद, का0 नीरज कुमार थाना हैदराबाद, म0का0 अंशिका थाना हैदराबाद खीरी मौजूद रहीं।

## गांव के बेटे की इसरो तक उड़ान, मेहनत से लिखी सफलता की कहानी

मीरजापुर। कभी खेतों में पिता का हाथ बंटाने वाला डोहरी गांव का बलदाऊ सिंह अब देश के शीर्ष वैज्ञानिक संस्थान इसरो में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएगा। किसान परिवार में जन्मे बलदाऊ ने अपनी मेहनत और लगन से ग्रुप सी असिस्टेंट पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है।

बलदाऊ सिंह के पिता एक किसान हैं और माता मनावती देवी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने बेटे की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। बलदाऊ ने हाईस्कूल यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, बबुरी और इंटरमीडिएट तुलसी विद्या निकेतन से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। इसके बाद बीटेक की डिग्री अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद और एमटेक की डिग्री आईआईटी धनबाद से पूरी की।

इसरो में चयन के लिए बलदाऊ ने दिल्ली में रहकर कठिन परिश्रम किया। परीक्षा का आयोजन 2022 में हुआ था, और 20 सितंबर 2024 को उनका साक्षात्कार हुआ। 19 फरवरी 2025 को घोषित परिणाम में बलदाऊ ने सफलता हासिल कर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन कर दिया।

बलदाऊ की इस उपलब्धि से गांव में जश्न का माहौल है। ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह, ग्राम प्रधान अमरनाथ सिंह, आनंद सिंह बंटू, राकेश सिंह, अखिलेश सिंह, आनंद पटेल, अनिल सिंह, सुनील कुमार सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## व्यापारी वर्ग के विरुद्ध कार्य करने वाले महापौर के सामाजिक बहिष्कार का निर्णय

मुरादाबाद। पंजाबी समाज उत्तर प्रदेश महानगर व जिला की बैठक गुरुवार को स्टेशन रोड स्थित एक होटल में हुई। जिसमें वक्ताओं ने नगर निगम प्रशासन पर बुध बाजार में व्यापारी समाज के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए रोष व्यक्त किया। बैठक में व्यापारी समाज के विरुद्ध काम करने वाले महापौर विनोद अग्रवाल के सामाजिक बहिष्कार की बात कही गई।

पंजाबी समाज उत्तर प्रदेश के महानगर अध्यक्ष राजीव गुंबर एडवोकेट ने कहा कि नगर निगम द्वारा व्यापारियों का हाउस टैक्स, किराया बढ़ोतरी व नामांतरण को लेकर उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महापौर विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में बीते माह हुई नगर निगम बोर्ड की बैठक में भी हाउस टैक्स व किराया बढ़ोतरी प्रस्ताव पास करते समय जनहित को ध्यान में नहीं रखा गया। बैठक में व्यापारी समाज का समर्थन करने और प्रस्ताव वापस न होने तक महापौर विनोद अग्रवाल का सामाजिक बहिष्कार का निर्णय लिया। राजीव गुंबर ने आगे कहा कि पंजाबी समाज का प्रतिनिधिमंडल इन समस्याओं को लेकर जल्द ही मंडलायुक्त से भी मुलाकात करेगा। बैठक की अध्यक्षता विजय मदान ने की। इस मौके पर नीटा धमीजा, भूपेंद्र सिंह बाली, कमल गुलाटी, प्रदीप सेठी, सतीश रहेजा, देश रतन कत्याल, काले पहलवान आदि मौजूद रहे।

# पापा को सबक सिखाने के लिए नाबालिग ने दोस्तों के साथ मिलकर घर में की थी एक करोड़ रुपये की चोरी

एजेंसी



कानपुर । मुझे जानकारी हुई कि मेरे पिताजी मुझे अपनी संपत्ति से बेदखल करने वाले हैं इसलिए मैंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपने पापा को सबक सिखाने के लिए घर में चोरी करने की रणनीति बनाई। पनकी थाना क्षेत्र में खुद के घर से 21 लाख रुपये की नकदी और ज्वेलरी समेत एक करोड़ रुपये की चोरी करने वाले कारोबारी के नाबालिग बेटे ने पुलिस को यह बातें बताई है। पाकी थाना क्षेत्र में रहने वाले कारोबारी की फजलगंज में कपड़ों पर डाई लगाने वाली फैक्ट्री है। उनका एकलौता नाबालिग बेटा शहर के एक नामी- गिरामी स्कूल में दसवीं का छात्र है। कुछ समय पहले वह इलाके के रहने वाले और उम्र में उससे बड़े हिमांशु, आर्यन, आकर्ष, भानु, आयुषमणि और दो अन्य के संपर्क में आया था। आरोप के मुताबिक यह सभी लड़के अच्छे नहीं थे इसलिए उनका बेटा इन लोगों की संगत में पड़कर नशेबाजी के साथ-साथ घर में छोटी-मोटी चोरियां भी करने लगा। सबसे पहले उसने घर से मोबाइल और लैपटॉप बेच दिया। अपने बेटे को इस बुरी संगत से बचने के लिए पूरा परिवार गोविंद नगर के रतनलाल नगर में किराए के मकान में रहने लगे थे। पीड़ित पिता ने बताया कि रविवार की रात घर से बेटा अचानक गायब हो गया। अगले दिन सोमवार को परिजन अपने बेटे को ढूंढते हुए पनकी स्थित घर पहुंचे। जहां घर में अलमारी का सारा सामान जमीन पर बिखरा पड़ा था और नकदी व ज्वेलरी गायब मिली। तब जाकर उन्हें घर में हुई चोरी की जानकारी हुई। आनन-फानन पीड़ित ने पनकी थाने में अपने बेटे और उसके दोस्तों के खिलाफ एक करोड़ रुपये की चोरी का मुदकमा दर्ज कराया। अपर पुलिस उपायुक्त विजेंद्र द्विवेदी ने गुरूवार को बताया पीड़ित की शिकायत के आधार पर सीसीटीवी कैमरों और सर्विलांस की सहायता से नाबालिग बेटे और उसके चार दोस्तों हिमांशु, आर्यन, आकर्ष, आयुषमणि को एक होटल से गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही उनके पास से चोरी का करीब 60 फीसदी माल भी बरामद किया गया है। पकड़े गए दो आरोपित चोरी के मामले में पहले भी जेल जा चुके हैं। इस वारदात में उनका साथ देने वाले दो अन्य साथी और भी हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## मुरादाबाद-लखनऊ हाइवे पर बना रामगंगा पुल दोबारा हुआ बंद

मुरादाबाद । मुरादाबाद-लखनऊ हाइवे पर बना रामगंगा पुल सात दिन बाद गुरुवार को दोबारा बंद हो गया। साथ ही पुल की मरम्मत का कार्य भी पुनः प्रारंभ हो गया। अब छोटे-बड़े सभी वाहन बदले मार्ग से चलने शुरू हो गए। रामगंगा पुल पर पैदल चलने पर भी अब रोक रहेगी। 5 मार्च के बाद लोक निर्माण विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी पुल के निर्माण कार्य की समीक्षा करेंगे, जिसमें तय होगा कि पुल पर यातायात कब चालू होगा। मुरादाबाद से रामपुर, काशीपुर और बाजपुर को जोड़ने वाला रामगंगा पुल मरम्मत के लिए पांच फरवरी को बंद कर दिया गया था। इसके बाद सभी तरह के वाहन दूसरे मार्गों से गुजारे जा रहे थे। महाशिवरात्रि पर कांवड़ यात्रा को देखते हुए 20 से 26 फरवरी के बीच दोपहिया वाहनों और कांवड़ियों के लिए खोल दिया गया था। कांवड़ यात्रा के बाद अब फिर से पुल पर मरम्मत कार्य किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि आज सुबह से पुल एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया। आज से कारें और बाइकें जामा मस्जिद पुल से गुजारी जा रही है। भारी वाहन और रोडवेज बसें हनुमान मूर्ति, पंडित नगला होकर निकल रहे हैं। हरिद्वार और बिजनौर से आने वाली रोडवेज बसें डिपो तक आ रही हैं। एसपी ट्रेफिक ने आगे बताया कि रामगंगा पुल पर दोपहिया वाहनों का संचालन बंद होने से जामा मस्जिद पुल पर फिर से वाहनों का दबाव बढ़ेगा, जिसे देखते हुए थाना कटघर, थाना गलशहीद व थाना मुगलपुरा पुलिस को भी अलर्ट कर दिया गया है।

# टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग रहेगा अग्रणी : बीएसए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। ब्लॉक संसाधन केंद्र कसया एवं फाजिलनगर के परिसर में गुरुवार को 75-75 कुल 150 टीबी रोगियों को बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों द्वारा प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया। एक दिन में सर्वाधिक टीबी रोगियों को गोद दिलाने का रिकार्ड भी कायम हो गया।




कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य ने कहा कि जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिये आमजन का सहयोग जरूरी है।उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग अग्रणी भूमिका में रहेगा। सभी को क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करने की जरूरत है। सामूहिक प्रयास से ही टीबी रोग को समाप्त कर सकते है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के एमोटीसी डॉ मुकेश यादव ने कहा कि टीबी रोगी दवा के साथ पौष्टिक आहार लेने से मरीज शीघ्र स्वस्थ हो रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी के भागीदारी से ही जनपद टीबी मुक्त हो सकता है। उन्होंने ने कहा कि शिक्षक गण शिक्षण कार्य के साथ सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका में रहते है। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र तथा शिक्षक तामेश्वर पाठक ने किया। अतिथियों का स्वागत ने किया शिक्षक नेता राजेश शुक्ला तथा आभार ज्ञापन भगवन्त कुमार सिंह ने किया। इस दौरान एसटीएस शाहिद अंसारी,आदित्य तिवारी,शिक्षक छेदी प्रसाद,वाहिद अली,ध्रुव नारायण सिंह,अविनाश शुक्ला, विद्यासागर पांडेय,कलमदानी सिंह,जैनुल आब्दीन अंसारी, अरुण कुमार वर्मा, मनोज कुमार सिंह,शैलेश कुमार,दयाशंकर सिंह,रामेश्वर सिंह,संजू सिंह,प्रतिमा सिंह, रणजीत सिंह,राकेश सिंह,उर्मिला उपाध्याय, फरहद अली,अखिलेश शर्मा, महेश प्रसाद रजक, महेन्द्र सिंह, बदरूज्जमा सिद्दीकी, दीपेश कुमार सिंह, निशांत कुमार पाण्डेय, अरुणेश कुमार मिश्र, नसरीन अख्तर, सुनीता सिंह, अनामिका शाही, रेनू पाण्डेय, अनिल कुमार द्विवेदी, रेनू सिंह,प्रियंका श्रीवास्तव, अन्नू मौर्या, विनोद प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, अतीक अहमद, ब्रजनारायण प्रसाद गोंड, रवीन्द्र कुमार टैगौर, कृष्ण मोहन, हरिन्द्र कुमार चौरसिया, अनीता मिश्रा, रंजीता सिंह, प्रियंका पाण्डेय, मनोज कुमार चतुर्वेदी, रश्मि सिंह तोमर, गौरव मद्धेशिया, अमला प्रसाद, पयोदकान्त मिश्र, दिनेश यादव, रामचन्द्र सिंह, दुर्गेश सिंह, मुरलीधर पाण्डेय, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, मीनी जायसवाल, सत्येन्द्र तिवारी, पुष्पा सिंह, सुभाष वर्मा, अशोक प्रताप सिंह, सरिता, अनीता साहनी, अजय कुमार जायसवाल, अशोक कुमार, सुशील शर्मा, राजकिशोर सिंह, मणि प्रभा, राजेश प्रजापति उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि के पर्व पर भव्य शिव बरात व शिव पार्वती विवाह संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगर पंचायत छितौनी के विवेकानन्द नगर वार्ड में स्थित मां शिव मन्दिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव विवाह का आयोजन धुम धाम से सम्पन्न हुआ। जो बुद्धवार को देर शाम लोहिया नगर वार्ड के मां बोधीस्थान मन्दिर से बैन्ड बाजा , भागड़ा, विभिन्न प्रकार की झांकियों के साथ व राधा कृष्ण नृत्य के साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाओं समेत पुरुष बरातियों के साथ शिव बरात निकली थी। जो रात करीब 8 बजे केन यूनियन परिसर स्थित शिव मन्दिर में बरात पहुंचने पर घरातियों के रुप में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बरात का स्वागत करते हुये भोले शंकर को कन्धे पर उठाकर स्वयंवर स्थल तक ले गये। जहां विधि- विधान के साथ शिव पार्वती विवाह का आयोजन हुआ।



श्री बुलहवा बाबा शिक्षा सेवा समिति के संरक्षक बाल कृष्ण दास के अनुसार छितौनी में रहने वाले सनातनी शिव भक्तों एवं एवं युवा पीढ़ी को सनातन धर्म, संस्कृति के बारे में विस्तृत जानकारी देने हेतु हिंदू धार्मिक पर्व एवं त्योहार पर मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें सैकड़ों हजारों की संख्या में स्थानीय निवासी भाग लेकर अपने धर्म संस्कृति के उत्थान व प्रचार प्रसार के लिए कार्य करते हैं। वही मां शक्ति दुर्गा पूजा समिति के रितेश रौनियार व सुमित वर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के तमाम शिव भक्त शिव विवाह समारोह में सम्मिलित होकर भगवान शिव व माता पार्वती के सगाई, हल्दी, मेहंदी ,संगीत एवं विवाह का भव्य आयोजन में शामिल हुये। शिव पार्वती के वैवाहिक कार्यक्रम में महराजगंज के मसहूर बैंड बाजा, ढोल, तासों के साथ मां बोधीस्थान मन्दिर से शिव मंदिर परिसर तक रथ व पालकी से भव्य बारात निकाली गई। द्वारपूजा के बाद रात्रि में शिव-पार्वती का वैदिक मंत्रों के साथ विवाह पंडित करुणा कान्त, अजित पांडेय वैदिक रीति से विवाह संपन्न कराया। इस समारोह को सफल बनाने में प्रदीप वर्मा, प्रिशु गुप्ता, दिनेश जायसवाल, मनोज जायसवाल, राजेश कुशवाहा, योगेश शर्मा, सन्दीप कुशवाहा,विनोद वर्मा, सोनू श्रीवास्तव, रमेश व्याहुत, शंकर प्रसाद, अजय वर्मा, संजय जायसवाल, मनीष कुमार, विजय वर्मा, महत्वपूर्ण भुमिका निभाये।

# कौन है सर्वेश्वर... जो बना है डीआईओएस का सिपहसलार !

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिला विद्यालय निरीक्षक व उनका कार्यालय इन दिनों चर्चाओं में है। चर्चाओं की वजह सर्वेश्वर तिवारी नामक एक व्यक्ति और खुद डीआईओएस है। सबब यह है कि सर्वेश्वर न तो डीआईओएस कार्यालय का कोई कर्मचारी है और न ही शिक्षक। इसके बावजूद सर्वेश्वर न सिर्फ डीआईओएस दफ्तर का मालिक बन महत्वपूर्ण पटल संचालित करता है बल्कि जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ साये की तरह देखा जाता है इसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।



काबिलेजिक्र है कि सर्वेश्वर तिवारी उर्फ सोनू जिला पुस्तकालय में आउटसोर्सिंग के जरिये चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है। सूत्रो की माने तो जब से श्रवण कुमार गुप्ता कुशीनगर में जिला विद्यालय निरीक्षक का कार्यभार संभाले है तब से सर्वेश्वर तिवारी की डीआईओएस कार्यालय में इस कदर सक्रियता बढ गयी है जैसे वह संबंधित विभाग का ओएस (आफिस सुप्रिडेंट) हो, जबकि इसके पूर्व सर्वेश्वर तिवारी डीआईओएस दफ्तर के आजू-बाजू नही फटकता था। बताया जाता है कि नवागत डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्ता के आने के बाद सर्वेश्वर तिवारी का इस कार्यालय पर डंका बजने लगा है। विभागीय सूत्रो का कहना है सर्वेश्वर इस कार्यालय का कोई कर्मचारी न होने के बाद भी सभी महत्वपूर्ण पटलो का फाइल इधर-उधर करते हुए देखा जाता है। सूत्रो का ऐसा दावा है कि सर्वेश्वर तिवारी जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता का वह सिपहसलार है जो साया की तरह उनके साथ रहता है। यही वजह है कि वह जिला विद्यालय निरीक्षक के नाम पर इण्टर कालेज से साहब के लिए बेड, टीवी, एसी, कूलर सहित नगद धनराशि की डिमांड करता है। सवाल इस बात का है कि सर्वेश्वर द्वारा की जा रही वसूली में डीआईओएस की रजामंदी है या नही अथवा सर्वेश्वर द्वारा की जा रही वसूली मे कितनी सच्चाई है यह जांच का विषय है।

ऐसी चर्चा है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित यूपी बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रो को विद्यालय तक भेजवाने मे भी अवैध कर्मचारी सर्वेश्वर की भूमिका अहम रही। जानकारों का कहना है कि विभागीय कर्मचारी न होने के कारण सर्वेश्वर से गोपनीयता भंग होने की आसार बढ जाता है। इसके बावजूद वह जिला विद्यालय निरीक्षक का चेहता बना हुआ है और विभागीय कर्मचारियों पर अपना धौस साहब की तरह जमाता है।

# डिजिटल लिटरेसी, कोडिंग और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग का समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान कुशीनगर में आयोजित पांच दिवसीय डिजिटल लिटरेसी, कोडिंग और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग का सकुशल समापन हुआ। प्रशिक्षण में पडरौना, दुदही, सेवरही विकास खंड से कुल 120 शिक्षको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के नोडल डायट प्रवक्ता श्री चंद्रशेखर कुमार एवं सन्दर्भदाता विकास श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, विपिन सिंह, भानु सिंह द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत सभी शिक्षक बेसिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 6 से 8 तक बच्चों को पाठ्यक्रम के अंतर्गत एम.एस. वर्ड, एक्सेल, पेंट, नेटवर्किंग, साइबर सिक्योरिटी, स्क्रैच, पाइथन लैंग्वेज के बारे में पढ़ाएंगे। जिससे परिषदीय बच्चे भी अब आई.टी. क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में पडरौना ब्लॉक विजयी रहा। प्रशिक्षण में रामगति प्रसाद, शैलेश सिंह, मनीष तिवारी, रेखा श्रीवास्तव, रेणुबाला सिंह, दीपक कुमार, रुद्र प्रताप सिंह, दीपशिखा शर्मा, लक्ष्मिश्री, नुरूल अमीन, देवव्रत चौबे आदि सम्मिलित हुए।

## त्रिवेणी चीनी मिल ने 12 फरवरी से 18 फरवरी तक के गन्ना मूल्य का किया भुगतान

**पडरौना, कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला ने जनपद में गन्ना मूल्य भुगतान में अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखा है। मिल ने वर्तमान पेराई सत्र के दौरान 12 फरवरी से 18 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का 14 करोड़ 31 लाख रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिया है। इस संबंध में प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने जानकारी दी। प्रधान प्रबंधक ने कहा कि किसानों का हित मिल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे ताजा, साफ-सुथरा गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें, जिससे उनकी गन्ना आपूर्ति की गुणवत्ता बनी रहे और भविष्य में बेसिक कोटा बढ़ने का लाभ मिल सके। वसंत कालीन गन्ने की बुआई पर विशेष जोर देते हुए मिल प्रबंधन ने आगामी वसंत कालीन गन्ना बुआई को ध्यान में रखते हुए किसानों से गन्ने की उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों एग-118, एग 15023,एग्खग्ख 14201, एग्खग्ख94184 प्रजातियों की बुआई की अपील की। इसके अतिरिक्त, गन्ने की फसल को रोगों से बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुदान पर उपलब्ध ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सलाह दी गई।

## बॉर्डर पर मिला युवती का शव

**पडरौना कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यूपी-बिहार सीमा पर स्थित घाघवा पुल के नीचे गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिला। स्थानीय ग्रामीणों ने शव की सूचना दोनों राज्यों की पुलिस को दी।बांसी नदी के किनारे मिले शव को लेकर बिहार के भितहा थाना तथा यूपी के विशुनपुरा थाना की पुलिस में विवाद खड़ा हो गया। दोनों थानों की पुलिस इस बात पर अड़ी रही कि शव उनके क्षेत्र में नहीं है। जिसके कारण कई घंटों तक कार्रवाई नहीं हो सकी। दोनो राज्यो की पुलिसकर्मी आपस में यह तय करने में लगे रहे कि शव को कौन उठाएगा और पोस्टमार्टम के लिए कहां भेजा जाएगा। तब तक शव वहीं पड़ा रहा वही स्थानीय लोगों की भीड़ बढ़ती गई। लोगों ने पुलिस की इस लापरवाही पर कड़ा विरोध जताया।अंत मे युपी की विशुनपुरा पुलिस ने पहल करते हुए शव को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। युवती की पहचान व मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। विशुनपुरा थाना प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि मृतका की उम्र लगभग 20से 25 वर्ष के आसपास है। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे, जिससे हत्या या आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है तथा आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट को खंगाला जा रहा है।पुलिस यह भी जांच कर रही है कि युवती की हत्या कर शव को यहां फेंका गया या फिर नदी में डूबने से उसकी मौत हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पायेगा।

## अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जमकर गरजा नगर निगम का बुलडोजर

कानपुर। नगर निगम द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को महापौर प्रमिला पांडेय के नेतृत्व में जोन चार के अन्तर्गत जरीब चौकी से लेनिन पार्क से होते हुए गोपाल टॉकीज से वनखण्डेश्वर मंदिर चौराहे से लेकर बजरिया तक नाली और नालों के ऊपर अस्थाई अतिक्रमण ढहाते हुए अभियान चलाया गया। साथ ही अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि अगली बार उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शहर में बढ़ते ट्रैफिक के लिए नासूर बनते जा रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का अभियान जारी है। इसी क्रम में महापौर प्रमिला पांडेय दलबल के साथ जोन चार के अन्तर्गत जरीब चौकी से लेनिन पार्क, गोपाल टॉकीज, वनखण्डेश्वर मन्दिर से लेकर बजरिया तक अतिक्रमण अभियान चलाया। इस अभियन में सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ तथा नाला-नाली के ऊपर अस्थाई अतिक्रमण और नों वेडिंग जोन में लगे लगभग आठ ठेले, अठारह टट्र, नौ टीन शेड, चार गुमटी, ग्यारह काउन्टर, ग्यारह तिरपाल, आठ लोहे की ग्रिल, आठ बेंच, आठ डमी, अट्ठाइस बैनर, तीन होर्डिंग, अस्सी कट आउट, आठ ग्लो साइन बोर्ड के साथ ही फुटपाथ पर अतिक्रमण कर बने तीन चबूतरे को हटाते हुए सत्तरह मेज-कुर्सी को जब्त किया है।

## महाकुंभ में भगदड़ के लिए वीवीआईपी कल्चर नीति जिम्मेदार : अजय राय

वाराणसी। प्रयागराज महाकुंभ का औपचारिक समापन होने पर एक बार फिर गुरुवार को कांग्रेस ने भगदड़ से श्रद्धालुओं की मौत को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि महाकुंभ में कुप्रबंधन और दुर्व्यवस्था पर जनता की आस्था भारी पड़ गई। महाकुंभ में जो भगदड़ हुई, वह हृदय विदारक है।

# महाशिवरात्रि मेला के साथ महायज्ञ का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के 11वां दिन**

**कथावाचक ने महाशिवरात्रि के महत्व का किया वर्णन**



राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के शिवाला टोला मे 120 वर्ष पूर्व स्थापित शिवमंदिर परिसर में वर्ष 1965 से लगने वाले महाशिवारात्रि मेला के निमित्त आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के 11वें दिन व कथा प्रवचन के नौवें दिन अयोध्याधाम से पधारे कथावाचक गायत्री नंदन महाराज ने शिवरात्रि के महात्म्य पर प्रकाश डाला। हवन पूजन के साथ यह का समापन हुआ। भंडारा व प्रसाद वितरण रविवार को होगा। श्रोताओं को कथा सुनाते कथावाचक ने कहा कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था इसलिए इस दिन को शिव और शक्ति के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है।

शिव पुराण के अनुसार भगवान शिव का केवल निराकार रूप था। महाशिवरात्रि के दिन शिवजी पहली बार शिवलिंग के रूप में सृष्टि में प्रकट हुए थे। यह एक ऐसा शिवलिंग था जिसका ना तो आदि था और न ही अंत। उनके इस रूप का सबसे पहले ब्रह्मा जी और भगवान विष्णु ने पूजन किया था। इसके पूर्व सीपीआईसी के डायरेक्टर धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सूर्यकांति देवी, अनुपमा श्रीवास्तव, अनामिका श्रीवास्तव, राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव सियाशरण उर्फ सप्पू पांडेय, अरविंद सिंह, पूर्व जिपंस संजय पासवान, रामबिहारी गुप्ता, राहुल मिश्र, गोविंद उर्फ मुन्ना मिश्र आदि ने कथामंच का शुभारंभ किया। यज्ञ का समापन हवन-पूजन व भव्य मेला के साथ हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू यादव ने बताया कि पक्का यज्ञशाला के निर्माण हेतु आगामी रविवार को प्रातः दस बजे भूमिपूजन होगा। इसी दिन दोपहर 12 बजे से भंडारा आयोजित होगा। इस दौरान आयोजक हरिदास महाराज, अध्यक्ष राजू गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, भोलू यादव, छोटो ठाकुर, मुकेश यादव, पप्पू यादव, सुनील मिश्र, अशोक यादव, बिंदू देवी, किसमती देवी, रुबी, छोटी, निशु, बबल, रागिनी, कल्याणी, विनीता, लक्ष्मी, श्रीमती, रीता देवी, सोनी गुप्ता, अंशिका, पूजा आदि मौजूद रहे।

## युवक को जबरन खिलाया जहरीला पदार्थ, मौत

फतेहपुर। जिले में डोली उठाने का बयाना वापस करने गए युवक को जबरन जहर खिला दिया, जिससे युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी रामभवन(30) पुत्र रामनरेश शादियों में डोली उठाने का काम करता था। थाना क्षेत्र के ही थरियांव-असोथर रोड स्थित करनपुर गांव के निवासी जयचंद्र यादव के पुत्र की आगामी 01 मार्च को शादी थी। जिसमें डोली उठाने के लिए जयचंद्र ने रामभवन को करीब एक महीने पहले बतौर बयाना 500 रुपये दिए थे। मजदूर न मिलने के चलते रामभवन कल बुधवार को बयाना वापस करने के लिए जयचंद्र यादव की दुकान पहुंचा था। इस दौरान जयचंद ने रामभवन के साथ मारपीट की। साथ ही उसे जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर चोर घायल व तीन अन्य साथी गिरफ्तार

**मलिहाबाद और आसपास के क्षेत्र में लगातार ट्रांसफार्मरों को निशाना बना कर रहे थे चोरी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद और आसपास के क्षेत्र में लगातार ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाकर तेल और कॉपर क्वाइल चोरी करने वाले गिरोह की मलिहाबाद पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गयी। जिसमें पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुठभेड़ में एक चोर को पुलिस की गोली लगी है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलिहाबाद व रहीमाबाद थाना क्षेत्र में करीब दो माह से चोरों का आतंक जोरों पर था। बेखौफ चोर क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक विधुत ट्रांसफार्मरों को अपना निशाना बनाकर विधुत विभाग को लाखों रुपये का चूना लगाकर तेल और कॉपर क्वाइल का तार चोरी कर रहे थे। बीती रात मलिहाबाद पुलिस और डीसीपी पश्चिम की क्राइम टीम ने ग्राम सहिलामऊ के निकट विधुत ट्रांसफार्मर में चोरी की खबर पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने घेराबंदी कर चोरों को पकड़ने का प्रयास किया। इतने में ही सेंट्रो कार में बैठे चोर काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम घनश्यामपुर निवासी रंजीत यादव ने भागने के साथ पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने अपने बचाव में फायरिंग कर दी तो रंजीत यादव के पैर में गोली लग गयी। जिसके बाद उसे गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने सेंट्रो में बैठे इसके सगे भाई मनोज यादव, इसी के गांव के निवासी शिवा उर्फ तन्नू व मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेलगढा निवासी विपिन को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ ने बताया कि उक्त चारों चोर शातिर किस्म के अपराधी है। जिनके ऊपर अवैध असलहा रखने सहित चोरी व लूट के मुकदमे दर्ज है। घायल रंजीत यादव को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ मनोज यादव, शिवा उर्फ तन्नू व विपिन को जेल भेजने के साथ इनके पास से सेंट्रो कार यूपी 32 बीजेड 1177 व 12 कॉपर क्वाइल, तमंचा व दो ज़िंदा कारतूस बरामद किया गया है।

कम उम्र में ही चारों बन चुके है शातिर अपराधी : पुलिस पकड़ में आये चारों चोर काफी शातिर अपराधी है। उक्त चारो की उम्र 20-25 साल है। पुलिस मुठभेड़ में घायल रंजीत यादव 29 वर्ष के ऊपर 9, इसके सगे भाई मनोज के विरुद्ध 6, शिवा उर्फ तन्नू के विरुद्ध 8 व विपिन के विरुद्ध 8 मुकदमे चोरी,लूट सहित कई अन्य प्रकार के अभियोग विभिन्न थानों में दर्ज है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक: 100 / न0पा0परि0सुल0/2024-25 दिनांक: 27 फरवरी, 2025

## ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए टैक्सी, टैम्पो, ई-रिक्शा पार्किंग शुल्क (संयुक्त) की वसूली के ठेकों हेतु ई-निविदा दिनांक 01.03.2025 से दिनांक 10.03.2025 को अपराहन 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 04.00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://www.etender.up.nic.in से डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है एवं अन्य नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सम्बन्धित पटल से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**सुलतानपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**सुलतानपुर**

# तेंदुआ भगत गांव में मनरेगा में लूट है...लूट सको तो लूट

## क्या डीसी मनरेगा फर्जी हाजरी लगाने की दे रखी है लूट की खुली छूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । खून बहाकर देश को आजादी दिलाने वाले स्वतंत्र ता सेनानियों ने खादी पर आम नागरिकों का विश्वास जमा या था।लेकिन अगस्त 1947 के बाद अधिकाश सरकारी योजनाओं में हुई लूट के कारण खादी पर से लोगों का भरो सा उठता रहा है।लेकिन आम जनता करे भी तो क्या करे।चुनाव उनको आखि र खादी पहनने वाले नेताओं और प्रधान को ही करना है।जबकि कुछ प्रधान को जहां मौका लग ता है लूटने में लग जाते हैं।ऐसी ही लूट विकासखण्ड पड़री के ग्राम पंचायत तेंदुआ भगत गांव मनरेगा में लूट मची हुई है।गाव के बेरोजगारों को सौ दिन



रोजगार योजना मनरेगा का लाभ दिलाने के बजाए ग्राम पंचायत के प्रधान व पंचा यत सचिव फर्जी मस्टर रोल तैयार बेरोजगारों के हक को भी अपनी जेब मे भर रहे हैं।इस लूट में तेंदुआ भगत प्रधा न के साथ पंचायत सचिव, मनरेगा के उच्च अधिकारी भी पीछे नहीं है।दो मस्टर रोल में एक ही फोटो बार-बार अप लोड

> यह प्रश्न भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा है.देश की जन्ता के पैसों पर अपनी शौक पूरा करने वाले काले ग्राम प्रधान बिषधर की तरह उस धन पर कुण्ड ली मारकर बैठने वाले जो भ्रष्टाचार की भट्टी पर अपनी- अपनी रोटियां सेंक रहे हैं वो सभी सलाखों के पीछे कब जायेंगे पूछ रही हैं जनता..?

किया जा रहा है।वही मनरेगा योजना में हो रहे भ्रष्टा चार के जिम्मे दार इसमें रोजगार सेवक की जिम्मेदारी होती है कि वह एन.एम.एम एस. द्वारा फर्जी हाजिरी लगाते हैं उसके बाद तकनीकी सहायक की जिम्मेदारी होती है कि वह फर्जी एम.बी.कर देते हैं और प्रधान व सचिव की जि म्मेदारी भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है पैसा स्वीकृत होकर श्रमिकों के खाते में पहुंच जाता है।मनरेगा योजना में घोटाले बाजों की जड़े हैं बहुत गहरी व मजबूत मनरेगा योजना में घोटाले बाजों की जड़े इतनी मजबूत है कि कि सी भी ग्रामीण में इतनी हिम्मत नहीं होती की खुलकर इस का विरोध कर सके अगर किसी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई तो उसकी हर तरह से इतना प्रताड़ित व पी ड़ित कर दिया जाता है,मरता क्या नहीं करता आखिर में वह थक हार कर घर पर बैठ जाता है।

# सर्वोदय पीजी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। सर्वोदय पीजी कॉलेज मिहींपुरवा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का साप्ताहिक शिविर का शुभारंभ चयनित ग्राम जयरामपुरवा में हुआ। बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का शुभारंभ सर्वोदय पीजी कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल गुप्ता ने ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया । उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसएस के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों पर चर्चा की और कहा इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होता है। छात्र सामाजिक सेवा के माध्यम से परिवार एवं देश को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं वहीं



प्राचार्य डॉ.संजय कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों को व्यक्तिगत एवं एवं समूह के रूप में विकसित होने में मदद करते हैं। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता लल्लन कुमार ने किया। अंत में कार्यक्रमाधिकारी डॉ नम्रता श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा सभी शिविरार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता लल्लन कुमार, कार्यक्रमाधिकारी डॉ.नम्रता श्रीवास्तव, जैनेंद्र कुमार, ममता , अमित कुमार, गंगाराम एवं राजेश कुमार श्रीवास्तव समेत सभी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# मैकेनिक सड़क पर ही चलाते हैं अपना 'बिजनेस'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । शहर में जाम और अतिक्रमण की समस्या हर जगह है।ऐसे में गोण्डा - बलरामपुर रोड सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के सामने बनी सड़क पर ऐसा ही नजारा देखने को मिलता है।जहां हर तरफ रोड और पटरी पर गैराज की भरमार है।रोड पर स्थित मोटर पा?र्ट्स की दुकानों की संख्या अधिक होने से मैकेनिक रोड पर ही अपना बिजनेस चलाते हैं।जिससे जाम की समस्या हमेशा बनी रहती है।हालत ये हो जाती है कि व्यस्त एरिया होने के बाद भी वहां पर जाम के कारण लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। रोड किनारे मरम्मत के लिए खड़ी कार और बाइक से आने-जाने वालें लोगों को रास्ता नहीं मिल पाता।जिस से आधी से ज्यादा रोड कब्जा हो जाती है।वहीं थोड़ी ही दूर चौराहे पर गुरु नानक पुलिस चौकी होने के बाद भी रोड पर ही गैराज



चलाने वालों की मनमानी जारी है।गोण्डा-बलरामपुर रोड से गुजरने वालों की माने तो कई बार कहने के बावजूद मैकेनिक रोड से वाहनों को नहीं हटाते।ऐसे में उन्हें अपनी गाड़ियों को आड़े-तिरछे कर निकालना पड़ता है।इससे अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।यही हाल गुरु नानक पुलिस चौकी के पास से शुरू होकर नगर कोतवाली तक जाम की स्थि ति बनी रहती है।जिससे कि लोगों को काफी दूर तक ऐसे ही परेशान होना पड़ता है।ट्रैफिक पुलिस का भी ध्यान इस ओर नहीं जाता है।जिससे कि स्कूल और अ स्पताल की ओर से जाने वाले लोगों को काफी मुसीब तें होती हैं।

> कार्रवाई के बाद भी नहीं बदलती सूरत
> नगर पालिका के अतिक्रमण अभियान के दौरान जब भी रोड पर नगर पालिका और प्रशासन का बुलडोजर चलता है तो उस समय ज्यादातर दुकानों के बाहर गैरा ज या वाहन ठीक करने वाले मैकेनिक वहां से हट जा ते हैं।लेकिन दूसरे दिन फिर पहले जैसी स्थिति हो जा ती है।वही स्थानीय लोगों का कहना है कि इसके लिए परमानेंट व्यवस्था होनी चाहिए।ताकि जाम की सम स्या से छुटकारा मिल सके।गुरु नानक चौकी से लेकर गुड्डू माल चौराहे तक जाम की समस्या हमेशा बनी रह ती है।जिसके कारण कई तरह की दिक्कतें लोगों को उठानी पड़ती हैं।लोगों को अपनी कार को रास्ते से नि कलने के बाद भी ठेले और ई रिक्शा वालों से कई बार विवाद का सामना करना पड़ा है।

# 70 हजार से अधिक आबादी को घर के नजदीक मिल रही उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता, मरीजों की देखभाल और बुनियादी ढांचे में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) के चलते बड़ा सुधार हुआ है। हाल ही में पांच और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को केंद्रीय टीम के मूल्यांकन में एनक्वास प्रमाणन के लिए योग्य पाया गया है। सरकार की इस पहल से जिले की 70 हजार से अधिक ग्रामीण आबादी को घर के पास उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

सीएमओ डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि बलहा का मंझौवा भुलौरा, हुजूरपुर का कटघरी और बसंतपुर, शिवपुर का ललुही व कोटवा केंद्रीय टीम के मूल्यांकन में एनक्वास प्रमाणन के लिए योग्य पाया गया, इसके पूर्व चित्तौरा का डीहा, कैसरगंज का परसेण्डी और मदरहा, मोतीपुर का कुंड़वा को एनक्वास प्रमाणित हो चुके थे। उन्होंने बताया कि एनक्वास प्रमाणित इन नौ केंद्रों में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार



नियोजन, टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य, संचारी व गैर-संचारी रोगों सहित 12 प्रकार की सेवाएं उपलब्ध हैं। साथ ही इन केन्द्रों में स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता, मरीज संतुष्टि, रिकॉर्ड प्रबंधन और चिकित्सा प्रक्रियाओं की गुणवत्ता को भी सुनिश्चित किया गया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि प्रमाणन के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, आवश्यक दवाएं व जांच उपलब्ध कराई जाती हैं। सीएचओ व स्टाफ को प्रशिक्षित किया जाता है, और केंद्रों का विभिन्न स्तरों पर मूल्यांकन होता है। प्रमाणन के बाद केंद्रों को रू. 18,000 प्रति पैकेज की धनराशि मिलती है, जो तीन वर्षों तक मान्य रहती है। वर्ष 2025 तक 200 इकाइयों के प्रमाणन का लक्ष्य है, पहले चरण में 48 आरोग्य मंदिर शामिल हैं। जिले के ग्रामीणों द्वारा एनक्वास की सराहना की जा रही है। ब्लाक बलहा के मंझौवा भुलौरा नि. गुलाम दस्तगीर का कहना है कि हमारे गांव में स्वास्थ्य केंद्र तो था, लेकिन साफ-सफाई का बहुत अभाव था। अब अस्पताल में टॉयलेट, पीने के पानी और वेटिंग एरिया की सुविधा पहले से काफी अच्छी हो गई है। इससे मरीजों को काफी सहूलियत हो रही है। ब्लाक हु.जूरपुर कटघरी रामदीन ने बताया कि पहले हमारे स्वास्थ्य केंद्र पर केवल टीकाकरण और परिवार नियोजन की सेवाएँ ही उपलब्ध थीं, अब सीएचओ के माध्यम से जांच और दवाएं उपलब्ध हो रही हैं, इसलिए आपात स्थिति में भी इलाज के लिए अब प्राइवेट डॉक्टर या झोलाछाप के पास नहीं जाना पड़ता है।

इसी प्रकार मिहींपुरवा के ग्राम कुड़वा निवासिनी क्षमा देवी ने बताया, ष्पहले भी प्रसव की सुविधा थी, लेकिन अब अस्पताल की सफाई, स्टाफ का व्यवहार और दवाओं की उपलब्धता पहले से कहीं बेहतर हो गई है। हमें हर जरूरी चीज समय पर मिल रही है। जबकि शिवरपुर के ग्राम कोटवा निवासिनी सावित्री (बदला हुआ नाम) का कहना है कि मुझे टीबी की समस्या थी। पहले जांच के लिए जिला अस्पताल या सीएचसी जाना पड़ता था, लेकिन अब स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में ही समय पर टीबी की जांच और सही सलाह मिल जाती हैं। इससे मुझे काफी राहत मिली है।

# गायघाट के रानीपुर बंगला में लगी भीषण आग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गायघाट के मजरा रानीपुर बंगला में आग लगने से लगभग आधा दर्जन घर जलकर राख हो गए। भीषण अग्निकांड में कृषि यंत्र, पालतू दुधारू मवेशी, पानी के इंजन, वस्त्र, अनाज सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। अग्निकांड के चपेट में आने वाले परिवार में मोहम्मद आरिफ पुत्र शब्बीर, मोहम्मद अहमद पुत्र शब्बीर, बेवा अलीशन पत्नी मोहम्मद अमीन, फकीर मोहम्मद पुत्र मोहम्मद रजा, मुंशी खां पुत्र मोहम्मद रजा, मोहिउद्दीन पुत्र शब्बीर, अब्दुल अजीज पुत्र महबूब का गृहस्थी सहित मकान जलकर राख हुआ है सभी परिवार लाखों के नुकसान की चपेट में है। इन गरीबों के आशियाना जल जाने से यह आसमान तले बसेरा कर रहे हैं। पीड़ितों को आपदाओं के समय शासन द्वारा दी जाने वाली सहायता का इंतजार है।

# यूनाइटेड जर्नलिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन के 10वीं बार सुहेल युसुफ चुने गए जिलाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। मान्यता प्राप्त पत्रकार सुहेल युसुफ के आवास पर यूनाइटेड जर्नलिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश, बहराइच की वार्षिक बैठक आयोजित हुई जिसमें जिले के वरिष्ठ पत्रकार निजामुद्दीन अख्तर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुहेल युसुफ ने की, जिन्होंने मुख्य अतिथि व अन्य उपस्थित पदाधिकारियों व पत्रकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस बैठक में पत्रकारिता की गरिमा, चुनौतियाँ और पत्रकारों के हितों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन तौहीद अहमद ने किया। बैठक में यूनाइटेड जर्नलिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश, बहराइच के नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। जिसमें सुहेल युसुफ को लगातार दसवीं बार जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, बी0एस0 श्रीवास्तव, मिथुन बाल्मीकि (एडवोकेट), ज़ियाउल्लाह सिद्दीकी, अम्बुज त्रिपाठी को उपाध्यक्ष मनोनित



किया गया। निजामुद्दीन अख्तर, उमाकांत शुक्ला, अजय त्रिपाठी को संरक्षक मनोनीत किया गया। मोहम्मद आरिफ (संगठन), नौशाद अहमद (प्रशासनिक कार्य) को जनरल सेक्रेटरी, तौहीद अहमद को सेक्रेटरी/मीडिया प्रभारी मनोनित किया गया। मोहम्मद आसिफ को खेलकूद मंत्री, आर0 के0 वर्मा को कोषाध्यक्ष, शाहिद सईद खान को सेक्रेट्री (प्रचार-प्रसार), सैय्यद शाद हुसैन (महा सचिव प्रचार प्रसार ) और संदीप श्रीवास्तव को लीगल एडवाइजर के रूप में मनोनित किया गया। बैठक के दौरान पत्रकारिता के मूल्यों और उसकी महत्ता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण होती है और निष्पक्ष एवं सत्य आधारित खबरें देना हर पत्रकार का कर्तव्य है। साथ ही, पत्रकारों को आने वाली चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने और अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर कार्य करने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में मोहम्मद आरिफ ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

## जिले में 01 मार्च से लागू होंगी नई पुनरीक्षित सर्किल दरें

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। सहायक महानिरीक्षक निबन्धन एस.बी. चन्द्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में उत्तर प्रदेश (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2013 शासनादेश संख्या 495/11-क.नि.-7-2013-700(8)/2013 टी.सी. दिनांक 28 मई 2013 तथा यथासंशोधित तृतीय संशोधन संख्या 29/2015/1322/94-स्टा.नि.-2-2015-700(81)/2013 टी.सी. दिनांक 01 दिसम्बर 2015 के नियम 4(1) के अधीन जनपद बहराइच में नई पुनरीक्षित सर्किल दरें 01 मार्च 2025 से लागू होंगी।

## 28 फरवरी को गेंदघर मैदान में आयोजित होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि 28 फरवरी 2025 को गेंदघर मैदान में ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' अन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 100 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नगर मजिस्ट्रेट व जिला विकास अधिकारी को ओवरआल प्रभारी नामित किया गया है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच, कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू को लाने, विवाह सम्पन्न कराने, वैवाहिक सामग्री के वितरण, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन, चिकित्सा, रंगोली, अतिथियों के स्वागत, भोजन व मीडिया इत्यादि की व्यवस्था हेतु अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 03 मार्च को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग/सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 03 मार्च 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। सभी सम्बन्धित अधिकारियों से वांछित सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गई है।

## 28 फरवरी को होगा सांसद खेल महाकुम्भ का शुभारम्भ

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि ''सांसद खेल स्पर्धा योजना'' अन्तर्गत तहसील मिहींपुरवा हेतु ब्लाक मिहींपुरवा एवं बलहा के लिए 28 फरवरी 2025 को एस.पी.डी. कालेज सेमरहना, तहसील महसी के ब्लाक तेजवापुर व महसी के लिए 01 मार्च 2025 को ब्लाक मुख्यालय तेजवापुर बेड़नापुर तथा तहसील नानपारा के ब्लाक बलहा, नवाबगंज व शिवपुर के लिए 02 मार्च 2025 को सआदत इण्टर कालेज नानपारा में तहसील स्तरीय में प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।

# नशा उन्मूलन-पर्यावरण संरक्षण चौपाल का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। पौराणिक शिवालय बाग़ शिव मंदिर (रामलीला मैदान) सभागार में राष्ट्रवादी विचार परिवार संघटनों के तत्वावधान में नशा उन्मूलन- पर्यवारण संरक्षण चौपाल का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने संयुक्त रूप से जन जागरण अभियान चलाए जाने का संकल्प लिया तथा अवैध नशा कारोबार में लिप्त लोगो को चिन्हित कर क्रय-विक्रय उपभोग तथा उत्पादन में लगे लोगो के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के लिए प्रशासन से आग्रह किया। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर बीती रात शिवालय बाग़ शिव मंदिर सभागार में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक राम निवास वर्मा (नेता सदन विधान सभा अपना दल) ने कहा कि नशा समस्त मानव जाति के विनाश का प्रमुख कारण है । उन्होंने आवाहन करते हुए कहा कि हम सब को सामुहिक रूप से नशा के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाकर लोगो को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताना होगा तभी अवैध नशा कारोबार पर पुर्ण



विराम संभव है। मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र पाल सिंह ने कहा कि अवैध नशा कारोबार का युवाओं एवं नौजवानों पर खराब असर पड़ता है प्रभावित लोगों को सचेत करने के लिए हम सबको मिलकर प्रभावी प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अवैध नशा कारोबार पर अंकुश लगाए जाने के लिए प्रशासन लगातार प्रभावी कार्यवाही कर रहा है। आयोजक मालवीय मिशन अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि विभिन्न राष्ट्रवादी संगठनो के तत्वावधान में ग्रामीणांचल इलाको में लगातार प्रभावी जन जागरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है साथ ही पर्यवारण संरक्षण से उन्हें संरक्षित करने का भी प्रभावी कार्य किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी अंजनी यादव ने कहा कि नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में सामाजिक जन जागरण के लिए संयुक्त रूप से जन जागरण अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है । इस अभियान से महिलाओं व युवाओं को भी जोड़े जाने की आवश्यकता है। क्षेत्राधिकारी प्रद्युमन कुमार सिंह ने कहा कि अवैध नशा कारोबार को समाप्त करने के लिए लगातार प्रभावी प्रयास किया जा रहा है अन्य एजेंसियों से तालमेल बैठाकर नशा क्रय विक्रय करने वालो के खिलाफ विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। चौपाल का संचालन समाजसेवी किसान परिषद संयोजक केशव पांडेय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रूल ऑफ लॉ सोसाइटी संयोजक ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया ।आयोजित चौपाल की अध्यक्षता महंत शिवालयबाग़ वीरेन्द्र गिरी जी महराज ने किया।

अयोजित चौपाल में प्रमुख रूप से अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रंग बहादुर सिंह, शिक्षाविद अशोक कुमार, प्रधान संघ संयोजक चंद्र प्रकाश मिश्रा, शिक्षक राहुल पांडेय, किसान नेता सुखविंदर सिंह, बजरंगी गुप्ता, विधान सभा संयोजक भाजपा प्रवक्ता ए0पी0 श्रीवास्तव, अपना दल नेता सत्येन्द्र वर्मा समाजसेवी, अनिल वर्मा, प्रभात श्रीवास्तव, अनिल पांडेय, युवा नेता अमितांशु श्रीवास्तव, प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव, दीपु पोरवाल, महेन्द्र सोनी, सरदार सतविन्दर सिंह, यशवंत वर्मा, पर्यवारणविद सी0 बिहारी वर्मा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर शिव मंदिर परिसर में नशा उन्मुलन का सामूहिक संकल्प भी लिया गया ।

# बिना मार्का वाले छोटे सिलेंडर बेचे जा रहे धड़ल्ले से

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । गैस रीफिछ्लग का अवैध कारोबार रिहायशी इलाकों में ही नहीं बल्कि बजारो में भी धड़ल्ले से चल रहा है।शहर के सर्वाधिक प्रमुख स्थलों में एक गोंडा बलरामपुर रोड रेलवे ओवरब्रिज के नीचे वर्तमान में कई दुकानें ऐसी हैं,जहां पर खुलेआम बिना मार्का वाले छोटे सिलेंडर बेचे जा रहे हैं।बात छोटे सिलेंडरों को बे चने तक ही सीमित नहीं रहती,बल्कि ये दुकानदार गैस रिफिलिंग का अवैध कारोबार भी बड़े पैमाने पर करते हैं।मुख्य बाजार में एलपीजी गैस का अवैध कारोबार रोकने में खाद्य आपूर्ति विभाग व पुलिस प्रशासन हिम्मत नहीं जुटा पा रहा।मालवीय नगर चौक बाजार में यह कारोबार बढ़ता जा रहा है।पहले यहां चुछनदा दुकानें होती थीं,लेकिन अब गैस रीफिलिंग की अवैध मार्केट सजने लगी है।कारोबार दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।पहले दुकानदार दुकान के अंदर ही प्रशा सन से छिपकर गैस रिफिलिंग का कार्य करते थे, लेकिन अब मुख्य सड़क



पर एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए गैस भरते हैं। मोटे मुनाफा की चाहत में एलपीजी गैस का कारोबार लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।वही ये दुकानदार गैस रिफिलिंग करने के लिए सब्सिडी की सुविधा लेने वाले आम उपभोक्ताओं से सस्ते दाम पर गैस का भरा हुआ सिलेंडर खरीद लेते हैं।उसके बाद इस सिलेंडर को छोटे सिलेंडरों में दोगुनी-तीगुनी कीम त पर भरते हैं।गैस रीफिछ्लग व छोटे गैस सिलेंडर बि क्री के अवैध कारोबार को रोकने में प्रशासन विफल नजर आ रहा है।इस वजह से छोटे सिलेंडर और गैस रिफिलिंग का अवैध कारोबार बढ़ता जा रहा है।ऐसा नहीं है कि संबंधित अधिकारियों को इस गोरखधंधा का पता नहीं है लेकिन लचर कार्यप्रणाली के कारण कार्रवाई की ओर कदम नहीं बढ़ाते।इसका फायदा उठाकर लोग बिना किसी डर के इस धंधे में लिप्त रहते हैं।किसी तरह की घटना होने पर ही प्रशासन का इस ओर ध्यान जाता है।

# एआइपीएमएम ने चलाया पसमांदा जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार पसमांदा जागरूकता अभियान के तहत तिकोनिया पार्क, सुल्तानपुर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गफ्फार घोसी ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष खालिद मंसूरी ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में मध्य उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अफजल अंसारी ने कहा कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज पिछड़े, दलित और गरीब मुसलमानों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों की कुल आबादी में 85 प्रतिशत पसमांदा मुसलमान हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें नेतृत्व से वंचित रखा जाता है। श्री अंसारी ने तथाकथित धर्मनिरपेक्ष (सेक्युलर) दलों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आजादी के बाद से पसमांदा मुसलमानों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया गया और उनके भीतर डर पैदा किया गया कि अगर उन्होंने इन दलों को वोट नहीं दिया तो वे सुरक्षित नहीं रहेंगे। लेकिन अब इस भय की राजनीति को खत्म करने का समय आ गया है। श्री अंसारी ने कहा वक्फ संशोधन बिल को लेकर हो रही राजनीति पर कहा कि कुछ लोग इस बिल को लेकर पसमांदा मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं। यह वही लोग हैं जिन्होंने तीन तलाक बिल के समय भी डर का माहौल बनाया था, लेकिन उसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा। कहा कि वक्फ संपत्तियों पर आज भी धन्ना सेठों का कब्जा है, जिससे केवल चंद लोगों को फायदा मिल रहा है। उन्होंने सवाल किया कि अब तक वक्फ संपत्ति से कितने विश्वविद्यालय, अस्पताल और कल्याणकारी संस्थान बने हैं? अब पसमांदा मुसलमान अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहे हैं और अपने हक की लड़ाई खुद लड़ने के लिए आगे आ रहे हैं। पसमांदा जागरूकता अभियान का उद्देश्य पसमांदा समाज में राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक चेतना लाना है, ताकि वे अपने अधिकारों के लिए संगठित हो सकें। इस अवसर पर अयोध्या मंडल अध्यक्ष जलील अहमद, जिला सचिव नसीब अली, कमाल अहमद, सिराज अहमद, तौफीक अहमद, किफायतुल्लाह, मकबूल इदरीसी, अब्दुल हमीद, अब्दुल खालिक, इदरीस, अहमद अली, मोहम्मद अहमद, जुनैद, असदउल्लाह, मो. नसीम, अनवर, जावेद सहित कई अन्य पदाधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना पूरनपुर का किया वार्षिक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने थाना पूरनपुर का वार्षिक निरीक्षणकिया सर्वप्रथम एसपी ने गार्द की सलामी ली उसके बाद थाना कार्यालय,मालखाना, शस्त्रागार,सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला व साइबर हैल्पडेस्क एवं हवालात आदि का निरीक्षण किया। विषेशकर प्रशिक्षणाधीन उप निरीक्षक गण से शस्त्राभ्यास कराकर शस्त्रों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा प्रभारी निरीक्षक को समस्त कर्मचारी गण को सामूहिक रूप से साप्ताहिक शस्त्राभ्यास कराने हेतु निर्देशित किया हैं। थाना कार्यालय पर तैनात सभी पुलिस कर्मचारियों से उनके कार्यों की जानकारी ली एवं थाना पर तैनात कर्मचारीगण से उनकी बीटबुक के सम्बन्ध में जानकारी कर आवश्यक निर्देश दिये गये तथा प्रभारी निरीक्षक थाना पूरनपुर को थाने पर तैनात समस्त कर्मचारीगण को हल्कावार बीट वितरण कर सभी को आवश्यक रुप से बीटबुक के उपलब्ध कराने एवं उसकी समस्त प्रवृष्टियाँ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। थाने पर तैनात समस्त महिला पुलिस कर्मियों को बीट में भ्रमण करने के भी निर्देश दिए गए। थाना कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों का निरीक्षण किया एवं समस्त अभिलेखों तथा प्रपत्रों को अद्यावधिक कराये जाने एवं अभिलेखों को रखरखाव सही करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना पूरनपुर को निर्देशित किया। निस्तारण योग्य लम्बित माल मुकदमाती,लावारिस वाहन व एनडीपीएस एक्ट के मालों का अभियान चलाकर 03 दिवस में विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना कार्यालय पर विभिन्न स्त्रोतों आईजीआरएस,सीएम हेल्पलाइन,डीजी मुख्यालय, जोन,परिक्षेत्र एवं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया। परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी,एसएसआई ललित चौधरी,कस्बा चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार सहित अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहा है।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जिला स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम शहर के वेंकटहाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल रही।कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने 16 निपुण बच्चों को निपुण पट्टिका पहना कर,प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इससे पहले कि कंपोजिट स्कूल बरहा,प्राइमरी स्कूल सैदपुर और जूनियर हाई स्कूल नवदिया दहला के स्कूली बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।बाल विकास विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग के समन्वय से समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूली बच्चों की शिक्षा और उनके उत्थान को लेकर कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है।स्कूली बच्चों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजे।बेसिक शिक्षा के स्कूलों की व्यवस्थाएं कान्वेंट स्कूल से कम नहीं है। बीजेपी सरकार बेटियों और महिलाओं के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। नगर पालिका की अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने कहा कि बेसिक शिक्षा के प्रति लोगों की मनोदशा बदली है। बेसिक शिक्षा विभाग की जो पढ़ाई है। वह किसी कान्वेंट स्कूल से कम नहीं है।आने वाले समय में यही के बच्चे बड़े होकर अफसर बनकर बेसिक शिक्षा का और अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे।राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, जिला कार्यक्रमअधिकारी जुगल किशोर सांगुडी ने कंपोजिट स्कूल नौगवा संतोष के रोहित,प्राथमिक स्कूल बिचपुरी के विवेक,कंपोजिट विद्यालय जोशी कॉलोनी के रुद्र,प्राइमरी स्कूल करगैना पीरा के ललित कुमार सहित 16 निपुण बच्चों,आठ नोडल शिक्षको,आठ संकुल शिक्षको को सम्मानित किया है। कार्यक्रम में रंगोली बहुत ही बेहतरीन बनाई गई जिसको देखकर राज्य महिला आयोग की सदस्य के अलावा सभी अतिथियों ने सराहना की।

# आगरा ने हरियाणा को हराकर जीता खिताब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। ताजखानपुर बहादुरपुर में आयोजित दो दिवसीय हाजी नसीर खान नस्सर व रिजवान सईद सुल्तानपुरी की याद में आयोजित दो दिवसीय महिला पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ स देर रात तक चली इस प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि आसिफ जिला पंचायत सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि जिला वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, कुलदीप वर्मा एडवोकेट, सचिव शिव नारायन सिंह, मुनेंद्र मिश्र रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सरवर खान, वदूद खान एवं जीशान की अगुआई में आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन सायंकाल से राज्य स्तरीय महिला वर्ग की डे नाइट प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें सुल्तानपुर स्टेडियम, आगरा, हरियाणा, लखनऊ, वाराणसी और जौनपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें रोमांचक मुकाबले देर रात तक चले। सुल्तानपुर को हरियाणा और जौनपुर को लखनऊ की टीमें ने पहले ही पूल से बाहर का रास्ता दिखा दिया, आगरा, हरियाणा, लखनऊ, वाराणसी की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहला सेमीफाइनल हरियाणा और वाराणसी के बीच खेला गया जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में हरियाणा ने तीन सेटों के मुकाबले में 2-1 से जीत दर्ज की, दूसरा सेमीफाइनल आगरा और लखनऊ के बीच खेला गया जिसमें आगरा ने सीधे सेटों में 2-0 से जीत हासिल किया, फाइनल मुक़ाबला हरियाणा और आगरा के बीच खेला गया जिसमें आगरा ने 2-1 से मैच को जीत लिया, कीर्ति गुर्जर, जानशी, निशि, और अनन्या ने बढ़िया प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीता विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्राफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक आसिफ,सोनू सिंह दिनेश मिश्रा नाना रहे, संचालन इमरान, रमजान पहलवान और महफूज खान ने किया ऑफिशियल अनस अब्बास, सैयद नूर अली, मोहम्मद अली रहे स प्रतियोगिता में मुख्य सहयोगी अनस अब्बास इजहार खान, महफूज खान, इशार उर्फ टीपू, नौशाद खान,मुन्ना कालिया, आकिब रहे। व्यवस्था में अरकम खान, तौकीर खान, रशीद खान, तमजीद, तौहीद, मो आरिफ़, सोहेल खान रहे। इस अवसर पर मोहम्मद अली, अनिल यादव, अनिल शर्मा, तौसीफ खान बाली, मेराज अहमद, रमज़ान पहलवान, सिकंदर, कामिल, सहित सैकड़ों दर्शक व खेल प्रेमियों ने मैच का आनंद लिया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्सरे सेवा शुरू, मरीजों को मिली राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्सरे सुविधा शुरू हो गई है। जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। अब मरीजों को एक्सरे के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं होगी। यह सुविधा पिछले एक माह से संचालित हो रही है और प्रतिदिन करीब दो दर्जन मरीजों का एक्सरे किया जा रहा है। एक्सरे टेक्नीशियन कतारू गुप्ता ने बताया कि डिजिटल एक्सरे मशीन से मरीजों को अधिक स्पष्ट और तेज़ नतीजे मिल रहे हैं, जिससे डॉक्टरों को सही निदान में सहायता मिल रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.रमेश यादव ने बताया कि अब अस्पताल में सभी प्रकार की जांचों के साथ डिजिटल एक्सरे की सुविधा भी उपलब्ध है। इससे स्थानीय निवासियों को समय पर उपचार मिल सकेगा और अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से बल्दीराय क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाएं और मजबूत हुई हैं। स्थानीय लोगों ने इस सुविधा की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस निकाली प्रभात फ़ेरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर आजाद समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में नगर में प्रभात फ़ेरी निकालकर समस्त शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा बस स्टेशन स्थिति चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शराफत खान ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए चंद्रशेखर आजाद सहित लाखों जाने अनजाने शहीदों ने सभी जाति, धर्म और संप्रदाय को साथ लेकर शहादत दिया और देश को आजाद कराया। हमे क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। संस्था के मंत्री गिरीश तिवारी उर्फ बब्लू ने संस्था के सभी पदाधिकारियों से अपील की कि कही जगह देखकर संस्था के नाम एक पुस्तकालय की स्थापना की जाय जिसमें ऐसी पुस्तकें रखी जाय जिसे पढ़कर हमारी युवा पीढ़ी शहीदों के बारे में पढ़कर राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका तय कर सके। गोष्ठी को संस्था पदाधिकारीगण रवींद्र तिवारी, सर्वेश सिंह, दिलीप सिंह, बब्लू सिंह प्रधान, ओम प्रकाश गौड़, मोहम्मद अहमद, विजय यादव ने भी शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था पदाधिकारीगण मकसूद अंसारी, पी पी सिंह, अजय सिंह डब्लू, शिवनायक वर्मा, मोनू फौजी, राजीव एडवोकेट आदि सैकड़ों लोगो ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पंचायत भवन के पास पेड़ से लटका मिला युवक का शव

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के जगदीशपुर मार्ग पर स्थित गांव मवैया रहमतगढ़ पंचायत भवन के पीछे बाग में युवक का शव मफलर के सहारे फंदे मे लटका मिला। मबेशी चरा रहे ग्रामीणों ने शव को पेड़ से मफलर के सहारे लटका हुआ देखकर दहशत मे आकर चिल्लाने लगे सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव शेखवापुर मजरे महोना पश्चिम निवासी राम मूरत पुत्र रामधन उम्र इक्कीस वर्ष मंगलवार की दोपहर से गायब है। मृतक के पिता ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि मेरे लड़के ने आत्महत्या नहीं की है क्योंकि हमारे घर मे कोई आपसी विवाद नही था हमें शक है की किसी ने हत्या करके उसे पेड़ के सहारे लटका दिया है।मृतक के पिता रामधन ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुये थाने मे तहरीर दी। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पायेगा। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुये शिकायत दर्ज कराई है।

## रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु इच्छुक छात्राएं करें आनलाइन आवेदन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि जनपद के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका इण्टर कालेज असैदापुर गौरीगंज में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा छह, सात, आठ, नौ एवं ग्यारह कक्षाओं में छात्राओं का प्रवेश कुल रिक्त एक सौ बयालीस सीटों पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु विज्ञापित कक्षाओं में रिक्तियों को साठ प्रतिशत अनुसूचित जाति, पच्चीस प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग, पन्द्रह प्रतिशत सामान्य वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों से कक्षावार आरक्षण का लाभ प्रदान करते हुए भरा जायेगा तथा उक्त विद्यालय में छात्राओं के प्रवेश हेतु परीक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत अठाइस फरवरी को ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने व पन्द्रह मार्च को ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि निर्धारित की गयी है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि बीस मार्च को ऑनलाइन आवेदनों की परीक्षाणोपरान्त पात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन एवं सत्ताइस मार्च को प्रवेश परीक्षा का आयोजन तथा इकतीस मार्च को सफल छात्राओं की सूची का प्रकाशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु इच्छुक छात्राएं समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अठाइस फरवरी से पन्द्रह मार्च तक ऑनलाइन आवेदन करें।

## इन्हौना पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत अड़तालिस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक और एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह मय हमराही देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर नियाज पुत्र अयाज निवासी फुलवाडी थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब बीस वर्ष को दो सडका तिराहे के पास से बीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है।इसी क्रम में उप निरीक्षक बिपिन बिहारी सिंह मय हमराही देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सोना पत्नी चांद बाबू निवासी किला मजरे इन्हौना थाना इन्हौना को अठाइस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। इस सम्बंध में थाना इन्हौना के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत पर परिजनों का हंगामा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज में एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है।एक युवक की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सक पर गम्भीर आरोप लगाते हुये कार्यवाही किये जाने की मांग की है।मृतक के पुत्र द्वारा स्थानीय पुलिस को तहरीर सौंपी गई है लेकिन देर शाम तक मुकदमा दर्ज नही हो सका है।थाना गौरीगंज क्षेत्र के गांव मऊ निवासी शिवराम मिश्र की आपरेशन के दौरान मौत हो गई।परिजनों ने हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ.संजय द्विवेदी पर नशे में आपरेशन करने का गम्भीर आरोप लगाया है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीय।सदस्या राज्य महिला आयोग सुनीता सैनी ने जनपद पीलीभीत में भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग़ांधी सभागार पीलीभीत में जनसुनवाई के दौरान सर्वप्रथम सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा परिचय दिया गया।जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, छेड़छाड़,दहेज से सम्बंधित, राशनकार्ड,. जमीनी विवाद,मारपीट से सम्बंधित इत्यादि प्रकरण प्राप्त हुए, राज्य महिला आयोग की सदस्या द्वारा उपरोक्त शिकायतों के संदर्भ में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह सभी शिकायतों को गहनता से लेते हुए निस्तारण करेगें।जन सुनवाई के दौरान कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं साथ ही साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में ब्लॉक ललौरीखेड़ा के ग्राम पंचायत बरहा में नारी चौपाल का भी आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता सदस्य उत्तर प्रदेश महिला संरक्षण आयोग ने की। बैठक में जिला विकास अधिकारी संजय कुमार ने उपस्थित समूह सखी एवं ग्रामीण महिलाओं को वर्तमान में चल रहे आवास सर्वे की जानकारी दी तथा पात्रता की स्थिति में सर्वे करने का भी आग्रह किया, साथ ही साथ फैमिली आईडी के बारे में जानकारी देते हुए सभी को फैमिली आईडी बनाने को कहा गया। बैठक में महिला थाना प्रभारी रीना सिंह ने साइबर क्राइम के रूप में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के लिए 1090,181 एवं आपातकालीन नंबर 112 संचालित है आपात स्थिति में तत्काल संपर्क कर महिलाएं लाभ उठा सकती हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के कार्य एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना,निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सर से भी योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता कर रही सदस्य राज्य महिला आयोग सुनीता सैनी द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा संवर्धन के लिए लगातार नई-नई योजनाएं ला रही है, जिससे महिलाएं सशक्त हो रही हैं। महिलाएं किसी भी निडरता पूर्वक कहीं पर भी जा सकती है, थाना स्तर पर भी महिलाओं के लिए महिला हेल्प, के साथ-साथ एंटी रोमियो जैसी व्यवस्था सरकार के द्वारा की गई। बेटी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लिंग भेड़ जाने के लिए भी योजना का संचालन सरकार द्वारा किया गया। किसी भी महिला को कोई भी समस्या हो तो वह तत्काल मुझे अवगत कराए,मेरे द्वारा प्रत्येक माह प्रत्येक जनसुनवाई की जाती है। उसमें आप उपस्थित होकर अपनी समस्या को दे सकते हैं बैठक में उपस्थित विभिन्न महिला द्वारा अपनी समस्या को सदस्य राज्य महिला आयोग को अवगत कराया जिसको निस्तारण करने का संबंध अधिकारी को निर्देश दिया गया बैठक का संचालन मीनाक्षी पाठक संरक्षण अधिकारी द्वारा किया गया। इसके राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा जिला कारागार की महिला बंदियों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जानना तथा जेल अधीक्षक को समस्या के निस्तारण हेतु निर्देश दिया।जन सुनवाई के दौरान नगर मजिस्ट्रेट,जिला विकास अधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक, क्षेत्राधिकारी पीलीभीत,समाज कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला थाना,महिला कल्याण विभाग,चाइल्ड हेल्पलाइन व वन स्टाप सेंटर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

## पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित युवक को भेजा जेल

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने दादरा रेलवे क्रासिंग के पास से हत्या का प्रयास के अभियोग में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक घनश्याम यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास में वांछित अनिल मिश्रा पुत्र छोटेलाल मिश्रा निवासी रंजीतपुर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को दादरा रेलवे क्रासिंग के पास से समय करीब पौने दस बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## साइबर मकड़जाल

यह खबर परेशान करने वाली है कि म्यांमार और पूर्वी एशिया के कई देशों से जो संगठित साइबर अपराध संचालित हो रहे हैं, उनके चंगुल में बड़ी संख्या में भारतीय युवा भी हैं। हाल ही में म्यांमार के दुर्गम इलाकों में बनाये गए साइबर अपराधियों के अड्डों से सत्तर भारतीय युवाओं को छुड़ाया गया है। जिनको डरा-धमकाकर भारत में साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिये इस्तेमाल किया जाता था। बताया जाता है साल 2022 के बाद म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया आदि से छह सौ से अधिक भारतीयों को अपराधियों के चंगुल से बचाया जा चुका है। आशंका है कि कई हजार भारतीय युवा म्यांमार समेत विभिन्न देशों में साइबर अपराधियों के अड्डों में जबरन रोके गए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय युवा प्रतिभाएं दलालों की साजिश से संगठित साइबर अपराध करने वाले अंतर्राष्ट्रीय अपराधियों के चंगुल में फंस जाती हैं। विडंबना ही है कि हम अपने युवाओं को न तो रोजगार दे पा रहे हैं और न ही विदेशों में अपना भविष्य संवारने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को फर्जी एजेंटों के चंगुल से बचा पा रहे हैं। आखिर हमारी एजेंसियां ऐसी धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों पर नकेल क्यों नहीं कस पा रही हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि युवा अपनी जमीन बेचकर व कर्ज उठाकर विदेश जाते हैं, लेकिन एजेंटों की धोखाधड़ी से वे साइबर अपराधियों के शिकंजे में फंस जाते हैं। दरअसल, साइबर अपराधियों का मकड़जाल इतना मजबूत हो चुका है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के उन पर नियंत्रण कर पाना संभव न होगा। ऐसे वक्त में जब साइबर अपराधियों का नेटवर्क दुनिया की आर्थिकी को चूना लगा रहा है, मिल-जुलकर इनके खिलाफ अभियान चलाना वक्त की जरूरत है। निश्चित रूप से यह एक विकट संकट है, जिसे दुनिया के देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह जानते हुए कि साइबर अपराधियों का संगठन लगातार ताकतवर होता जा रहा है और वे समानांतर काली अर्थव्यवस्था चला रहे हैं। दरअसल, हो यह रहा है कि देश-दुनिया में ऑनलाइन फ्रॉड लगातार बढ़ते जा रहे हैं। वे सुनहरे सपने दिखाकर बेरोजगार युवाओं को फंसाते हैं। उन्हें जगह कोई और बतायी जाती है और अंततरू साइबर अपराधियों के अड्डों पर पहुंचा दिया जाता है। युवाओं के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं। ये अड्डे ऐसी जगहों पर होते हैं कि उस देश की पुलिस की पकड़ में वे आसानी से नहीं आते। हाल के वर्षों में साइबर अपराधी इतने चतुर-चालाक हो गए हैं कि निगरानी करने वाली एजेंसियों की पकड़ से आसानी से बच जाते हैं। हाल ही में जिन सत्तर भारतीयों को म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराया गया, उसमें म्यांमार के सीमा सुरक्षा बल की बड़ी भूमिका रही है। इन मुक्त कराए गए भारतीयों में पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,यूपी व राजस्थान आदि राज्यों के लोग थे। इसी तरह म्यांमार व अन्य पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसे हुए भारतीयों को मुक्त कराने के लिए इन देशों की सरकारों से सहयोग मांगा जाना चाहिए। निश्चित तौर पर साइबर अपराधियों द्वारा संचालित अपराधों की लगातार मजबूत होती काली अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया की आर्थिक व कानूनी सुरक्षा के लिये चुनौती है। दरअसल, इस काले धन से नशे के कारोबार, आतंकवाद और मानवीय तस्करी जैसे अपराधों को अंजाम दिया जाता है। इस संगठित आपराधिक नेटवर्क पर अविलंब अंकुश लगाने की जरूरत है। जिससे न केवल एक तरह से बंधक बनाये गए युवाओं को मुक्त कराया जा सकेगा बल्कि तेजी से बढ़ती ऑनलाइन ठगी पर अंकुश लग सकेगा। दरअसल, इन साइबर अपराधियों की ऑनलाइन धोखाधड़ी के कारण हर साल कई ट्रिलियन डॉलर का नुकसान विभिन्न देशों की सरकारों को हो रहा है। जो दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की जीडीपी के बराबर है। निश्चित तौर पर यह धनराशि दूसरे अपराधों को सींचने में खर्च की जाएगी। एक ओर जहां देश में युवाओं के विदेश जाने वाली व्यवस्था को पारदर्शी व तार्किक बनाने की जरूरत है, वहीं विदेश में भविष्य चमकाने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं को जागरूक व सतर्क करने की जरूरत है ताकि वे साइबर अपराधियों के चंगुल में न फंसें।

## महाकुंभ का समापन: श्रद्धालुओं की विशाल संख्या ने दुष्प्रचार को बेमानी साबित किया

महाकुंभ के दौरान देश में चंद लोगों की ऐसी जमात भी खड़ी हो गई जिन्हें महाकुंभ में सबकुछ गलत होता हुआ ही नजर आ रहा था। इस जमात को महाकुंभ की व्यवस्था में काफी खामियां नजर आई और उनकी नजर में हर तरफ गंदगी व अव्यवस्था का आलम था। यहां तक कि गंगाजल की पवित्रता पर भी संदेह व्यक्त किया जाने लगा। नदी में जल की जगह मल-मूत्र वाला नालों का जहरीला पानी नजर आने लगा। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये इस जमात ने जैसे कुंभ के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया। लेकिन 144 वर्ष बाद लगे इस महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं ने तमाम दुष्प्रचारों को अनसुना करते हुए अपनी आस्था की राह पर चल कर प्रयागराज पहुंचे और त्रिवेणी की धारा में उतर कर अपने धार्मिक विश्वास को जैसे सार्थक कर दिखाया। इतनी विशाल संख्या में पहुंच कर श्रद्धालुओं ने कीर्तिमान रच दिया। महाकुंभ नगरी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महाकुंभ की तमाम व्यवस्था चाक-चौबंद नजर आई। लोगों का मानना है कि योगी आदित्यनाथ के प्रयासों के चलते इस अलौकिक धार्मिक आयोजन को हमेशा याद रखा जाएगा। योगी सरकार ने जिस तरह महाकुंभ में आये लगभग 66 करोड़ से ज्यादा लोगों की सुख-सुविधा के लिए इंतजाम किये, वह प्रशंसनीय हैं।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 26 फरवरी के सूर्यास्त के साथ महाकुंभ का समापन हो चुका है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 दिन चले इस महाकुंभ में 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी घाटों पर डुबकी लगाने वालों की यह संख्या कई देशों की मिलीजुली कुल आबादी से भी ज्यादा है। दुनिया में सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं से अधिक है। महाकुंभ ने देश-दुनिया में विश्व के सबसे प्राचीन सनातन धर्म की महान संस्कृति व अद्भुत परंपरा की दिव्यता का डंका बजाने का कार्य बखूबी किया। मोदी व योगी सरकार के प्रयासों से इस बार प्रयागराज में संगम की पावन धारा में 66 करोड़ लोगों ने डुबकी लगा कर तन-मन की शुद्धि और आत्मा की तृप्ति वाला अलौकिक अनुभव प्राप्त किया। इस बार महाकुंभ में 75 देशों के डेलीगेट्स के अतिरिक्त देश-दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों के सेलिब्रिटी व उद्योगपति भी शामिल हुए, जो सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के मद्देनजर बहुत अच्छा व सकारात्मक संकेत है। देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के प्रयासों व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रचार-प्रसार एवं लगातार प्रयासों के चलते महाकुंभ 2025 के शुरू होने से पहले ही लगभग 40-45 करोड़ लोगों के आने का अनुमान लगाया जाने लगा था।हालांकि समापन महाशिवरात्रि तक संगम तट पर 66 करोड़ से ज्यादा लोगों की भारी भरकम भीड़ उमड़ पड़ी, जिसने दुनिया को दिखा दिया कि अलग-अलग हिस्सों में बसे सनातन धर्मी एकजुट, कानून एवं अनुशासन पसंद हैं। तभी तो हजारों किलोमीटर की दूरी से आकर लंबी पैदल यात्रा के बाद भी अनुशासित ढंग से डुबकी लगाकर सनातन धर्म, संस्कृति, परंपराओं व ईश्वर भक्ति के अटूट विश्वास को बयां करने का कार्य किया। सनातन धर्म व संस्कृति पर सवाल उठाने वालों को भी शांतिपूर्ण ढंग से जवाब दिया है। महाकुंभ के दौरान देश में चंद लोगों की ऐसी जमात भी खड़ी हो गई जिन्हें महाकुंभ में सबकुछ गलत होता हुआ ही नजर आ रहा था। इस जमात को महाकुंभ की व्यवस्था में काफी खामियां नजर आई और उनकी नजर में हर तरफ गंदगी व अव्यवस्था का आलम था। यहां तक कि गंगाजल की पवित्रता पर भी संदेह व्यक्त किया जाने लगा। नदी में जल की जगह मल-मूत्र वाला नालों का जहरीला पानी नजर आने लगा। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये इस जमात ने जैसे कुंभ के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया। लेकिन 144 वर्ष बाद लगे इस महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं ने तमाम दुष्प्रचारों को अनसुना करते हुए अपनी आस्था की राह पर चल कर प्रयागराज पहुंचे और त्रिवेणी की धारा में उतर कर अपने धार्मिक विश्वास को जैसे सार्थक कर दिखाया। इतनी विशाल संख्या में पहुंच कर श्रद्धालुओं ने कीर्तिमान रच दिया। महाकुंभ नगरी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महाकुंभ की तमाम व्यवस्था चाक-चौबंद नजर आई। लोगों का मानना है कि योगी आदित्यनाथ के प्रयासों के चलते इस अलौकिक धार्मिक आयोजन को हमेशा याद रखा जाएगा। योगी सरकार ने जिस तरह महाकुंभ में आये लगभग 66 करोड़ से ज्यादा लोगों की सुख-सुविधा के लिए इंतजाम किये, वह प्रशंसनीय हैं। इसके बावजूद वोटबैंक की ओछी राजनीति के चलते महाकुंभ 2025 के शुरू होने से पहले योगी आदित्यनाथ व उत्तर प्रदेश सरकार को कुछ लोगों ने निशाने पर लेना शुरू कर दिया था। विपक्षियों को महाकुंभ में पहले दिन से गंदगी के अंबार, अव्यवस्थाओं की भरमार, गंदा जल, कड़ाके की ठंड में स्नान व भूख व प्यास से मरते लोग, तीन-तीन सौ किमी तक लंबा जाम नजर आ रहा था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसी भी आलोचना की परवाह नहीं की। वे महाकुंभ 2025 की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद कर उसे सफल बनाने में लगे रहे। इस व्यवस्था को बनाने में केंद्र की मोदी सरकार व योगी सरकार ने 7500 करोड़ रुपए खर्च किये। जिसके फलस्वरूप लगभग 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने महाकुंभ पहुंच कर स्नान करके




दुनिया के सबसे बड़े आयोजन का खिताब हासिल कर इतिहास रचने कार्य किया। वैसे देखा जाए तो महाकुंभ के इस आयोजन का धार्मिक आस्था के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था से भी बहुत गहरा संबंध है। इस आयोजन के दौरान प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, विंध्याचल, चित्रकूट, मथुरा-वृन्दावन, लखनऊ, आगरा, दिल्ली आदि में श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भारी भीड़ का तांता लगा रहा है, जिससे इस क्षेत्र का व्यापार जमकर फला-फूला है, जिससे उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी जबरदस्त मजबूती मिली। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआइटी) के अनुमान के अनुसार, महाकुंभ में 3.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार होने की उम्मीद है। वहीं, सीटीआई के अनुमान के अनुसार महाकुंभ में 3.5 लाख करोड़ रुपए का व्यापार का अनुमान है, जिससे उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार दोनों को भारी लाभ होगा। देश व दुनिया के लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते महाकुंभ 2025 आस्था और अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण संगम बन गया। **-दीपक कुमार त्यागी**

## मानव जीवन में विज्ञान की बढ़ती भूमिका

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

मानव जीवन को विज्ञान ने काफी आसान और सुविधाजनक बना दिया है। विज्ञान के प्रति युवाओं की कितनी रुचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रुचि जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सीवी रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक की स्मृति में मनाया जाता है। सर सीवी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी। उनके लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' की खोज के लिए उन्हें अनेक दूसरे पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि 'मेरे जैसे न जाने कितने रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। 2025 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम है 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना।' राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को निरंतर बेहतर बनाया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं। असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई प्रतिदिन बहुत सारी तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में करते हैं। ऐसे में हम सभी के लिए हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को समझना जरूरी है। हमारा समाज 21वीं सदी में जिस प्रकार अंधविश्वासों के साये में जीता है, ऐसे में विज्ञान की महत्ता समझते हुए समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हुए इन अंधविश्वासों के निर्मूलन की जिम्मेदार हम सबकी है।

### सेहत मंत्र

## रोजाना आधी बीयर पीने से बढ़ सकती है आपकी उम्र, अध्ययन में हुआ खुलासा

आप अगर किसी से सवाल करेंगे कि अल्कोहल का सेवन करना सही है या गलत, तो वो आपको सीधा जवाब इसका यही देगा कि शराब का सेवन करना हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है और इससे हमारे शरीर में कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं शराब आपके जीवन को बढ़ा भी सकती है। हाल में एक अध्ययन ने इस बात को पूरी तरह से सही नहीं ठहराया है। अगर आप बहुत ज्यादा बीयर लवर हैं तो ये आपके लिए ये खबर खुशखबरी की हो सकती है। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने खोजा है कि रोजाना अगर आप थोड़ी-थोड़ी बीयर पीते हैं तो इससे आपकी उम्र बढ़ सकती है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग आधी-आधी बीयर रोजाना पीते हैं, वो उन लोगों की तुलना में जो लोग बीयर नहीं पीते- करीब 81 प्रतिशत तक अपनी उम्र को बढ़ाने का काम करते हैं। हालांकि, महिला के मामले में ये एक उम्र तक पहुंचने की संभावना एक तिहाई तक बढ़ जाती है। अध्ययन में मास्ट्रिच विश्वविद्यालय, नीदरलैंड के शोधकर्ता ने खुलासा किया है कि जो शख्स रोजाना दो से तीन शॉट्स बीयर के पीते हैं वो लोग 90साल तक आसानी से पहुंच सकते हैं वो भी उन लोगों की तुलना में जो लोग अल्कोहल का सेवन नहीं करते हैं। शोधकर्ताओं ने शराब पीने वाले 5,500 लोगों की आदतों को जांचने की कोशिश की। इन सभी का विश्लेषण करने के बाद ये पाया गया कि पुरुषों और महिलाओं दोनों में शराब के सेवन के बीच एक सकारात्मक संबंध हैं। बीयर के एक शॉट्स में 208 कैलोरी होती है और बीयर में 4 से 6 प्रतिशत तक अल्कोहल की मात्रा होती है, जो कि 0.5 से 20 प्रतिशत तक अल्कोहल की कंपनियों पर निर्भर करती हैं। पिछली अध्ययनों में इस बात की सलाह दी गई है कि रोजाना बीयर का सेवन करने से हृदय के स्वास्थ्य में सुधार आ सकता है। इसके साथ ही शरीर में मौजूद बेड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा भी कम होती है और कैंसर का खतरा भी होता है। ये हमारे मूड को भी बेहतर बनाने का काम करता है।

### धर्म मंत्र

## शिव चालीसा का पाठ करने से दूर होती हैं जीवन की सभी परेशानियां

हिन्दू धर्म में शिव चालीसा का खास महत्व है। शिव जी को प्रसन्न करने का यह सबसे सरल उपाय है, तो आइए हम आपको शिव चालीसा की महिमा के बारे में बताते हैं। हिन्दू धर्म में भक्त सरल भाषा में जो भगवान की प्रार्थना करता है उसे चालीसा कहते हैं। शिव चालीसा का चालीसा कहने के पीछे एक कारण यह भी है कि इसमें चालीस पंक्तियां हैं। इस प्रकार लोकप्रिय शिव चालीसा का पाठ कर भक्त बहुत आसानी से अपने भगवान को प्रसन्न कर लेते हैं। शिव चालीसा के द्वारा आप अपने सभी दुख भूलकर शंकर भगवान की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। इस तरह भक्त शिव जी को प्रसन्न कर अपनी मनोकामना पूरी कर लेते हैं। शिव चालीसा का पाठ करने से डर या भर से भी छुटकारा मिलता है। इसके लिए जय गणेश गिरीजा सुवन' मंगल मूल सुजान, कहते अयोध्या दास तुम' देउ अभय वरदान वाली लाइन पढ़ें। इस पंक्ति को शाम के समय नहीं बल्कि सुबह पढ़ें। इस प्रकार 40 दिन तक लगातार पढ़ें आपको लाभ मिलेगा। अगर आप बहुत से परेशान और दुखी हैं तो निराश न हों। शिव चलीसा की इस एक पंक्ति का जाप करें, देवन जबहिं जाय पुकारा' तबहिं दुख प्रभु आप निवारा। ध्यान दें इस पंक्ति को रात में 11 बार पढ़ें और काम पूरा होने के बाद गरीबों के बीच मिठाई जरूर बांटें। अगर आप किसी इच्छित कार्य के लिए प्रयासरत हैं तो शिव चालीसा की यह लाइन पढ़ें पूजन रामचंद्र जब कीन्हा' जीत के लंक विभीषण दीन्हा। इस पंक्ति को सायंकाल में 13 बार पढ़े और ऐसा लगातार 27 दिन तक करते रहें।

### पर्यटन



## विश्व विरासत शहर में शामिल हुए जयपुर आकर देखें किलों, महलों के अलावा और भी बहुत कुछ

इस फरवरी माह में यूनेस्को ने जयपुर नगर के परकोटे को विश्र्व विरासत शहर का दर्ज़ा दिया। हालांकि इसकी घोषणा पहले ही हो चुकी थी, पर अब जाकर जयपुर को इसका प्रमाणपत्र मिला है। जयपुर का परकोटा विश्र्व धरोहर में शामिल भारत की 38वीं विरासत है। अहमदाबाद के बाद जयपुर ऐसा दर्ज़ा पाने वाला देश का दूसरा शहर है। आपको बता दें कि जुलाई 2019 में अजरबैजान के बाकू शहर में यूनेस्को की विश्र्व धरोहर समिति के 43वें सत्र में जयपुर को विश्र्व विरासत स्थल सूची में शामिल करने का निर्णय हुआ था। वर्ष 1727 में सवाई जय सिंह द्वितीय ने परकोटे वाले नगर जयपुर की नींव रखी थी। मैदानी भाग में जयपुर को वास्तु पुरुष मंडल के आकार में बसाया गया। इससे पहले कछवाहा राजाओं की राजधानी आमेर थी। जयपुर को योजनापूर्वक वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर बसाया गया, जहां सभी सड़कें और गलियां सीधी रेखा में समकोण बनाती हुई एक-दूसरे को काटती हुई बढ़ती है। यहां की पारंपरिक नगर निर्माण कला और वास्तुशिल्प में किला, बाजार चौक और तालाब ये तीन स्थान प्रमुख थे। परकोटे वाले जयपुर नगर की वैज्ञानिक संकल्पना में शिल्पशास्त्री विद्याधर की मुख्य भूमिका थी। परकोटा, जीवंत विरासत वाले जयपुर का एक अभिन्न भाग है। यह बात जानकर किसी भी हैरानी होगी कि परकोटे की दीवार प्रतिरक्षा की बजाय नगर सीमा को तय करने और एक व्यवस्था को बनाने के लिए की गई थी। जयपुर में मुख्य सड़कें सार्वजनिक संपर्क साधन की भूमिका निभाती थीं। जयपुर की बड़ी सड़कों और लंबे-चौड़े चौकों से गुजरने पर बाजार के बरामदों की स्तंभ-पंक्तियों से सड़क को एक व्यवस्थित रूप मिलता है। परकोटे में बने बुर्जनुमा दरवाजे, भीतर किसी महत्वपूर्ण भवन होने का संकेत देते हैं। नगर के नौ आयातकार भूखंडों या चैकड़ियों (जो कुबेर की नौ निधियों की प्रतीक है) में सात को नागरिकों के लिए-उनके आवासों, दुकानों और बाजारों, मंदिरों और मस्जिदों तथा उन कारखानों के लिए ही बनाया गया, जिनके कारण जयपुर की गिनती आगे चलकर भारत के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में हुई।

# डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने गुरुवार को विकास खंड सिद्धौर के प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर का औचक निरीक्षण किया। बच्चों के नामांकन की स्थित पूछी तो प्रधानाध्यापक अभय सिंह ने बताया कि 1से 5 तक सभी कक्षाओं में कुल 57 बच्चे नामकिंत है। जिस पर जिलाधिकारी ने आज की उपस्थिति पूछी तो बताया गया कि आज 19 बच्चे स्कूल आये हैं। उपस्थित कम रहने पर प्रिंसपल द्वारा गांवों में आलू खुदाई का कारण बताया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की उपस्थिति बढाने के लिये अभिभावकों को जागरूक किया जाए। साथ ही पीटीएम की नियमित बैठक की जाए। बाउंड्री वॉल का टूटा कोना सही करवाने के साथ ही परिसर व शौचालय में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। पढ़ाई पर सन्तुष्टि जताते हुए

## डीएम ने बच्चों से किये सवाल सही जवाब पर दी शाबासी

उसमें और अधिक सुधार करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विकास खंड सिद्धौर के प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर के औचक निरीक्षण के दौरान बच्चों की कापियां देखी और कराए जा रहे स्कूल कार्य से सम्बंधित सवाल भी बच्चों से पूछे। कक्षा 3 की छात्रा अर्चिता से इंग्लिश विषय का पाठ पढ़वाया जिसे अर्चिता ने अच्छे से पढ़ा जिसपर जिलाधिकारी ने अर्चिता को शाबासी दी। कक्षा 2 के छात्र नैतिक ने अंग्रेजी वर्णमाला सुनाई जिस पर जिलाधिकारी ने नैतिक की हौसलाअफजाई की।

बच्चों की स्कूल में प्रतिदिन उपस्थिति सुनिश्चित हो इसके लिये पीटीएम बैठक करके अभिभावकों को जागरूक करें जिससे अभिभावक प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजें। जिलाधिकारी ने कहा कि पढ़ाई में और अधिक सुधार की जरूरत है खासकर जो बच्चे नियमित नहीं है उनपर विशेष ध्यान दिया जाए जिससे उनकी उपस्थिति और पढ़ाई दोनों में और अधिक सुधार हो सके।

प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा की स्कूल परिसर को स्वच्छ और साफ रखें तथा टूटी हुई बाउंडरी की मरम्मत कराई जाए। जिलाधिकारी ने बच्चों से पूछा कि आज स्कूल में क्या खाना बना था जिस पर बच्चों ने कहा कि दाल रोटी बनी थी, खाना कैसा था? इस सवाल पर बच्चों ने कहा कि अच्छा था।

# तीस हजार रिश्वत लेते धरे गए एसआई, चौकीदार भी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## नाम निकालने के नाम पर मांगे थे तीस हजार, कोठी थाने में दर्ज हुआ मुदकमा

हैदरगढ़ बाराबंकी । मुकदमे में नाम निकालने को लेकर उपनिरीक्षक द्वारा तीस हजार की रिश्वत चौकीदार के मध्यम से ली गई जिस पर एंटी करप्शन की टीम अयोध्या द्वारा उपनिरीक्षक को उक्त रिश्वत के पैसों के साथ गिरफ्तार किया है आरोपी उपनिरीक्षक व चौकीदार को कोठी थाने ले गई जहां मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है सूत्रों की माने तो आरोपियों को गोरखपुर भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय में पेश करेगी जहां से उन्हें गोरखपुर जेल शिफ्ट कर दिया जाएगा । जानकारी के अनुसार पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय हैदरगढ़ में हेड पेशी के पद पर तैनात उपनिरीक्षक अशोक कुमार पाण्डेय द्वारा एससी एसटी एक्ट के मामले में नाम निकालने के एवज में तीस हजार हजार रुपए मांगे थे जिसके बाद आज चौकीदार राम कुमार के मांध्यम से इन्होंने तीस हजार रुपए लिए उन नोटो के नंबर भ्रष्टाचार निवारण टीम के पास पहले थे बताते है जैसे ही पाण्डेय पैसे लेकर अपने कार्यालय में पहुंचे तभी पूरी टीम आ गई और उसने पैसे बरामद करते हुए उक्त दरोगा को अपने साथ कोठी थाने ले गई जहां अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

### अभी हाल ही में हुआ था प्रमोशन

उपनिरीक्षक अशोक कुमार पाण्डेय का अभी हाल ही में प्रमोशन हुआ था बताते है कि गैरजनपद तबादला भी गया था किंतु अभी फोर्स की कमी के चलते इन्हें रिलीव नहीं किया गया था । पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है ।

# जिला कारागार में बंदी तैयार कर रहे हैं हर्बल गुलाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।जेल प्रशासन कैदियों को हरदम कुछ नया और अलग हटके सिखाने की कोशिश करता रहता है। जेल में बंद बंदियों की दिशा और दशा को सुधारने के लिए समय-समय पर इन्हें रोजगार परक प्रशिक्षण ''निमदस'' संस्था के सहयोग से दी जाती है। होली के त्योहार को देखते हुए पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बंदियों के द्वारा हर्बल गुलाल बनाने की पहल शुरू हो गई हैं क्र

सलाखों के पीछे अपने गुनाहों की सजा काट रहे बंदियों के हाथों से बना खुशबूनुमा हर्बल गुलाल होली पर इस बार भी अपनी अलग ही रंग बिखरेगा। हर्बल गुलाल में खुशबू लाने के लिए इत्र तो वहीं जेल मे उत्पादित गेंदा के फूल, हल्दी, पालक व चुकंदर आदि के रसों से तैयार किए जा रहे हर्बल गुलाल लोगों की त्वचा के लिए बिल्कुल हानिकारक नहीं होगा।

वहीं जेल अधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया पिछले साल हमने होली पर जो नई पहल की शुरूवात की गई थी वह इस बार भी शुरू हो गई है। जिला कारागार में जहां महिला बंदियों के साथ पुरुष बंदी भी हर्बल गुलाल बनाएंगे। यह गुलाल इसी कारागार पर उत्पादित सामग्री जैसे चुकंदर हल्दी पालक के रस के साथ बाकी हर्बल चीजों को मिलाकर बिल्कुल ऑर्गेनिक हर्बल गुलाल बनाई जा रही है।

जेलर जेपी तिवरी के बताया कि जेल के करीब दो दर्जन बंदियों द्वारा एक दिन में करीब 20 किलोग्राम तक हर्बल गुलाल तैयार कर लिया जाता है। इस गुलाल को बंदी मुलाकात पर आने वाले स्वजन को भी देंगे। इससे पर्यावरण संरक्षण में वह भी उनका सहयोग दें।

# मनमाने प्रबंधन के खिलाफ टोल कर्मियों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। बाराबंकी - बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने शहाबपुर टोल प्लाजा का टेंडर बदलते ही कंपनी ने पहले से लगे कर्मचारियों को नौकरी से निकालने एव चाय नाश्ता खाना न देने से नाराज टोल कर्मियों ने गुरुवार विरोध जताया और रखने की मांग की।

बताते चले कि शाहबपुर स्थित टोल प्लाजा का ठेका अभी तक कोरल एसोशियट कंपनी के नाम से था। बुधवार से ठेका शिवचंद्रा त्रिपाठी प्राइवेट कंपनी को दे दिया गया। नई कंपनी को टोल मिलते ही मैनेजर मोहित नागपाल ने पहले से तैनात करीब 25 टोल कर्मचारियों का वेतन कम करने एव डियूटी के समय चाय नास्ता एव भोजन न देने का एलान कर दिया नई कम्पनी के आदेश को न मानने पर नौकरी से निकालने की बात कहने पर टोल के कर्मचारी विरोध करने को मजबूर हो गये। कर्मचारियों का कहना है कि पहले सुप्रवाइजरो 13 हजार रुपये मासिक वेतन टोल कलेक्शन वालो को साढ़े दस रुपये चाय नाश्ता एव खाना मिलता था तथा 8 घंटे की डियूटी थी लेकिन अब नई कंपनी ने महज सात से आठ हजार रुपये वेतन और 12 घंटे ड्यूटी करने के निर्देश दिए हैं। हंगामे की सूचना पर थाने से पहुंचे उपनिरीक्षक शिवकुमार ने दोनों पक्षों से बात कर शांति से निर्णय निकालने की बात कही।

हंगामा,आसिस्टेंट लेबर कमीशनर मौके पर टोल प्लाजा के नये नियमों एव नौकरी से निकालने के विरोध मे हंगामा कर रहे टोल कर्मियों की सूचना पर मौक़ेपर पहुंचे आसिस्टेंट लेबर कमीशनर मयंक सिंह ने हंगामा कर रहे टोल कर्मी सुरेंद्र प्रताप सिंह, दीपक सिंह,शिवम वर्मा, रौनक सिंह, अवधेश कुमार वर्मा, कुलदीप, सुधा वर्मा, सबाना,ममता, काजल रावत,पूजा पाठक, अर्चना सहित अन्य टोल कर्मियों एव टोल प्लाजा मैनेजर मोहित नागपाल के बींच बात की जिस पर सभी टोल कर्मियों को अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र जमा करने पर सहमति बनी वही मैनेजर मोहित नागपाल ने बताया कि टोल प्लाजा अभी तक हैंडओवर भी नही हुआ है और कर्मचारियों को कही भी निकाला नही जा रहा हैं सभी कर्मचारियों से उनके शैक्षिक प्रमाण पत्र मांगे गये है।

## व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष बने मन्नू चौरसिया

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन जनपद इकाई निरन्तर जनसेवा एवं व्यापारी हितों के लिए कार्य कर रही है। जिले में संगठन को और प्रभावी एवं मजबूती प्रदान के लिए संगठन का वि?स्तार किया जा रहा है।इसी क्रम में जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्धू ने नगर कार्यकारिणी का गठन करते हुए मनू लाल चौरसिया शहर इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने महानगर लखनऊ स्थित अपने निवास पर मन्नू लाल चौरसिया को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर जिला संरक्षक सुशील गुप्ता,जिला महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला,जिला उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल,उपाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष मोनू त्रिवेदी ,संगठन मंत्री विशाल जैन मौजूद रहे, समस्त कार्यकम की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अमित सचदेवा द्वारा दी गई।

## सत्संग समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पीलीभीत।परम पूज्य देवेंद्र भैया जी महाराज का सत्संग समारोह कार्यक्रम गजरौला कला में आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या सत्संगी भाई बहन उपस्थित रहे थे जिसमें परम पूज्य देवेंद्र भैया जी महाराज के अमृत वचनों का रसपान किया इस दिव्य एवं भव्य समारोह में सत्संगी भाई बहनों बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया परम पूज्य भैया जी ने अच्छे आचरण मानव सेवा प्रभु भक्ति पर बल देते हुए सत्संगी भाई बहनों को अमृत वचन को ग्रहण किया इस दिव्य समारोह की व्यवस्थापक गंगाधर वर्मा,ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा,विजय गुप्ता,सचिन गुप्ता राधेश्याम मौर्य,ओमप्रकाश गौतम, कृष्णपाल वर्मा,मनीष पाल वर्मा, डोरी लाल प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे हैं।

## अपर जिला जज ने वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण

पीलीभीत। अपर जिला जज सुनील कुमार द्वारा वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम पीड़िता कक्ष मे जाकर पीड़िता से खाना और नाश्ते के बारे में जानकारी ली तथा बातचीत की गई।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेल अहम : डा. पुनिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। पीजी कॉलेज रामनगर में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. पी.एल पुनिया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन और ध्वजारोहण के साथ किया।छात्रों ने मशाल जलाकर खेलों की शुरुआत की।प्रथम दिन 400 मीटर दौड़ लंबी कूद ऊंची कूद गोला फेंक चक्का फेंक भाला फेंक और हैमर थ्रो जैसी प्रतियोगिताएं हुईं।400 मीटर दौड़ में बालकों में अमर सिंह प्रथम और महिलाओं में शिवानी रावत प्रथम रहीं।विजेताओं को पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।पूर्व सांसद डॉ. पुनिया ने खेलों को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।अगले क्रम में सिरौली गौसपुर की ब्लॉक प्रमुख सपा नेता रेनू वर्मा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।प्राचार्य श्री कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने सम्मानित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित छात्रों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक अभिभावक व कर्मचारी तथा गणमान्य उपस्थित रहे।

## शार्ट सर्किट से एजेंसी में लगी आग,14 लाख का नुक़सान



बनीकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में चौकी हथौंधा अंतर्गत कोटवा सड़क स्थित बिजली की शार्ट सर्किट से पराग एन्ड बेकरी स्कूटी के शोरूम में बीती रात्रि आग लग गई। पड़ोस के दुकानदारों ने शोरूम के मालिक हिमांशु वर्मा को जानकारी दी जब तक मालिक पहुंचते तब तक कि 11 इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी, बैटरी इनवर्टर अन्य सामान जलकर राख हो गया। सुचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल ने पड़ोस के लोगों की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद शटर खोल कर आग पर काबू पाया। शोरूम के मालिक ने बताया आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी है लगभग साढे 14 लाख का समान जलकर राख हो गया है।

## दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर में शिव जागरण का भव्य आयोजन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महाशिवरात्रि के अवसर पर रसूलपुर स्थित दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भव्य शिव जागरण का आयोजन किया गया। पीलीभीत से आए कलाकारों ने शिव तांडव, फूलों की होली, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, बाहुबली हनुमान और सुदामा की झांकी प्रस्तुत की, जिससे श्रद्धालु भक्तिरस में डूबे नजर आए। कलाकारों ने भजनों की मोहक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। शिव विवाह व फूलों की होली ने मोहा मन शिव विवाह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कलाकारों ने गणेश वंदना से झांकी की शुरुआत की और फगुआ गीतों पर फूलों की होली खेली, जिसमें महिला श्रद्धालु व बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। मोनिका मिश्रा ने सत्यम शिवम सुंदरम, हम कथा सुनाते हैं, अनिल मिश्रा ने भोले ओ भोले, शिवनाथ तुम्हारी महिमा, तेरा रामजी करेंगे बेड़ा पार, जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, सांसद तनुज पुनिया,अनिल दुबे, मनोज द्विवेदी, दीपक जैन, उमेश शुक्ला, अविरल सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों के माथे पर खिची लकीरें, जल जीवन मिशन ढकोसला

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्रीष्म ऋतु ने दस्तक दे दी है। जल जीवन मिशन कार्य की धीमी गति से ग्रामीणों को जल मौहैया होगा,आसार नजर नहीं आ रहे हैं।ग्रामीणों की मानें तो अभी काफी काम अधूरा है।पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़कें खुदी पड़ी है तो कहीं पाइप लाइने अभी तक जोड़ी नहीं गई है। विकास खंड क्षेत्र में मोहसंड में हर घर पेयजलापूर्ति के लिए करीब एक वर्ष पहले पानी की टंकी का निर्माण शुरू किया गया था।समय बीतने के बाद भी अभी तक काम अधूरा पड़ा हुआ है।ऐसे में इस गर्मी में भी ग्रामीणों को शुद्ध पेयजलापूर्ति मिलना संभव नहीं लग रहा है।कस्बा टिकैतगंज के सभी घरों तक पाइप लाइन ही नहीं पहुंच पाई है। कई घरों में कनेक्शन तक नहीं हुए है। ऐसे में कैसे पहुंचेगा पानी, यह सवाल हर किसी की जुबान पर है।आरोप है कि जिम्मेदारों की अनदेखी से कई बार कार्य पूर्ण करने की तिथि बढ़ चुकी है। पूर्व में दावे तो खूब हुए पर काम तय समय पर पूरा नहीं हो सका।पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़कें खुदी पड़ी है तो कहीं पाइप लाइने अभी तक जोड़ी नहीं गई है।जेई ने बताया कि मोहसंड ग्राम पंचायत बड़ी है कार्य चल रहा है आगामी दो दिन में कस्बा टिकैतगंज में जो कार्य अधूरा है वह शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा।

## 11 घंटे की एक ही बैठक में कुरान पाक पाठ मुकम्मल

जैदपुर/मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मदरसा दारुल उलूम सिद्दीकिया बड़ागांव के 17 वर्षीय छात्र हाफिज मोहम्मद अरकम ने लगातार 11 घंटे में कुरान मुकम्मल कर ली। इस उपलब्धि पर छात्र को दस्तार बांध कर सम्मानित किया गया। कस्बा जैदपुर निवासी 17 वर्षीय छात्र हाफ़िज मोहम्मद अरकम वल्द अब्दुल हसीब बांसा बड़ागाव मार्ग पर स्थित मदरसा दारुल उलूम सिद्दीकिया मे रहकर पढ़ाई कर रहे है बुधवार को हाफ़िज मोहम्मद अरकम ने एक ही बैठक में हाफ़िज मोहम्मद आमिर व हाफिज मो0 अजहर की निगरानी मे पूरा कुरान पाक पढ़ा। लगातार 11 घंटे की एक ही बैठक में पूरा कुरान पाक पढ़ कर मुकम्मल करने पर हाजरीन ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए दुआओं से नवाजा। इस दौरान मदरसे के मौलाना सगीर अहमद कासमी मुफ़्ती मिस्बाउरहमान कासमी, मौलाना अजहरुद्दीन नदवी ने कहा कि कुरान पाक अल्लाह की किताब है। हाफिज-ए-कुरान की इस्लाम में बहुत बड़ी फजीलत है। वह वालदेन खुशनसीब हैं जिनके बच्चे हाफिज-ए-कुरान हैं। इससे पूर्व गत सप्ताह सुल्तानापुर रामनगर के छात्र हाफ़िज मो. सद्दाम ने 11 घंटे मे कुरआन सुनाई थी। इस दौरान छात्र हाफिज मोहम्मद अरकम व हाफ़िज मोहम्मद सद्दाम को दसतार बांध कर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मदरसा सदर मुल्ला हलीम अंसारी, प्रिंसपिल कारी मुईन अहमद नदवी, हाफिज शहाबुद्दीन दल्सराय, मास्टर नूरुल बसर मास्टर समीम, मौलवी नूरुल हसन अंसारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद,, निजामुद्दीन अंसारी सहित मदरसे के बच्चे मौजूद रहे।

# डीएम ने स्कूल, अस्पताल, व विकास खंड का किया निरीक्षण, पानी की बर्बादी देख दर्ज कराई नाराजगी



सिद्धौर बाराबंकी । ब्लाक मुख्यालय पर बेकार बह रहे पानी को देखते हुए डीएम ने नाराजदी दर्ज कराई खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जल संरक्षण पर ध्यान दे बेवजह पानी बर्बाद न हो । जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने हाजीपुर प्राथमिक विद्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धौर व विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया । आवश्यक निर्देश दिए। गुरुवार को जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी ने प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर श्याम नगर का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य अभय सिंह मिले शेष अध्यापक अवकाश पर रहे बच्चों की उपस्थित कम होने पर नाराजगी जताई और छात्र संख्या बढ़ाने के निर्देश के साथ विद्यालय की साफ सफाई और बेहतर करने और टूटे गेट और बाउंड्री वॉल की मरम्मत का भी निर्देश दिया । उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धौर पहुंचे डॉक्टरों की उपस्थिति दवा वितरण कक्ष , मलेरिया कक्ष, एक्स-रे मशीन , पैथोलॉजी के साथ डिलीवरी रूम के पास बने शौचायलयों की साफ सफाई उसके बाद पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया । अस्पताल परिसर के आसपास गंदगी वहां कर्मियों को तत्काल सही करने के निर्देश अधीक्षक कुमार संजय पांडे को दिया । विकासखंड कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों की उपस्थिति का भी जायजा लिया । प्रेरणा कैंटीन ए डी ओ पंचायत पंचायत कक्ष कर्मचारियों के आवास खंड विकास अधिकारी आवास तथा विकासखंड परिसर का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान विकासखंड परिसर में पानी की टंकी द्वारा जमीन पर पानी गिरने से नाराज जिला अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी से कहा फर्जी पानी बह रहा है इसे ठीक कराये । मनरेगा योजना की जानकारी ली। इस मौके पर उप जिलाधिकारी हैदरगढ़ व, अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी , सिद्धौर चौकी प्रभारी आर पी मिश्रा लेखपाल आनंद प्रकाश मौजूद थे।

# सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आमने-सामने होंगे ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान

एजेंसी

लाहौर। क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया और शीर्ष टीमों के बीच तेजी से अपनी जगह बना रहा अफगानिस्तान शुक्रवार को जब यहां चैंपियन्स ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे तो दोनों सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेंगे। बुधवार को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड पर आठ रन की यादगार जीत के बाद अफगानिस्तान के पास लगातार दूसरी बार किसी वैश्विक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने का अच्छा मौका है। टीम ने एक साल से भी कम समय पहले अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के अंतिम चार चरण में प्रवेश किया था। ऑस्ट्रेलिया भी जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। हालांकि यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो लेकिन टीम अपने तीन



प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के बिना खेल रही है। इंग्लैंड ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 350 से अधिक रन बनाए थे लेकिन उसके बाद जोश इंग्लिस के शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 15 गेंद शेष रहते पांच विकेट से जीत हासिल की। दो बार का पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के अंतराल के बाद चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब फिर से हासिल करना चाहेगा। टीम ने 2006 और 2009 में लगातार दो खिताब जीते लेकिन 2013 और 2017 में फाइनल में पहुंचने में असफल रहा जिसके बाद इस प्रतियोगिता का आयोजन बंद कर दिया गया। शीर्ष तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जानता है कि उसकी ताकत बल्लेबाजी में है। टीम के पास ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी हैं जो विपक्षी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि नियमित खिलाड़ियों की अनुपस्थिति ने टीम को कमजोर किया है लेकिन इसने युवा खिलाड़ियों को प्रभावित करने, टीम में अपनी जगह पक्की करने और प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में समृद्ध ऑस्ट्रेलियाई विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर भी प्रदान किया है। ऑस्ट्रेलिया से बल्ले से मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है जबकि बेन ड्वार्शुइस, स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस और एडम जंपा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में गेंद के साथ जिम्मेदारी संभालेंगे और वे जानते हैं कि अगर उन्हें ग्रुप चरण से आगे बढ़ना है तो उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। ड्वार्शुइस और जॉनसन इंग्लैंड के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था और वे शुक्रवार को अपनी गलती सुधारना चाहेंगे। जंपा के रूप में ऑस्ट्रेलिया के पास पाकिस्तान की परिस्थितियों का फायदा उठाने में सक्षम स्पिनर है। जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है तो उनकी बल्लेबाजी की अगुआई सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान करेंगे जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की पारी खेली जो अब चैंपियन्स ट्रॉफी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है।

# इंग्लैंड पर जीत के बाद सचिन तेंदुलकर सहित क्रिकेट जगत ने की अफगानिस्तान की सराहना

एजेंसी

नई दिल्ली। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने चैंपियन्स ट्रॉफी में इंग्लैंड पर आठ रन की शानदार जीत के लिए अफगानिस्तान की प्रशंसा की और कहा कि उनकी जीत को अब उलटफ़ेर नहीं कहा जा सकता। अफगानिस्तान ने बुधवार को लाहौर में पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान की 146 गेंद में 177 रन की शानदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 325 रन बनाए और फिर अजमतुल्लाह उमरजई (58 रन रर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी से इंग्लैंड को 317 रन पर रोककर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, ''अफगानिस्तान का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार आगे बढ़ना प्रेरणादायक रहा है! आप अब उनकी जीत को उलटफ़ेर नहीं कह सकते, उन्होंने इसे अब आदत बना लिया है।'' उन्होंने लिखा, ''इब्राहिम जादरान के शानदार शतक और अजमतुल्लाह उमरजई




के बेहतरीन पांच विकेट ने अफगानिस्तान के लिए एक और यादगार जीत सुनिश्चित की। बहुत बढ़िया खेला!'' अफगानिस्तान की प्रशंसा करते हुए भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में असमर्थता के लिए इंग्लैंड की आलोचना की। शास्त्री ने लिखा, ''अफगानिस्तान। आप लोग कमाल करते हैं। कमाल कर दिया। इंग्लैंड के लिए। उपमहाद्वीप में खेलने को बिना किसी बहाने के गंभीरता से लें। केवल तभी आप एक ऐसी टीम के रूप में पहचाने जाएंगे जो दौरा करने में अच्छी है।'' विश्व कप 2023 के दौरान अफगानिस्तान के साथ मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में काम करने वाले पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने भी सोशल मीडिया पर टीम को बधाई दी। जडेजा ने लिखा, ''अफगानिस्तान के प्रशंसक इस जीत के हकदार हैं क्योंकि वे दुनिया भर में सबसे अधिक जुनूनी और विनम्र क्रिकेट प्रशंसक हैं। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने उम्मीद जताई कि अफगानिस्तान की टीम सेमीफाइनल से आगे जाएगी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी अफगानिस्तान के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड की टीम अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई।

# इंग्लैंड चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, कप्तान जोस बटलर बोले-पता लगाना होगा कि मैं समाधान का हिस्सा हूं या समस्या का

एजेंसी

लाहौर। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने अफगानिस्तान के खिलाफ हार के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद कहा कि टीम के कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर फैसला करने से पहले वह अगले कुछ सप्ताह इस बात का विश्लेषण करने में बिताएंगे कि वह 'समस्या का हिस्सा हैं या समाधान का'। इंग्लैंड को 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से हार का सामना करना पड़ा। अफगानिस्तान ने इब्राहिम जादरान (177) के शानदार शतक और अजमतुल्लाह उमरजई (41 रन और 58 रन पर पांच विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां यादगार जीत दर्ज की। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब



बटलर से कप्तान के रूप में उनके भविष्य पर कई सवाल पूछे गए तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मुझे व्यक्तिगत रूप से यह पता लगाना होगा कि मैं समस्या का हिस्सा हूं या समाधान का? बटलर के नेतृत्व में इंग्लैंड का यह लगातार तीसरा असफल आईसीसी टूर्नामेंट अभियान था। इससे पहले भारत में 2023 विश्व कप और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में 2024 टी20 विश्व कप में टीम को निराशा का सामना करना पड़ा।

# मुंबई इंडियंस की नजरें दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बदला चुकता करने पर

एजेंसी

बेंगलुरू। पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में जब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें लीग की शीर्ष दो टीम के बीच होने वाले इस मुकाबले को जीतकर पहले चरण में मिली हार का बदला चुकता करने और जीत का क्रम जारी रखने पर टिकी होंगी। इसी महीने वडोदरा में हुए चार मैच में सिर्फ दिल्ली की टीम मुंबई इंडियन्स को हराने में सफल रही थी और शुक्रवार को जब हरनमप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम मैदान पर उतरेगी तो इस हार का बदला चुकता करना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के बाद से मुंबई ने लगातार तीन मैच जीते हैं। टीम ने इस दौरान गुजरात जाइंट्स को पांच विकेट, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को चार विकेट



और यूपी वारियर्स को आठ विकेट से हराया। शुक्रवार को मुंबई की टीम एक और जीत के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी। मुंबई इंडियंस अभी चार मैच में छह अंक के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में शीर्ष पर हैं जबकि दिल्ली की टीम के भी पांच मैच में छह अंक हैं। मुंबई इंडियन्स की ताकत उसकी दमदार बल्लेबाजी है। इंग्लैंड की बल्लेबाज नैट स्काइवर ब्रंट लीग के पहले चैंपियन की ओर से शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने चार मैच में 254 रन बनाए हैं जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। कप्तान हरमनप्रीत भी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने चार मैच में एक अर्धशतक जड़ा है। हेली मैथ्यूज की फॉर्म में वापसी मुंबई इंडियन्स के लिए अच्छी खबर है। वेस्टइंडीज की सलामी बल्लेबाज ने बुधवार को यूपी वारियर्स पर मुंबई इंडियन्स की आठ विकेट की आसान जीत में 50 गेंद में 59 रन बनाए। लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज यस्तिका भाटिया शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं जो मुंबई इंडियन्स के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इसके अलावा न्यूजीलैंड की अमेलिया केर भी मध्यक्रम में रन बनाने के लिए बेताब होंगी। स्काइवर ब्रंट सिर्फ बल्ले से ही योगदान नहीं दे रही हैं बल्कि गेंद से भी उन्होंने पिछले मैच में 18 रन देकर तीन विकेट चटकाए। शब्निम इस्माइल ने भी नयी गेंद से मुंबई इंडियन्स के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है जबकि टीम बीच के ओवरों में अमनजोत कौर, मैथ्यूज और केर की ऑलराउंड क्षमताओं पर निर्भर करेगी। दूसरी ओर दिल्ली की टीम ने पांच में से तीन मैच जीते हैं लेकिन वे लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

## यूपी वारियर्स की टीम में चामरी अटापट्टू की जगह लेंगी जॉर्जिया वोल

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल महिला प्रीमियर लीग के शेष मैचों के लिए यूपी वारियर्स टीम में चामरी अटापट्टू की जगह लेंगी क्योंकि श्रीलंकाई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना हो गई हैं। डब्ल्यूपीएल ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा, यूपी वारियर्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए चामरी अटापट्टू की जगह जॉर्जिया वोल को चुना है। अटापट्टू श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी संभालेंगी। इक्कीस वर्षीय जॉर्जिया एक उभरती हुई खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने दूसरे ही एकदिवसीय मैच में शतक जड़कर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरुआत की है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन एकदिवसीय और एक टेस्ट के अलावा तीन टी20 मैच भी खेले हैं। जॉर्जिया 30 लाख रुपये में वारियर्स से जुड़ेंगी।

# मुंबई में कल होगा 'कोयला क्षेत्र में निवेश के अवसर और व्यावसायिक कोयला खान नीलामी' पर रोड शो का आयोजन

एजेंसी

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय ने कोयला क्षेत्र में निवेश के अवसरों और व्यावसायिक कोयला खान नीलामी को प्रदर्शित करने के लिए अपनी जारी शृंखला के भाग के रूप में मुंबई में शुक्रवार को एक रोड शो करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन मुंबई के ताज महल पैलेस में होगा। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। मंत्रालय के अनुसार यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम कोयला खनन, तकनीकी प्रगति, सर्वोत्तम और दीर्घकालीन प्रथाओं में उभरती संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रमुख हितधारकों, उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों और निवेशकों को एक मंच पर साथ लाएगा। व्यावसायिक कोयला खनन एक परिवर्तनकारी बदलाव रहा है, जिसने विकास के नए अवसर खोले हैं और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर भारत की यात्रा को गति प्रदान की है। 18 जून 2020 को पहली बार व्यावसायिक कोयला नीलामी शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रगति प्रदर्शित की है। 10 दौर की सफल नीलामी के साथ अब तक 113 कोयला खदानें आवंटित हुई हैं, जिनका संचयी पीआरसी ₹257.60 एमटीपीए है। इस सफलता को आगे बढ़ाने और उद्योग की भागीदारी को प्रोत्साहन देने के लिए कोयला मंत्रालय ने रोड शो की एक शृंखला शुरू की है। कोलकाता में अभूतपूर्व सफलता के बाद कोयला मंत्रालय अब मुंबई और इसके बाद अहमदाबाद में कार्यक्रमों का आयोजन करेगा और अवसरों एवं कार्य का विस्तार करेगा। ये रोड शो आगामी नीलामियों, प्रमुख नीतिगत सुधारों, व्यापार करने में सुगमता और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहनों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी प्रमुख विकास गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत करेंगे और उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों के साथ संवाद करेंगे। साथ ही नियामक ढांचे और भारत के ऊर्जा भविष्य को सुरक्षित करने में कोयला क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार विमर्श को प्रोत्साहन देंगे। कोयला क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलावों के साथ यह पहल केंद्र सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भरता और कोयला खनन में निजी भागीदारी को प्रोत्साहन देने के साथ संरेखित है। मुंबई में रोड शो राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की एक शृंखला का भाग है, जिसका उद्देश्य उद्योग सहयोग को प्रोत्साहित करना और इस क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन देना है।

# इमरान खान के नाम पर रखा गया पेशावर क्रिकेट स्टेडियम का नाम, राजनीतिक नेताओं ने की निंदा

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यधारा के राजनीतिक नेताओं ने प्रांतीय राजधानी पेशावर में एकमात्र क्रिकेट स्टेडियम का नाम बदलकर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नाम पर रखने की कड़ी निंदा की है। देश के खेल परिदृश्य को आकार देने में खान की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान के रूप में इस महीने की शुरुआत में अरबाब नियाज क्रिकेट स्टेडियम का नाम बदलकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान के नाम पर रखा गया था। प्रेस क्लब में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एएनपी के वरिष्ठ नेता और वरिष्ठ राजनीतिज्ञ गुलाम अहमद बिल्लौर, जेयूआई-एफ के केंद्रीय नेता व पूर्व प्रांतीय गवर्नर हाजी गुलाम अली और पीपीपी के वरिष्ठ नेता व पूर्व संघीय मंत्री अरबाब आलमगीर ने स्टेडियम का नाम बदले जाने की निंदा की। बिल्लौर ने कहा कि यदि इस तरह नाम बदले जा सकते हैं, तो भविष्य की सरकार पीटीआई संस्थापक के नाम पर पहले से मौजूद सुविधाओं का नाम भी बदल सकती है। आलमगीर ने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए, उन्हें यह अजीब लगा कि सरकार ज्वलंत मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय एक स्टेडियम का नाम बदलने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। हाजी गुलाम अली ने मुख्यमंत्री से प्रांत की परंपराओं और रीति-रिवाजों पर ध्यान देने का आग्रह किया और स्टेडियम का नाम बदले जाने की निंदा की। इसके अलावा, प्रांतीय गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने भी स्टेडियम का नाम बदलने का कड़ा विरोध किया। एक बयान में उन्होंने कहा कि देश में नौ मई को हुए उपद्रव के मुख्य पात्र (खान) के नाम पर स्टेडियम का नाम रखने से देश विरोधी ताकतों को बल मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आईसीसी मैच रेफरी डेविड बून क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड में शामिल होंगे

मेलबर्न। पूर्व बल्लेबाज डेविड बून पाकिस्तान और दुबई में चल रही चैंपियन्स ट्रॉफी के बाद आईसीसी मैच रेफरी के अपने मौजूदा पद को छोड़ देंगे और 28 मार्च से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के बोर्ड में शामिल होंगे। बून (64 वर्ष) क्रिकेट तस्मानिया बोर्ड के अध्यक्ष हैं और सीए में निवर्तमान अध्यक्ष पॉल ग्रीन की जगह लेंगे। 'क्रिकेट.कॉम.एयू'ने सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड के हवाले से कहा, ''मुझे बेहद खुशी है कि डेविड एक खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशासक के रूप में अपने विशाल अनुभव को लेकर सीए बोर्ड में आएंगे। उन्होंने कहा, ''डेविड ने आईसीसी मैच रेफरी के रूप में अपनी भूमिका में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी हासिल करना जारी रखा है और यह हमारे लिए बहुत उपयोगी होगा क्योंकि हम खेल के तेजी से बदलते परिदृश्य का सामना कर रहे हैं। बून 2011 से आईसीसी मैच रेफरी हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 107 टेस्ट और 181 एकदिवसीय मैच खेले जिसमें उन्होंने कुल 13,386 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। वह भारत में 1987 में विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य थे। बून 1999 में संन्यास लेने के बाद 2000-2011 के बीच चयनकर्ता भी रहे।

### व्यापार, निवेश बढ़ाने के लिए आज द्विपक्षीय संबंध अधिक महत्वपूर्ण : सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को व्यापार व निवेश के लिए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है और द्विपक्षीय रिश्ते ही एकमात्र सबसे फायदेमंद जरिया प्रतीत होते हैं। वित्त मंत्री ने यहां 'बीएस मंथन' में कहा कि यह बहुत ही दिलचस्प लेकिन चुनौतीपूर्ण समय है और सरकार देश को आगे बढ़ाने तथा वैश्विक वृद्धि का इंजन बनाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, '' द्विपक्षीय संबंध अब एजेंडा में शीर्ष पर है३ हमें कई देशों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाना है, न केवल व्यापार के लिए, न केवल निवेश के लिए, बल्कि रणनीतिक संबंधों के लिए भी। इसलिए बहुपक्षवाद३ कुछ हद तक, मैं अब भी इसे ''कुछ हद तक'' कह रही हूं३ लेकिन द्विपक्षीय संबंध ही एकमात्र फायदेमंद हैं जिसका आप इस्तेमाल कर सकते हैं।'' वित्त मंत्री ने कहा कि बहुपक्षीय संस्थाएं तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। उन्हें पुनः खड़ा करने और सक्रिय करने के प्रत्येक प्रयास से वांछित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, '' इसलिए, आपको ऐसे मुद्दों पर ध्यान देना होगा जो आपके अपने देश से परे कई चीजों को प्रभावित करते हैं। आपके पास अब कोई ऐसा मंच नहीं बचा है जो प्रभावी ढंग से काम कर सके३ बहुपक्षीय संस्थाएं और उनका योगदान शायद कम से कम निकट भविष्य में लुप्त होता दिख रहा है, जब तक कि उन्हें उस तरह की ऊर्जा के साथ फिर खड़ा करने का प्रयास नहीं किया जाता३ यह अगले कुछ वर्षों में तो होने वाला नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक व्यापार आज पूरी तरह से बदल रहा है और ''जिन शर्तों और संदर्भों के साथ हम सभी व्यापार करते थे, विश्व व्यापार संगठन में ऐसा किसी प्रकार का सहारा (संस्था) अब उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) की अवधारणा नहीं है। प्रत्येक देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा, '' यदि विश्व व्यापार संगठन कमजोर हो रहा है या बहुपक्षीय संस्थाएं प्रभावी नहीं रही हैं तो व्यापार के संदर्भ में द्विपक्षीय व्यवस्थाएं ही दिन-प्रतिदिन की जरूरत बन जाएंगी। एक नई दुनिया की ओर बढ़ते कदम को देखते हुए, भारत ने ब्रिटेन सहित कई देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता शुरू की है और अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की योजना बना रहा है। भारत 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के साथ भी मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि नई वैश्विक व्यवस्था में भारत को व्यापार, निवेश व रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की जरूरत है।

# आइकिया की भारत में नया निवेश करने की योजना, मुनाफ़े पर टिकी नजर

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्वीडन की फर्नीचर खुदरा विक्रेता आइकिया भारत में निवेश के अगले दौर की तलाश में है और उसे विस्तार के बाद मुनाफ़े में आने का पूरा भरोसा है। कंपनी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुसेन पुल्वरर यह संभावना जताई है। पुल्वरर ने बातचीत में कहा कि कंपनी दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में दो पूर्ण आकार के स्टोर खोलने की योजना बना रही है। अगले साल गुरुग्राम में यह स्टोर खोला जाएगा जबकि 2028 में नोएडा स्टोर की शुरुआत होने की उम्मीद है। आइकिया हैदराबाद, मुंबई और बेंगलुरु में अपने परिचालन स्टोर खोलने के बाद अगले चरण में चेन्नई और पुणे में भी स्टोर खोलने की योजना बना रही है। इन छह प्रमुख महानगर बाजारों में कदम रखने के बाद आइकिया देश के लिए अपनी यात्रा के अगले चरण पर काम करेगी, जहां यह छोटे स्टोर और एक एकीकृत बिक्री रणनीति के साथ विस्तार करेगी। हालांकि, कंपनी दिल्ली-एनसीआर और नौ अन्य बाजारों में ऑनलाइन बिक्री की शुरुआत इसी सप्ताह से करने जा रही है। पुल्वरर ने अपने पुणे और चेन्नई स्टोर खोलने की कोई समयसीमा नहीं बताई, लेकिन अगले कुछ साल में इनके शुरू होने की उम्मीद जताई। पुणे में आइकिया पहले से ही ऑनलाइन बिक्री के माध्यम से उपलब्ध है। कोलकाता जैसे पूर्वी बाजारों में अपने प्रवेश के बारे में उन्होंने कहा कि यह भी एक महत्वपूर्ण बाजार है और आइकिया वहां जाना चाहेगी। हालांकि, कंपनी यह काम अपने विस्तार के तीसरे चरण में करने का इरादा रखती है। सरकार ने वर्ष 2013 में 10 साल के भीतर संबंधित बुनियादी ढांचे के साथ 10 खुदरा स्टोर खोलने के लिए आइकिया के 10,500 करोड़ रुपये के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

# देश की जीडीपी ग्रोथ दिसंबर तिमाही में 6.3 फीसदी संभव, कल आएंगे आंकड़े

एजेंसी

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े कल जारी होंगे। भारत की जीडीपी की ग्रोथ रेट अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सकारात्मक बनी रहने की उम्मीद है। जानकारों का मामना है कि तीसरी तिमाही में यह लगभग 6.3-6.4 फीसदी के दायरे में रह सकती है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में लिए देश की जीडीपी के आंकड़े 28 फरवरी को शाम 4 बजे जारी किए जाने की संभावना है। आर्थिक मामलों के जानकारों ने उच्च सरकारी खर्च के कारण देश की जीडीपी वृद्धि दर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 6.3 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है। वहीं, अधिकांश रेटिंग एजेंसियों ने अक्टूबर-




दिसंबर तिमाही के लिए जीडीपी ग्रोथ 6.3-6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। अइंडिया रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए 6.5 फीसदी का उच्चतम जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान दिया है, जबकि नोमुरा का सबसे कम 5.8 फीसदी रहने का अनुमान है। इसके अलावा अन्य अनुमानों में बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को उम्मीद है कि भारतीय अर्थव्यवस्था तीसरी तिमाही में क्रमशः 6.4 फीसदी और 6.2-6.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने 6.4 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का पूर्वानुमान दिया है। उल्लेखनीय है कि देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 6.7 फीसदी रही थी, लेकिन आम चुनावों की वजह से सरकार के पूंजीगत व्यय में कमी तथा कमजोर उपभोग मांग के कारण जुलाई-सितंबर दूसरी तिमाही में यह धीमी होकर सात तिमाहियों के निम्नतम स्तर 5.4 फीसदी पर आ गई थी।

# कांग्रेस ने बनाईं पश्चिमी सिद्धांतों के हिंदीकरण से नीतियां, नानाजी ने दिए श्रेष्ठ भारत के सिद्धांत : शाह

एजेंसी

चित्रकूट (सतना)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज एक बार फिर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के आजाद होने पर स्वर्गीय नेहरू और कांग्रेस ने पश्चिम के सिद्धांतों के हिंदीकरण से देश की नीतियां बनाईं, लेकिन नानाजी देशमुख और पंडित दीदयाल उपाध्याय ने उस समय भी एकात्म मानवतावाद जैसे सिद्धांत प्रस्तुत कर सर्वश्रेष्ठ भारत की कल्पना को प्रतिपादित किया। श्री शाह सतना जिले के चित्रकूट में आयोजित स्वर्गीय नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रसिद्ध संत मुरारी बापू भी उपस्थित रहे। श्री शाह ने यहां दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा स्थापित पंडित उपाध्याय की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि कुछ लोगों के जीवन युगों तक असर छोड़ते हैं और युगों को परिवर्तनकारी बनाने का काम करते हैं। नानाजी उन्हीं में से हैं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ रहकर उत्तरप्रदेश में जनसंघ की नींव डाली। उन्होंने जीवन का कण कण भारत माता को समर्पित कर दिया। राजनीति में रहते हुए अजातशत्रु होकर दुनिया से जाना कठिन होता है, नानाजी के लिए कभी किसी से गलत बात नहीं सुनी। उन्होंने कला, साहित्य, उद्योग राजनीति, सेवा, कोई भी क्षेत्र हो, सबमें स्वीकृति और सम्मान पाया। एक जीवन में इतना कर पाना बहुत कठिन है। उन्होंने कहा कि जनसंघ ने दो महापुरुष दिए, दोनों 1916 में जन्मे, नानाजी देशमुख और दीनदयाल उपाध्याय। जब देश आजाद हुआ और देश की नीतियां बनीं, तब भारत को मानने वाले सभी लोग आश्चर्यचकित होकर बड़े दुख और चिंता के साथ देख रहे थे क्योंकि देश की विदेश, कृषि, शिक्षा, अर्थ, नीति किसी में भी चिरपुरातन राष्ट्र की मिट्टी की सुगंध नहीं थी। पश्चिम से उठाए सिद्धांतों को हिंदीकरण कर नीति बनाने का संतोष जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस सरकार ने किया। उस वक्त पंडित दीनदयाल ने एकात्म मानववाद के सिद्धांत प्रस्तावित कर भारत का आर्थिक दर्शन और विदेश नीति कैसी हो, ये सिद्धांत प्रतिपादित किया। वही सिद्धांत आज भारत को सर्वश्रेष्ठ बना रहा है। भारत के विकास के मॉडल को पंडित दीनदयाल ने अंत्योदय के नाम से प्रस्तावित किया। विकास हो, पर विरासत को साथ रखकर हो। ये दोनों सिद्धांत उन महापुरुषों ने दिए।

उन्होंने कहा कि बहुत से लोग एकात्म मानवतावाद को मानते तो थे, पर कहते थे कि इसे जमीन पर उतारना संभव नहीं। आज 10 साल में 60 करोड़ लोगों को जीवन की हर सुविधा नरेंद्र मोदी सरकार ने दी है। ग्रामीण विकास का प्रकल्प नानाजी देशमुख ने चित्रकूट को कार्यक्षेत्र बना कर आगे बढ़ाया। उन्होंने दीनदयाल शोध संस्थान की मासिक पत्रिका मंथन को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए वेद और उपनिषद के समान बताया। श्री शाह ने कहा कि कई बार एक छोटा सा काम देश को बहुत बड़े संकट से बचा लेता है, जब जनसंघ का विलय जनता पार्टी में हुआ, तब बहुत से लोग शोक कर रहे थे, पर नानाजी ने दल नहीं राष्ट्र प्रथम का सिद्धांत प्रस्तावित कर जनता पार्टी बना ली। उन्होंने कहा कि चुनाव में नानाजी ने बलरामपुर से वहां की महारानी को हराया और जीतने के बाद उन्हीं के घर पहुंचकर विनम्रता से उनका सहयोग मांगा। ये हर नेता के लिए पथ प्रदर्शक है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने उन्हें राष्ट्रऋषि की उपाधि दी। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि आज की राजनीति में स्टेज पर दूसरे नंबर का स्थान मिल जाए और फोटो ठीक ना आए तो भी अखबार देख कर मन खट्टा हो जाता है, लेकिन नानाजी देशमुख जैसे लोगों ने तिल की तरह खुद को घिस घिस कर राष्ट्रसेवा में लगा दिया।

# शिवराज ने एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए जनांदोलन का आह्वान किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए संविधान में संशोधन करने की आवश्यकता पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि इसके लिए पूरे देश में एक जनांदोलन होना चाहिए।

श्री चौहान ने भोपाल के एक निजी शिक्षण संस्थान में छात्रों को संबोधित करते हुए आज कहा कि देश में 12 महीने चुनाव की तैयारियां जरूर चलती है। कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं। ये बार-बार होने वाले चुनाव देश की प्रगति और विकास में बाधा है। इसलिए संविधान में संशोधन कर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि युवाओं को एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। उन्होंने कहा,ॾ स्टूडेंट फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन एक फोरम बनें, और इस फोरम को स्टूडेंट्स खुद बनाएं। एक राष्ट्र, एक चुनाव, एक जन-अभियान बनें, एक आंदोलन बनें और इस अभियान की अगुवाई छात्र करें। एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग करने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि देश में एक इसके समर्थन में एक अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति और विकास में बार-बार होने वाले चुनाव को बाधा नहीं बन चाहिए। इसलिए देश में एक बार और एक साथ चुनाव होने चाहिए। अब समय आ गया है कि देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराए जाएं। श्री चौहान ने कहा कि, वर्ष 1967 में भी देश में एक साथ चुनाव होते थे।

## चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ है : ज्ञानेश

चेन्नई। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को कहा कि देश का चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ है और उनके साथ खड़ा रहेगा। राज्य की मुख्य चुनाव अधिकारी अर्चना पटनायक, जिला चुनाव अधिकारी एमएस संगीता और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद श्री कुमार ने मदुरै में संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्र सेवा की ओर पहला कदम मतदान है। देश के सभी नागरिक जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है, उन्हें मतदाता बनना चाहिए और हमेशा मतदान करना चाहिए, उन्होंने जिले के चुनाव अधिकारियों की अच्छे काम के लिए सराहना की। श्री कुमार ने पत्नी के साथ श्री मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर में पूजा–अर्चना की और यहां से समीक्षा बैठक के लिए रामनाथपुरम पहुंचे। इसके बाद उन्होंने रामेश्वरम के पास पेइकरुम्बु में पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राष्ट्रीय स्मारक का दौरा किया और श्री रामनाथस्वामी मंदिर में भी पूजा–अर्चना की।

## राजनाथ ने रक्षा मंत्रालय की हिन्दी पत्रिका 'सशक्त भारत' का विमोचन किया

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को यहां रक्षा मंत्रालय की द्विवार्षिक हिंदी पत्रिका 'सशक्त भारत' के प्रथम संस्करण का विमोचन किया। इस पत्रिका में सशस्त्र बलों के कर्मियों की वीरता, देशभक्ति तथा बलिदान पर कविताएँ और मंत्रालय के कर्मियों द्वारा लिखे गए सरकार की नीतियों पर लेख शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने हिंदी को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा विभाग के रक्षा मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने हिंदी को अपनाने और इसके प्रयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा भाषा को भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने–बाने को जोड़ने वाला सूत्र बताया।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य / उ.रे. |
|---|---|
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **19402-SLR-F2-LKO-SBIB-24-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2025 at 12:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2025 at 12:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2025 at 12:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **14235-SLR-F2-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2025 at 13:00 hrs. |
| **नीलामी सूची सं. / लॉट सं.** | **14235-SLR-F1-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2025 at 13:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

627/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पेज एक का शेष

## महाकुम्भ में आस्था...

नमामि गंगे, जल निगम, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य समेत अन्य सभी विभागों ने पूरी तत्परता के साथ इस कार्यक्रम को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। श्रद्धालुजनों को यहां तक लाने के लिए सभी संबंधित विभागों, संस्थाओं ने अपना काम किया, लेकिन एक-एक घटना को लाइव दिखाने का काम और सकारात्मक रूप से उसे आम जनता तक घर-घर पहुंचाने का काम आपने किया, क्योंकि कितनी भी अच्छी व्यवस्था होती,हम कितना भी कर लेते, लेकिन उसका प्रचार आपने किया। सिर्फ हिंदी मीडिया ही नहीं, देशभर की मीडिया ने, विदेशी मीडिया ने यहां की व्यवस्थाओं की सराहना की।

## 'महाकुम्भ सेवा मेडल'...

पहुंचाया। यह आप सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अगर हम समस्या के बारे में सोचते तो बहाने मिलते, लेकिन समाधान के बारे में सोचा तो रास्ते मिले। हमने समाधान का रास्ता चुना और इसे दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन बनाया। उन्होंने पीएम मोदी के 'दिव्य-भव्य और डिजिटल कुम्भ' के थीम की चर्चा करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और आर्थिक प्रगति का प्रतीक बन गया है। उन्होंने महाकुम्भ की आलोचना करने वालों को भी खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि जो महाकुम्भ का भागिदार बना होगा वहीं इसके स्किल और स्केल के बारे में समझ पाएगा। किसी कोने में बैठकर विद्वेष भाव से टिप्पणी कर देना आसान बात है। उन्होंने महाकुम्भ के दौरान पुलिसकर्मियों के धैर्य और शालीनता की प्रशंसा की और कहा कि कई बार कुछ लोग जवानों को धक्का भी दे देते थे, तब भी हमारे जवानों ने सहनशीलता का परिचय दिया।

## कैग की रिपोर्ट विधान...

कैग की रिपोर्ट में वापस किये गये लाईसेंस के लिए फिर से निविदिता नहीं निकाले जाने के कारण 890 करोड़ रुपये के राजस्व का घाटा होने की बात कही गयी है। इसी तरह से गैर अनुरूप वार्डों में शराब की दुकानें खोलने की इजाजत नहीं देने से 941.51 करोड़ रुपये के राजस्व घाटा की बात कही गयी है। उन्होंने कहा कि कैग की रिपोर्ट में बताया गया है कि कोविड-19 के नाम पर क्षेत्रीय लाइसेंस धारियों को छूट देने से 144 करोड़ रुपये और सुरक्षा जमा राशि वसूलने में विफल रहने की वजह से 27 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा हुआ था। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट आने के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत दोषियों को उचित सजा दिलायी जाएगी। इससे पहले सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों ने दिल्ली की आबकारी नीति को लेकर आप, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर हमला बोला और कहा कि श्री सिसोदिया शिक्षा मंत्री कम, आबकारी मंत्री ज्यादा थे।

## उच्चतम न्यायालय...

मामला अलग था और हमने अरविंद केजरीवाल मामले का हवाला दिया है।सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 132 और 104, जब अपराधों को संज्ञेय और जमानती के रूप में निर्दिष्ट करती है, तो इसके बजाय इसे गैर-संज्ञेय और गैर-जमानती माना जाना चाहिए। हमने देखा है कि कर भुगतान में जबरदस्ती के आरोपों में कुछ दम है और ऐसी प्रथाओं की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने अपने सहमति वाले फैसले में, अनुच्छेद 226 के अंतर्गत न्यायिक समीक्षा की शक्तियों को संबोधित किया, कर-संबंधी गिरफ्तारियों में संवैधानिक सुरक्षा उपायों को बनाए रखने पर अदालत के रुख की पुष्टि की। यह निर्णय जीएसटी और सीमा शुल्क अधिनियमों के दंडात्मक प्रावधानों को चुनौती देने वाली 279 याचिकाओं के जवाब में दिया गया। अदालत का फैसला आरोपी व्यक्तियों के लिए कानूनी सुरक्षा को बहुत मजबूत करता है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर बल दिया कि कर अधिकारियों द्वारा मनमानी गिरफ्तारी और जबरदस्ती संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करती है, यह सुनिश्चित किया कि प्रवर्तन कार्रवाई कानून की सीमा के अंदर होनी चाहिए। आगे की कार्यवाही के लिए मामले को 17 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

## एकता का महाकुंभ...

में शोध करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है।ङ्क उन्होंने कहा कि महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षों से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते थे। इसके बाद, हर छह वर्ष में अर्धकुंभ में परिस्थितियों और दिशा-निर्देशों की समीक्षा होती थी। 12 पूर्णकुंभ होते-होते, यानि 144 साल के अंतराल पर जो दिशा-निर्देश, जो परंपराएं पुरानी पड़ चुकी होती थीं, उन्हें त्याग दिया जाता था, आधुनिकता को स्वीकार किया जाता था और युगानुकूल परिवर्तन करके नए सिरे से नई परंपराओं को गढ़ा जाता था। 144 वर्षों के बाद होने वाले महाकुंभ में ऋषियों-मुनियों द्वारा, उस समय-काल और परिस्थितियों को देखते हुए नए संदेश भी दिए जाते थे। अब इस बार 144 वर्षों के बाद पड़े इस तरह के पूर्ण महाकुंभ ने भी हमें भारत की विकासयात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है। ये संदेश है 'विकसित भारत का'!

प्रधानमंत्री ने कहा, जिस तरह एकता के महाकुंभ में हर श्रद्धालु, चाहे वो गरीब हों या संपन्न हों, बाल हो या वृद्ध हो, देश से आया हो या विदेश से आया हो, गांव का हो या शहर का हो, पूर्व से हो या पश्चिम से हो, उत्तर से हो दक्षिण से हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी विचारधारा का हो, सब एक महायज्ञ के लिए एकता के महाकुंभ में एक हो गए! एक भारत-श्रेष्ठ भारत का ये चिर-स्मरणीय दृश्य, करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। अब इसी तरह हमें एक होकर विकसित भारत के महायज्ञ के लिए जुट जाना है। श्री मोदी ने कहा, आज मुझे वो प्रसंग भी याद आ रहा है जब बालक रूप में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा को अपने मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। वैसे ही इस महाकुंभ में भारतवासियों ने और विश्व ने भारत के सामर्थ्य के विराट स्वरूप के दर्शन किए हैं। हमें अब इसी आत्मविश्वास से एक निष्ठ होकर, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आगे बढ़ना है।ङ्क उन्होंने कहा, ॢभारत की ये एक ऐसी शक्ति है, जिसके बारे में भक्ति आंदोलन में हमारे संतों ने राष्ट्र के हर कोने में अलख जगाई थी। विवेकानंद हों या श्री अरबिंदो हों, हर किसी ने हमें इसके बारे में जागरूक किया था। इसकी अनुभूति गांधी जी ने भी आजादी के आंदोलन के समय की थी। आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को यदि हमने जाना होता, और इस शक्ति को 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की ओर मोड़ा होता, तो ये गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती! लेकिन हम तब ये नहीं कर पाए। अब मुझे संतोष है, खुशी है कि जनता जनार्दन की यही शक्ति, विकसित भारत के लिए एकजुट हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, वेद से विवेकानंद तक और उपनिषद से उपग्रह तक, भारत की महान परंपराओं ने इस राष्ट्र को गढ़ा है। मेरी कामना है, एक नागरिक के नाते, अनन्य भक्ति भाव से, अपने पूर्वजों का, हमारे ऋषियों-मुनियों का पुण्य स्मरण करते हुए, एकता के महाकुंभ से हम नई प्रेरणा लेते हुए, नए संकल्पों को साथ लेकर चलें! हम एकता के महामंत्र को जीवन मंत्र बनाएं, देश सेवा में ही देव सेवा, जीव सेवा में ही शिव सेवा के भाव से स्वयं को समर्पित करें!ङ्क उन्होंने कहा, जब मैं काशी चुनाव के लिए गया था, तो मेरे अंतरमन के भाव शब्दों में प्रकट हुए थे, और मैंने कहा था, मां गंगा ने मुझे बुलाया है।





रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के उपरांत रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 28.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 07383 | एसएसएस हुब्बल्लि जं. | 08:00 | वाराणसी जं. | 05:30 | धारवाड़, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुडची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 15:00 | अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूँसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूँसी जं. स्टेशन |
| 05149 | झूँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., बेलथरा रोड, लार रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05151 | झूँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., बेलथरा रोड, लार रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी जं., मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, इन्दारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 06008 | बनारस | 18:05 | तिरूवनंतपुरम उत्तर | 23:55 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., ओंगोल, नेल्लूर, गूडूर जं., पेरम्बूर, अरक्कोणम जं., काटपाडी जं., जोलारपेट्टै जं., सेलम जं., ईरोड जं., तिरुप्पूर, कोयम्बत्तूर जं., पालक्काड जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टयम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिक्करा, कायमकुलम जं., एवं कोल्लम जं. स्टेशन |
| 05285 | जयनगर | 23:50 | झूँसी जं. | 15:45 | मधुबनी, सकरी जं., दरभंगा जं., समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ़्फ़रपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन। |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# महाकुंभ में विश्व ने भारतीय संस्कृति की दिव्यता को देखा: केशव प्रसाद मौर्य

**सनातन की परंपराएँ वैज्ञानिक भी हैं और दिव्य भी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भनगर। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचे। बमरौली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद केशव प्रसाद मौर्य का भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इसके बाद वह अरैल घाट पर स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि तक चले दिव्य और भव्य महाकुंभ का सफल समापन यह प्रमाणित करता है कि भारतीय संस्कृति की जड़ें कितनी गहरी और सशक्त हैं। करोड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ आस्था की डुबकी लगाई, एक-दूसरे से कंधे से कंधा मिलाया, पर किसी महामारी का कोई नामोनिशान तक नहीं दिखा। भारत ने अध्यात्म और आस्था की शक्ति से यह सिद्ध किया कि सनातन की परंपराएँ वैज्ञानिक भी हैं और दिव्य भी। प्रयागराज का हर कोना भक्तिमय हो उठा। आगे लिखा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह महाकुंभ इतिहास के सबसे सुव्यवस्थित आयोजनों में से एक रहा। प्रशासनिक व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद रहीं, और विश्व ने भारत की संस्कृति की दिव्यता को देखा। मैं इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता के लिए पूज्य संतों, श्रद्धालुओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,प्रयागवासियों का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। लेकिन अफ़सोस की बात है कि कुछ लोग इस गौरवशाली आयोजन से भी तिलमिला उठे। जब करोड़ों लोगों ने आस्था के संगम में स्नान किया और कोई अव्यवस्था नहीं फैली, तब इन भारतीय संस्कृति के विरोधियों के नकाब उतर गए। जिन्होंने हिंदू आस्थाओं पर उंगलियाँ उठाईं, वे खुद बेनकाब हो गए और उनके झूठे प्रोपेगेंडा की पोल भी खुली। महाकुंभ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अद्वितीय पहचान है। इससे भयभीत वही लोग हैं जो भारत की जड़ों से कटे हुए हैं। परंतु सत्य की विजय शाश्वत नियम है, और यह महाकुंभ भी उसी सत्य का जीवंत प्रमाण बनकर इतिहास में दर्ज हो गया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पत्रकारों से कहा, मैं महाकुंभ में आए हुए सभी श्रद्धालुओं का हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

# रेलमंत्री वैष्णव पहुंचे प्रयागराज जंक्शन अधिकारियों का जताया आभार

**कहा-महाकुंभ से मिली सीख के आधार पर रेलवे मैनुअल में होंगे स्थायी सुधार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महाकुम्भनगर (प्रयागराज)। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव आज प्रयागराज जंक्शन पहुंचे। रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर महाकुम्भ के दौरान रेलवे की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संभव हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने बिहार और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों का भी आभार जताया। वैष्णव ने कहा इन दोनों के सहयोग से रेलवे ने बेहतर समन्वय स्थापित किया और श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा की सुविधा दी। रेलमंत्री ने बताया कि प्रारंभ में रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। इस दौरान लगभग 4.5 से 5 करोड़ श्रद्धालु सुरक्षित रूप से महाकुम्भ पहुंचे और संगम स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। रेलवे ने राज्य पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी और रेपिड एक्शन फोर्स के साथ मिलकर अभूतपूर्व समन्वय स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशानुसार, श्रद्धालुओं को केवल भीड़ न समझकर उनकी श्रद्धा और भक्ति को प्राथमिकता दी गई। इसी दृष्टिकोण से रेलवे ने कई नवाचार किए, जिनमें खुशरोबाग, झूंसी, नैनी, छिवकी, प्रयाग जंक्शन और प्रयागराज जंक्शन में बड़े होर्डिंग एरिया विकसित किए गए। इससे यात्रियों को सुगमता मिली और भीड़ नियंत्रण प्रभावी ढंग से किया गया।

## दिल्ली/बिहार/उत्तराखण्ड/पंजाब

# 126 नवनियुक्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में पंचायतीराज विभाग के अंतर्गत 126 नवनियुक्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में 20 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में रोजगार प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन आपके जीवन में एक नया अध्याय लेकर आया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नव चयनित अभ्यर्थी लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई ग्राम पंचायत के अभिन्न अंग बनकर गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करेंगे। राज्य के समग्र विकास के लिए गांवों का विकास जरूरी है। गांवों के विकास में एक ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस कानून में सजा और जुर्माने के कठोर प्राविधान किये गए हैं। जब मेहनती और ईमानदार व्यक्ति अपनी लगन और मेहनत के दम पर कोई पद प्राप्त करता है, तो वह आम लोगों की पीड़ा और समस्याओं को समझकर ईमानदारी से अपना काम करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से शहरों के साथ गाँवों के विकास पर भी प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। राज्य में सख्त भू-कानून के लिए विधानसभा में विधेयक पारित हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के निर्माण का सपना हमारे आन्दोलनकारियों ने इसलिए देखा था कि उत्तराखंड के अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति तक विकास पहुंचे। सभी उत्तराखण्डवासी मिल जुलकर राज्य को आगे बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने सभी उत्तराखंड वासियों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार के बहकावे में न आकर एक उत्तराखण्ड की भावना से मिलकर कार्य करें। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि चाहे वे कोई भी हों, मंत्री हों, विधायक हों, सांसद हों या कोई आम उत्तराखंडी ही क्यों न हों, उत्तराखंड की एकता के साथ खिलवाड़ करने वालों को सरकार बिल्कुल भी माफ नहीं करेगी। आज के बाद सभी प्रकार के भड़काऊ बयानों को गंभीरता से लिया जाएगा और उत्तराखंड की अस्मिता से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने सभी नवचयनित ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार की ओर से प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जनवरी 2025 में समान नागरिक संहिता लागू कर उत्तराखंड यह कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना है।

# बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से, तीन मार्च को पेश होगा बजट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानमंडल का बजट सत्र 28 फरवरी यानी शुक्रवार से शुरू हो रहा है। पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा और उसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट भी पेश होगी। एक और दो मार्च को शनिवार-रविवार होने की वजह से सदन की कार्यवाही नहीं होगी। 3 मार्च को बिहार सरकार 2025-26 वित्तीय वर्ष का बजट पेश करेगी। बजट सत्र में दो दिन राजकीय विधेयक के लिए भी समय रखा गया है।

पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान केंद्रीय सभागार में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संबोधित करेंगे। शोक प्रस्ताव के साथ पहले दिन की कार्यवाही समाप्त होगी। चार मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और चर्चा के बाद सरकार का जवाब होगा। 5 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा के बाद 6 मार्च को फिर बजट पर चर्चा होगी और फिर सरकार का उत्तर होगा। 6 मार्च को ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक बजट को सदन पटल पर रखा जाएगा। 7 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट के अनुदान पर चर्चा होगी और मतदान होगा। 8 मार्च और 9 मार्च शनिवार-रविवार होने के कारण कार्यवाही नहीं होगी। 10 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के तृतीय अनुपूरक बजट पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा। उसी दिन विनियोग विधेयक भी सरकार पेश करेगी। 11 मार्च से 13 मार्च तक वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट के अनुदान मांग पर चर्चा और मतदान होगा। 14 मार्च से 16 मार्च तक बैठकें नहीं होगी। इसमें होली की भी छुट्टी शामिल है। 17 मार्च से 21 मार्च तक वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और सरकार का उत्तर आयेगा। 22 और 23 मार्च को शनिवार-रविवार होने के कारण बैठक नहीं होगी। 24 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और सरकार का उत्तर आयेगा। 25 मार्च को राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य होंगे। 26 मार्च को गैर सरकारी सदस्यों के संकल्प पर चर्चा होगी। 27 मार्च को राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य किए जाएंगे। 28 मार्च को गैर सरकारी संकल्प पर चर्चा होगी। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दो कार्य दिवस होंगे। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा के लिए दो कार्य दिवस होंगे। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक बजट पर चर्चा और सरकार के उत्तर के लिए एक कार्य दिवस होगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के विभिन्न विभागों के अनुदान पर चर्चा और विनियोग विधेयक पर 10 कार्य दिवस होंगे। गैर सरकारी संकल्प पर चर्चा के लिए दो कार्य दिवस होंगे। राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य के लिए दो कार्य दिवस निर्धारित किया गया है।

# राजीव कुमार हत्याकांड मामले का मुख्य आरोपित रंजित मंडल गिरफ्तार

भागलपुर। जिले के नाथनगर थाना अंतर्गत राजीव कुमार हत्याकांड मामले के मुख्य आरोपित रंजीत मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को डीएसपी 2 राकेश कुमार ने दी। डीएसपी ने बताया कि बीते 11 फरवरी को तिलकामांझी थाना क्षेत्र के रहने वाले राजीव की हत्या शंकरपुर दियारा (नाथनगर) में कर दी गई थी। इस संबंध में नाथनगर थाना में मामला दर्ज किया गया था। 26 फरवरी को इस कांड का मुख्य आरोपी रंजीत मंडल को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि इस घटना में संलिप्त 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। गिरफ्तार व्यक्ति ने पूछ-ताछ में बताया कि राणा मंडल से मेरा विवाद था। हम दोनों के बीच विवाद में राजीव कुमार आया जो मुझे पसंद नहीं आया। इस कारण मैंने दबिया से राजीव कुमार के सिर पर वार कर दिया।

# बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा से पकड़े दो ड्रोन और हथियार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंडीगढ़। बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर सर्च अभियान चलाकर तीन अलग-अलग स्थानों से ड्रोन और हथियार बरामद किए गए हैं। बीएसएफ द्वारा यह आपरेशन बुधवार रात चलाया गया। बीएसएफ के अनुसार, अमृतसर के गांव बल्लड़वाल में सीमावर्ती क्षेत्र के खेतों से एक काले रंग का बैग बरामद किया गया। इसमें तुर्किये में बनी दो पिस्तौल, चार मैगजीन थी। बीएसएफ की अन्य टीम ने गांव खानवाल के खेतों से चीन निर्मित एक ड्रोन बरामद किया। सीमावर्ती गांव दाउके से भी एक ड्रोन बरामद किया गया। आशंका जताई जा रही है कि यह पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय सीमा में कुछ नशीले पदार्थ लेकर आए थे। उन्हें यहां सक्रिय तस्कर ले गए। इस बरामदगी के बाद बीएसएफ ने सीमावर्ती गांवों में सर्च आपरेशन शुरू किया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की गई है।

# बड़ी कंपनियों के नाम पर नकली शराब बनाने वाली फैक्टरी का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। रोहिणी के भारत विहार इलाके में बड़ी कंपनियों के नाम पर नकली शराब बनाने वाली फैक्टरी का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने फैक्टरी से धर्मेंद्र (50) को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस को महंगी बोतलों के नकली ढक्कन, स्टीकर, हरियाणा की शराब के अलावा क्यूआर-बार कोड, एक्साइड लोगो प्रिंट करने वाली डाई तथा मशीन बरामद हुई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपित के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच की नॉर्दन रेंज-2 टीम को बुधवार दोपहर रोहिणी के भारत विहार इलाके के एक मकान में महंगी शराब की बोतलों में नकली शराब भरे जाने की सूचना मिली थी। सूचना को पुख्ता कर टीम ने घर पर दबिश दे दी। घर में पुलिस को धर्मेंद्र मिला। पुलिस टीम ने उसे परिचय दिया और फिर घर की तलाशी ली गई। घर के अंदर जगह-जगह कार्टन रखे हुए थे। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह हरियाणा की शराब को महंगी शराब की कंपनी की जैसी दिखने वाली बोतल में भरता था। इसके बाद उस पर नकली स्टीकर, कोड लगा देता था। आखिर में वह उस पर फॉर सेल इन दिल्ली का ठप्पा भी लगा देता था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर पता लगा रही है कि वह किस-किस को यह शराब बेच रहा था, जिससे मामले में कई और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। पुलिस को वहां से 50 से भी ज्यादा नकली ढक्कन मिले हैं। पुलिस को उन शराब कंपनियों के नकली स्टीकर भी मिले हैं, जो हजारों की संख्या में थे। यही नहीं पुलिस को कुछ कार्टन में हरियाणा की शराब नहीं मिली।

# आआपा विधायकों ने किया विधानसभा के बाहर प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों ने आज विधानसभा परिसर में प्रवेश से रोकने के मामले को लेकर परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी और पार्टी के अन्य विधायक शामिल थे।

आतिशी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भाजपा वालों ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पार कर दीं। उन्होंने कहा कि 'जय भीम' के नारे लगाने पर तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों को सदन से निलंबित किया गया। आज आआपा विधायकों को विधान सभा परिसर में जाने नहीं दिया गया। आतिशी ने बताया कि दिल्ली विधानसभा में पुलिस अधिकारियों द्वारा सदन के बाहर ही पुलिस बैरिकेड लगाकर विपक्षी विधायकों को रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधान सभा के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ कि चुने हुए विधायकों को विधान सभा परिसर के अंदर जाने से रोका गया हो। उधर, आआपा के प्रदर्शन पर भाजपा सांसद कैलाश गहलोत ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि किसी विधायक को सदन से बाहर किया गया। 2015 से लेकर 2025 तक भाजपा के विधायकों को कई बार सदन से निष्कासित किया गया। ओम प्रकाश शर्मा को तो पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया था। भाजपा विधायक हरीश खुराना ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। इसलिए वह दिल्ली की जनता का ध्यान कैग के मुद्दे से भटकाने का प्रयास कर रही है। कैग की रिपोर्ट पटल पर आ चुकी है। पूरी दिल्ली की जनता का ध्यान आआपा के नेताओं पर है कि उन्होंने इतना बड़ा घोटाला कैसे किया। उल्लेखनीय है कि आआपा के 21 विधायकों को तीन दिनों के लिए सदन से निलंबित किया गया है।

# द्वादश ज्योर्तिलंगम दर्शन मेला-सह 89 वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का शुभारंभ

सहरसा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, शान्ति अनुभूति भवन के तत्वावधान में पटेल मैदान में द्वादश ज्योर्तिलंगम दर्शन मेला सह 89 वां जयंती महोत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन कर विधायक आलोक रंजन और अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित कर एमएलए डॉ आलोक रंजन ने कहा कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने यह बहुत ही सुंदर धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया है। जिससे सहरसा वासियों को एक ही छत के नीचे द्वादश ज्योर्तिलंगम दर्शन लाभ भी मिलेगा और परमात्मा शिव द्वारा प्रदत्त ज्ञान एवं राजयोग मेडिटेशन का भी लाभ मिलेगा। इसके लिए मैं स्नेहा बहन को बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। समस्तीपुर से पधारे कृष्ण भाई जी ने कहा-महाशिवरात्रि पर्व हमें संदेश दे रहा है यह कलियुग की रात अब जाने वाली है और सतयुग का सवेरा आने वाला है। यह समय कलियुग और सतयुग के मिलन का कल्याणकारी संगमयुग है। 89 वर्ष पूर्व निराकार ज्योति स्वरूप परमात्मा शिव प्रजापिता ब्रह्मा के तन में प्रविष्ट कर उनके मुख कमल से सत्य ज्ञान की गंगा बहाई। जिन आत्माओं ने यह ज्ञान श्रवण किया उन्हें परमात्मा के सत्य परिचय से उनकी प्राप्तियों का अनुभव होना शुरू हो गया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063